राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 176 • नई दिल्ली, मंगलवार 03 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 अनुपम को सुनने महापंचायत में उमड़ी भीड़...

# विधानसभा चुनावों में सीएम की जगह चलेगा पीएम मोदी का नाम



## चेहरे की बजाय कमल के निशान को बीजेपी ने बनाया चुनावी सिंबल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा विधान सभा चुनावों में सीएम की जगह पीएम मोदी के नाम को लेकर वोट मांगेगी, वहीं प्रदेशों में चुनावों के दौरान कमल के निशान को अपना चुनावी सिंबल बनाकर जनता से वोटिंग की अपील करनी होगी। इसके लिए कोई सीएम का चेहरा या उम्मीदवार घोषित नहीं होगा। गौरतलब है कि चार प्रमुख राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में अपना चुनाव अभियान जल्दी शुरू कर दिया है। अब तक एक बात साफ है कि भाजपा इनमें से किसी भी राज्य में कोई मुख्यमंत्री पद का चेहरा पेश नहीं कर रही है। चुनावी मंत्र 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के चुनाव चिह्न कमल के नेतृत्व में सामूहिक नेतृत्व' का है। पहली नजर में पार्टी के सबसे प्रमुख चेहरों में से तीन को प्रोजेक्ट नहीं करना एक साहसिक कदम लगता है। शिवराज सिंह चौहान चार बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। वह अभी भी 50 फीसदी से अधिक ओबीसी आबादी वाले राज्य में पार्टी का सबसे बड़ा ओबीसी चेहरा हैं। इसी तरह राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया ने अशोक गहलोत को हराकर बीजेपी को दो बार सत्ता में पहुंचाया है। रमन सिंह 2018 तक लगातार तीन बार छत्तीसगढ़ के सीएम के रूप में सत्ता में थे। इसके बावजूद भ्झी भाजपा ने आगामी चुनावों में इन राज्यों में नेतृत्व को लेकर कोई बड़ा कदम उठाने का फैसला नहीं किया है। इससे साफ है कि जब सीएम चेहरे की बात आती है तो बीजेपी अपने सभी अंडे एक टोकरी में नहीं रखना चाहती है। इसका एक कारण सत्ता विरोधी लहर या बीजेपी के स्थापित चेहरों के लिए वोटरों की उदासीनता है। गौरतलब है कि शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश में 17 साल से अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं। हालांकि पिछले चुनावों में कांग्रेस सत्ता में आई थी। इसके बाद चौहान ने 15 महीने के भीतर ही मुख्यमंत्री के रूप में वापसी की थी, जिसका श्रेय ज्योतिरादित्य सिंधिया के 'महल तख्तापलट' को जाता है। अब केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी राज्य की राजनीति में फिर से प्रवेश कर चुके हैं। उन्हें चौहान से वरिष्ठ माना जाता है।बहरहाल तोमर ने कहा है कि मध्य प्रदेश में बीजेपी का कोई सीएम चेहरा नहीं है। राजस्थान में पिछला चुनाव जनादेश अनिवार्य रूप से राजे के खिलाफ था। जब राज्य की सभी 25 लोकसभा सीटें भाजपा को देने से पहले नवंबर 2018 में लोगों ने उनकी सरकार के खिलाफ वोट दिया था। 'मोदी तुझसे वैर नहीं, रानी तेरी खैर नहीं' का नारा 2018 के राजस्थान चुनावों में खूब सुना गया था। तब से भाजपा ने राजस्थान में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राजसमंद सांसद दीया कुमारी के रूप में नई लीडरशिप को आगे बढ़ाया है। ये दोनों ही वसुंधरा राजे के विरोधी हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ में रमन सिंह ने लगातार तीन चुनाव जीते, लेकिन पिछले चुनाव में पार्टी को कांग्रेस के हाथों 10 फीसदी से अधिक वोटों के अंतर से चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### तमाड़ में कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई



**चंदन कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टर, रांची झारखंड**। आज दिनांक 2आक्टुबर 2023 को तमाड़ में कांग्रेसियों ने तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे के नेतृत्व में गांधी जी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर नीतीश पांडे ने कहा कि भारत को आजादी दिलाने में गांधी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।आज उनके जन्मदिन पर हम सबों को उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है।साथ ही कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।मौके पर राहुल सेठ, सोहित हजाम, विकास सेठ, सुमित हजाम,बसंत सेठ,रहीम हजाम,रूपलाल सेठ अमर हजाम,पियुष,हेमंत सेठ, जगबंधु सेठ बाऊल सेठ, प्रकाश मुण्डा सहीत युवा कांग्रेस के अनेक कार्यकत्ता उपस्थित थे।

### वांछित फाउंडेशन द्वारा धूमधाम से मनाया गया गणेश उत्सव



अलीपुर के श्री गणेश महोत्सव में आदिशक्ति गौ सेवा धाम के परम संस्थापक देवकी नंदन गौतम के साथ और भी अन्य महंत इस शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए। इसके साथ-साथ डॉ. एस.पी जून स्वास्थ्य विभाग संत परमानंद हॉस्पिटल दिल्ली , सुनीता मेहरोत्रा, वांछित फाउंडेशन की संस्थापक नीरज मान,बबली मान,सरोज नेगी,विजय भारद्वाज, मन्दिर के पुजारी, गणेश चतुर्थी शोभायात्रा में शामिल हुए और बड़ी धूमधाम के साथ इस मनाया गया गलियों से गणेश चतुर्थी की झांकियां निकाली गई लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया और शोभा यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया ||सभी का इस उपस्थिति के लिए धन्यवाद।

### बलहा, मुरीया,नैनाघाट, भालपट्टी, सहित कई पंचायत में नही लगा ग्राम सभा



**दरभंगा**। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर सभी पंचायत में ग्राम सभा लगाने का जिला अधिकारी के द्वारा आदेशित किया था। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 23 पंचायत है जिसमें आधा दर्जन पंचायत में ग्राम सभा का सिर्फ कोरम पूरा किया गया है। वहीं मुरीया ,नैनाघाट भालपट्टी,पंचायत में ग्राम सभा लगा ही नहीं। जबकि बलहा पंचायत में मुखिया और सिर्फ वार्ड सदस्य होने के कारण सभी वार्ड सदस्यों ने ग्राम सभा का बहिष्कार कर दिया। वहीं शीशो पूर्वी ,वासुदेव पुर पंचायत में भी सिर्फ कोरम पूरा किया गया है ना सही तरीका से वार्ड सदस्य को सूचना मिला ना ही पंचायत समिति सदस्य को दोनों पंचायत में स्थानीय समिति नहीं पहुंचे। जबकि शीशो पूर्वी, सोनकी,खुटवारा,रानीपुर, सारा मोहम्मद ,घोरघटा , बिजूली,धोई,कबीर चक में आम सभा का आयोजन किया गया है। वही इस मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सौरभ ने बताया कि जहां भी ग्राम सभा नहीं लगा है इसकी शिकायत जिला पंचायती राज पदाधिकारी को किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी को किया नमन, शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**





महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के राजघाट पहुंचकर गांधीजी को श्रद्धांजलि दी। एक्स पर भेजे एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी के वैश्विक प्रभाव के महत्व को रेखांकित करते हुए उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। एक्स पर उन्होंने लिखा गांधी जयंती के विशेष अवसर पर मैं महात्मा गांधी को नमन करता हूं, उनकी कालजयी शिक्षाएं हमारे मार्ग को रोशन करती रहती हैं। महात्मा गांधी का प्रभाव वैश्विक है, जो पूरी मानव जाति को एकता और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। हम हमेशा उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करते रहें। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि उनके विचार हर युवा को उस बदलाव का वाहक बनने में सक्षम बनाएं जिसका उन्होंने सपना देखा था, जिससे हर जगह एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिले। इसके साथ ही पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी उन्हें याद किया। पीएम ने ट्विट कर कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी जयंती पर स्मरण। उनकी सादगी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और जय जवान, जय किसान का प्रतिष्ठित आह्वान आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है। भारत की प्रगति के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और चुनौतीपूर्ण समय में उनका नेतृत्व अनुकरणीय है। हम सदैव सशक्त भारत के उनके दृष्टिकोण को साकार करने के लिए कार्य करते रहें। इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और दिल्ली के उपराज्यपाल एलजी सक्सेना ने भी गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कल, गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए देश के कल्याण के लिए समर्पित होकर उनके मूल्यों और शिक्षाओं का पालन करने की अपील की। 2 अक्टूबर, 1869 को गुजरात के पोरबंदर शहर में जन्मे, महात्मा गांधी या मोहनदास करमचंद गांधी ने अहिंसक प्रतिरोध अपनाया और औपनिवेशिक ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी थे, जिसके नेतृत्व में भारत ने वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त की। उन्हें प्यार से बापू के नाम से जाना जाता था, स्वराज और अहिंसा के मंत्र और उसके प्रयोग ने विश्व में उन्हें प्रतिष्ठा दी । इसलिए गांधी जयंती को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को गांधी जयंती के अवसर पर 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है। एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एक विशाल स्वच्छता अभियान है। यह पहल स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान की एक कड़ी है। देशभर के लोगों से स्वच्छता अभियान में शामिल होने का आह्वान करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अभियान को आगे बढ़ाना महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक पहल है।

## महात्मा गांधी की जयंती पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और नेता राहुल गांधी ने दी श्रद्धांजलि



**एजेंसी। नई दिल्ली**

महात्मा गांधी की जयंती पर सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी नेता राहुल गांधी राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। खड़गे ने श्रद्धांजलि देते हुए महात्मा गांधी के वचन को एक्स पर भेजते हुए लिखा आप मुझे बेड़ियों में जकड़ सकते हैं, यातना दे सकते हैं, आप इस शरीर को नष्ट भी कर सकते हैं, लेकिन आप मेरे विचारों को कैद नहीं कर सकतेः महात्मा गांधी। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि पूरे विश्व को सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रणेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार और आदर्श आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं। सत्य, अहिंसा, शांति और समानता जैसे उनके विचारों को आज चुनौती दी जा रही है, लेकिन हम बापू द्वारा सिखाए गए मूल्यों का पालन करके इससे लड़ रहे हैं। वहीं राहुल गांधी ने एक्स पर डाले पोस्ट में लिखा सत्य, अहिंसा और सद्भाव का मार्ग, भारत को एकजुट करने का मार्ग, महात्मा गांधी ने दिखाया था। बापू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। राहुल गांधी ने देश के लिए उनके योगदान को याद करते हुए महात्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए अपनी भारत जोड़ो यात्रा और बापू के जीवन से जुड़ा एक मिनट से अधिक का वीडियो जारी करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के पीछे का विचार महात्मा गांधी का था, जिन्होंने भारत को एकजुट करने का काम किया था। एक बहादुर आदमी, एक सरल आदमी, एक विनम्र, लेकिन एक ऐसा व्यक्ति, जो भविष्य में विश्वास करता था, जो भारत में विश्वास करता था। उन्होंने लिखा महात्मा गांधी ने अहिंसा का प्रचार किया और सत्य की खोज की। आधुनिक खुले विचारों वाले गांधीजी दूरदर्शी थे, उन्होंने पृथ्वी पर सबसे बड़ी ताकत का सामना किया, क्योंकि उन्होंने सत्य का पालन किया और वह विनम्र थे।

# नवादा में सम्मानित हुये दरभंगा के दस कवि




**नवादा**। राष्ट्रीय कवि संगम बिहार इकाई के द्वारा पंचम राज्य स्तरीय अधिवेशन सह कवि सम्मेलन 1 और 2 अक्टूबर को नवादा टाउन हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दरभंगा जिला इकाई से 12 कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय भावना से प्रेरित काव्य पाठ करने और दरभंगा का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे। इस राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के तथा बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से 200 से अधिक कवियो ने काव्य पाठ किया। दरभंगा से शामिल होने वाले कवि एवं गजलकार में राष्ट्रीय कवि संगम दरभंगा प्रमंडल प्रभारी सह प्रांतीय सचिव सुधीर कुमार सिंह, राष्ट्रीय कवि संगम दरभंगा जिला इकाई के सरक्षक एवं राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा के निदेशक डॉ मनोज कुमार, रा क सं दरभंगा जिला इकाई के अध्यक्ष प्रोफेसर ललित झा, मार्गदर्शक कवि विनोद कुमार हसोड़ा, महासचिव डॉ चन्द्र मोहन पोद्दार, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी रितु प्रज्ञा, सिंहवाड़ा प्रखंड प्रभारी, आनंद मिश्र, उदय शंकर चौधरी, नैना साहू, सौम्य कुमार विभु, डॉ प्रतिभा स्मृति एवम् ऋषि रोही है। सभी ने उत्कृष्ट काव्य पाठ किया और नवादा अधिवेशन में अंगवस्त्र, स्मारिका, बैग और मोमेंटो से सम्मानित हुए। कार्यक्रम में 'काव्यर्चन' नामक स्मारिका का विमोचन किया गया जिसमे राष्ट्रीय स्तर की कविता, गीत और गजल को स्थान दिया गया और इसमें दरभंगा के रचनाकारों की रचना भी शामिल है। नवादा के कार्यक्रम मे दरभंगा जिला इकाई के महासचिव *डॉ चन्द्र मोहन पोद्दार कृत सद्यः प्रकाशित कहानी संग्रह "मस्ती और मातम" का लोकार्पण श्री विकास वैभव बिहार सरकार के विशेष सचिव (गृह) और दरभंगा के पूर्व एसपी के हाथों किया गया। पहली बार राष्ट्रीय कवि संगम के मंच से उत्तर बिहार के किसी रचनाकार की रचना का दक्षिण बिहार में लोकार्पण किया गया। अगला प्रांतीय अधिवेशन 2024 मे मधुबनी जिला इकाई द्वारा आयोजित किया जाएगा जिसमें दरभंगा जिला इकाई भी सहयोगी की भूमिका में होगा।

## रांची के धुर्वा डैम में एनडीआरएफ टीम के द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**



**रांची-** रांची के धुर्वा डैम में एनडीआरएफ टीम के द्वारा टीम कमांडर इंस्पेक्टर राहुल कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया गया।स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य में अपने आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ व साफ़ रखने के लिए जागरूक करना हैं। आपदाओं में राहत बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ सदैव तत्पर रहती है और इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान देती है।। एनडीआरएफ टीम कमांडर इंस्पेक्टर राहुल कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है सभी नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत का निर्माण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अस्वच्छ भारत की तस्वीरें भारतीयों के लिए अक्सर शर्मिंदगी की वजह बन जाती है इसलिए स्वच्छ भारत के निर्माण एवं देश की छवि सुधारने का यह सही समय एवं अवसर है। यह अभियान न केवल नागरिकों को स्वच्छता संबंधी आदतें अपनाने बल्कि हमारे देश की छवि स्वच्छता के लिए तत्परता से काम कर रहे देश के रूप में बनाने में भी मदद करेगा।

### कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक 3 अक्टूबर को दिल्ली में, 100 उम्मीदवारों के नामों पर लग सकती है मुहर

**भोपाल**। मध्य प्रदेश की 79 विधानसभा सीटों पर भाजपा ने भले ही प्रदेश के तीन केंद्रीय मंत्रियों, सात सांसदों सहित तमाम दिग्गजों को चुनाव मैदान मैदान में उतार दिया है, लेकिन कांग्रेस इससे जरा भी बेचैन नहीं दिखाई दे रही है और न उम्मीदवारों के चयन को लेकर कोई जल्दबाजी दिखा रही है। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों पर मंथन के लिए कल 3 अक्टूबर को दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हो रही है। स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश चुनाव प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, पीसीसी चीफ कमलनाथ, कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी, अरुण यादव और अजय सिंह सहित स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में होने वाली इस बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर मंथन किया जाएगा। बैठक में 100 उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगने की संभावना है। जिसमें 60 वर्तमान विधायकों और 40 नए चेहरों को जगह दी जा सकती है।

**पर्यवेक्षण** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवम पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री तथा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर पर्यवेक्षण

# पर्यवेक्षण गृह मे गांधी व शास्त्री की मनाई गई जयंती

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवम पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री तथा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर पर्यवेक्षण गृह दरभंगा मे जयंती मनाई गई।कार्यक्रम के शुरुआत गांधी एवम शास्त्री के चित्र पर सुतांजली तथा पुष्पांजलि अर्पित कर सर्व धर्म प्रार्थना सभा से की गई । कार्यक्रम में उपस्थित बरिष्ठ गांधीवादी हृदय नारायण चौधरी ने चरखा से सूत काटकर सत्य व अहिंसा का पाठ पढ़ाते हुए कहा की चरखा सत्य अहिंसा व स्वाबलंबन का प्रतीक है, जिसके बल अंग्रेजो को हराया गया । किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य अजीत कुमार मिश्र ने बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि अहिंसा मनुष्य की सबसे बड़ी ताकत है। आज हमारे समाज, परिवार, राष्ट्र के साथ ही संपूर्ण दुनियां अंतर्कलह से जूझ रही है, ऐसे मे गांधी विचार को अपनाना होगा।गांधी विचार ही हमें शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। बोर्ड की सदस्या डॉ कुमारी गुंजन ने योग निद्रा के माध्यम से गांधी के विचारों मे योग व नेचुरोपैथ के महत्व को रेखांकित की। गांधीवादी भगवती प्रसाद झा ने कहा की गांधी के अनुसार अच्छे संगति से अच्छे मानव बन सकते हैं। विजन के निदेशक अजय किशोर ने कहा कि गांधी जी चाहते थे कि शिक्षा आर्थिक उपार्जन के लिए नहीं शिक्षा मानवता को जिंदा रखकर संस्कारवान बनाने के लिए होनी चाहिए। डॉ कुमारी भारती रंजन ने तथा पंकज चौधरी ने कविता के माध्यम से ग्राम स्वराज्य का अर्थ बताते हुए कहा कि एक बड़े समृद्ध परिवार में जन्मे गांधी ने एक धोती पहनकर पूरे दुनियां के समक्ष सत्याग्रह के बल लड़ाई जीती जा सकती है साबित कर दिए। कार्यक्रम के शुरुआत में आगत अतिथि स्वागत व संचालन वरिष्ठ परामर्शी राम शंकर झा एवम



धन्यवाद ज्ञापन अधीक्षिका डेजी कुमारी ने की। इस अवसर पर पी ओ बसंत ठाकुर,शोभानंद,दीपक , राजकुमार आदि भी मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### समाजसेवी संजय ने गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री की जयंती की दी बधाई



**अररिया।** एसडीएम ग्रुप के संस्थापक सह समाजसेवी संजय मिश्रा ने गांधी जयंती के मौके पर काली मंदिर मार्ग सहित महिला कॉलेज के सामने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।साथ ही उन्होंने गांधी जयंती सहित जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समर्पण व बलिदान को भी याद किया।उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा अभी के समय में बाहर की सफाई के साथ अंदर की सफाई जरूरी है।इसलिए बापू के जयंती के मौके बापू के बताए मार्ग पर चलने का सभी से अनुरोध किया।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए गए मार्ग पर चलकर ही हमारे राष्ट्र राज्य जिले गांव में रहने वाले जन का कल्याण संभव है।

### गांधी जी अहिंसा के पद पर चलकर हमारे देश को आजादी दिलवाई उन्होंने संपूर्ण संसार को दिया अहिंसा का संदेशः डा. पूनम यादव



**मधेपुरा।** मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के परागण में राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी का जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉक्टर पूनम यादव की अध्यक्षता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधि व उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉक्टर पूनम यादव ने गांधी जी के प्रतिमा पर पुष्प श्रद्धा सुमन अर्पित किया साथ ही महाविद्यालय के समस्त परिवार बड़ी-बड़ी करके नमन किया। इसी कड़ी में चर्चित रंगकर्मी श्री विकास कुमार के नेतृत्व में कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्लास्टिक भगाओ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के सराहना करते हुए डॉक्टर पूनम यादव ने कहा गांधी जी अहिंसा के पद पर चलकर हमारे देश को आजादी दिलवाई उन्होंने संपूर्ण संसार को अहिंसा का संदेश दिया। संस्थापक डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा स्वदेशी स्वच्छता सर्वोदय के सबसे बड़े पैरोकार महान चिंतक और अहिंसा के पुजारी को में शत-शत नमन करता हूं। वही कार्यक्रम में पदाधिकारी प्रोफेसर विजेंदर कुमार प्रोफेसर मोहम्मद शोएब आलम प्रोफेसर रत्नाकर भारती एवं कॉलेज कर्मी एवं महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं थे।

### गांधी जयंती के शुभ अवसर पर यू भी के कॉलेज कड़ामा में सात दिवसीय कार्यशाला का हुआ उद्घाटन



**पुरैनी।** निर्धारित समय के अनुसार ठीक 10 बजे पूर्वाह्न में यू भी के कॉलेज कड़ामा के प्रधानाचार्य डॉ. माधवेन्द्र झा ने राष्ट्रीय सेवा योजनाके तीनों इकाइयों द्वारा संचालित कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। मौके पर गांधी जी के गांधी दर्शन एवम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रथम चरण में सेमेस्टर फर्स्ट को सुलभ तथा छात्रोपयोगी सिद्ध करने हेतु अपने यशस्वी प्रयास किया। उन्होंने बताया कि आज की तिथि अपने आप में मायने रखता है। आज ही के दिन भारत के दो महान विभूतियों का जन्म हुआ जिसमें हम राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी के साथ स्वनाम धन्य लाल बहादुर शास्त्री जी को नही भुला सकते। आज का समृद्ध भारत उन्हे समर्पित है। बढ़ते क्रम में उन्होंने कहा कि हम सम्पूर्ण राष्ट्र को आज विश्व अहिंसा दिवस की भी बधाई देते हैं। आप सभी छात्र छात्रा यदि गांधी जी के सिद्धांत तथा दर्शन को आत्मसात करते हैं तथा महामना लाल बहादुर शास्त्री जी के विचार, ईमानदारी तथा कर्तव्यपरायंतसे अभिभूत होते हैं तो भारत का कण कण अपने विकास का गवाह बनेगा। अपने वक्तव्यों को स्मार्ट बोर्ड पर चित्रित कर गांधी जयंती समारोह को पूर्णतः जीवंत बनाने का हरसंभव प्रयास किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मिशन को भी गांधी जी से जोड़ते हुए कहा कि गांधी जी का ही देन बुनियादी शिक्षा रही है जो आज सरजमी पर मुखरित हो रही है। उपस्थित छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, प्रथम एवम द्वितीय सेमेस्टर के अंक प्रणाली, विषय चयन, स्किल इन्हांसमेंट कोर्सेज एम आई एल का चयन तथावैल्यू एडेड कोर्सेज की समग्र जानकारी दी गई जिससे छात्र छात्रा काफी उत्साहित दिख रहे हैं। कार्यक्रम में सभी विभागीय अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी गण, स्थानीय अभिभावक एवम सैकड़ों छात्र छात्रा उपस्थित हुवे तथा अपने विचार से गांधी जी के कृतित्व एवं व्यक्तिव की चर्चा की।

# गाँधी एवं शास्त्री के विचारों को करें आत्मसातः कुलपति



**मधेपुरा।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री दोनों ने अपने विचारों एवं कार्यों से विश्व मानस पटल पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ा है। हम दोनों के विचारों को आत्मसात करें और उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने की कोशिश करें, यही उन दोनों के प्रति हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। यह बात बीएनएमयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने कही। वे सोमवार को ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में आयोजित गाँधी-शास्त्री जयंती समारोह का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन 3/17 बिहार बटालियन एनसीसी, सहरसा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में किया गया। इसमें बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना द्वारा संचालित सेहत केंद्र का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

**सत्य एवं अहिंसा के प्रबल समर्थक थे गाँधीः** कुलपति ने कहा कि महात्मा गाँधी सत्य एवं अहिंसा के प्रबल समर्थक एवं सफल प्रयोगकर्ता थे। उन्होंने अपने जीवन में बचपन से लेकर जीवनपर्यंत कभी भी सत्य एवं अहिंसा का दामन नहीं छोड़ा। कुलपति ने कहा कि गाँधी ने सत्य एवं अहिंसा पर आधारित सत्याग्रह रूपी अस्त्र के माध्यम से राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव की मुहिम चलाई। उन्होंने देश-दुनिया को राजनीतिक स्वराज के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव एवं आर्थिक स्वावलंबन का भी रास्ता दिखाया। कुलपति ने कहा कि गाँधी ने दक्षिण अफ्रीका एवं भारत में कई सफल आंदोलन चलाए।इससे शोषित-पीड़ित लोगों में आशा एवं विश्वास का संचार किया। भारतीय राजनीति में गाँधी के प्रवेश के बाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आम लोगों की भागीदारी बढ़ी। उनके नेतृत्व में चलाए गए चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह एवं भारत छोड़ो आंदोलन ने देश की आजादी का मार्ग प्रशस्त किया।

**शास्त्री ने स्थापित किए उच्च मापदंडः** कुलपति ने कहा कि गाँधीवादी स्वतंत्रता सेनानी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी एवं दृढ़ता के प्रतीक थे। वे महज 16 वर्ष की उम्र में आजादी की लड़ाई में शामिल हुए और जीवनपर्यंत देश के स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित रहे। कुलपति ने बताया कि लालबहादुर शास्त्री ने राजनीति में त्याग, सेवा एवं नैतिकता के उच्च मापदंड स्थापित किया। उन्होंने भारत के रेल मंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में देश को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई और प्रधानमंत्री के रूप में भी अविस्मरणीय कार्य किया। उन्होंने बताया कि लालबहादुर शास्त्री सन् 1964 ई. में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने। उस समय देश में भीषण आकाल पड़ा था और हम खाद्यान्न संकट से जूझ रहे थे। दूसरी ओर पड़ोसी देश पाकिस्तान ने भी सन् 1965 में हम पर हमला कर दिया। ऐसे कठिन समय में लालबहादुर शास्त्री ने दूरदर्शिता एवं दृढ़ता से कार्य किया और देश को आंतरिक एवं बाह्य दोनों संकटों से सफलतापूर्वक बाहर निकाला।

**प्रेरणादायी है 'जय जवान जय किसान' का नारा :** कुलपति ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया है, जो आज भी हमारे लिए प्रेरणादायी है। इस नारे ने पूरे भारत में एक नया जोश भर दिया। वीर जवानों के पराक्रम ने देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की ओर कर्मठ किसानों के परिश्रम ने देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। आज भी देश को सुरक्षित रखने और इसे विकसित बनाने में हमारे जवान एवं किसान अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं।

**गाँधी ने दिया आदर्श को व्यावहारिक रूपः** मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह ने कहा कि गाँधी संपूर्ण भारतीयता के प्रतीक हैं उनका नाम लेते ही संपूर्ण भारत की छवि हमारे सामने आ जाती है। उन्होंने कहा कि सत्य एवं अहिंसा सदियों से भारतीय सभ्यता-संस्कृति का आदर्श रहा है। लेकिन गाँधी ने इस आदर्श को अपने जीवन में व्यावहारिक रूप दिया और इसे सामाजिक एवं राजनीतिक प्रयोग में भी सफल बनाया।

**गाँधी ने दिया है सत्याग्रह का संदेशः** उन्होंने कहा कि गाँधी ने हमें सत्याग्रह का संदेश दिया है। इसमें घृणा का मुकाबला प्रेम से, हिंसा का मुकाबला अहिंसा से और शरीरबल का मुकाबला आत्मबल से किया जाता है। जिसके पास आत्मबल होता है, वह कभी पराजित नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि कहा कि लाल बहादुर शास्त्री सही मायने में गाँधीवादी संत थे। उन्होंने गांधी की सच्चाई, सादगी एवं ईमानदारी को अपने जीवन में आत्मसात कर लिया था।

**महापुरुषों के विचारों से युवाओं का परिचय आवश्यकः** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि गाँधी एवं शास्त्री जैसे महापुरुषों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। युवा पीढ़ी को इन महापुरुषों के विचारों से परिचय कराना आवश्यक है।

**गाँधी एवं शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलिः** कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने गाँधी एवं शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि किया। विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संचालन उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर और धन्यवाद ज्ञापन गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डू कुमार ने किया। तकनीकी पक्ष दर्शनशास्त्र विभाग के

शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान एवं जंतु विज्ञान विभाग के शोधार्थी मनीष कुमार ने संभाला। कार्यक्रम के आयोजन में एसयूओ गौरव कुमार, शैलेन्द्र कुमार, नीतू कुमारी एवं अंकित कुमार ने सहयोग किया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी सारंग तनय, डॉ. दिलीप यादव, अमन, प्रिया, वाणी, खुशी, काजल, आनु, श्रुति, शिम्पी, गोलू, चुनचुन, पूजा, नीति राज, नीतीश, आनंद, आशीष, भगत यादव, विनोदनंदन ठाकुर, बिट्टू कुमार, चंद्र प्रकाश, राहुल, बृजनंदन कुमार, क्रेजी कुमार, धीरज, हरेराम कुमार, ज्योति मौर्य, आचार्य कुमार, प्रिंस ठाकुर, मनीष यादव, मुकेश यादव, मो. अब्दुल रहमान, मिथिलेश, मिट्ठू कुमार, प्रिंस राज, रामानुज, रवि, राज यादव, सतीश, सोनी, प्रिंस, आरजू, मोनू, बाबूल, आदित्य, अमित, सत्यम, राजू कुमार, अमरदीप कुमार, अमृत राज, रोहन कुमार, अभिनव कुमार, शिवम् कुमार, कृष्णनदेव कुमार, रमाकांत कुमार, राहुल कुमार, अभिनय कुमार, बाबू, निक्की भारती, विशाल, भुवन, कौशल, अंकेश कुमार, गणेश कुमार, संजीत, अभिषेक, मनोहरलाल साह, राजनंदन, राजीव, अभिनव, जय, बिट्टू, रामशंकर, विवेकानंद, केशव कुमार, दिलखुश, धीरज, सुनील कुमार, शिवशंकर, संतोष, रविशंकर सतीश आदि उपस्थित थे।

# विमेंस कॉलेज मधेपुरा में गांधी जी को एवं लाल बहादुर शास्त्री को किया गया याद



**मधेपुरा।** विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम वार्ड नंबर 2 मधेपुरा बिहार में प्रधानाचार्य डॉक्टर जूली ज्योति के निर्देशानुसार गांधी जयंती राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों के द्वारा आयोजन दीप प्रज्वलित पुष्पांजलि अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया गया इस अवसर पर गांधी जी को एवं लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया गया, सभा के संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री दोनों ही हमारे देश के सर्वमान्य नेता थे,उन्होंने कहा महात्मा गांधी ने अपने आसपास को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था! उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान का शुरूआत किया इसको सफल बनाने का कार्य हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की अपनी बात को आगे बढ़ते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि हम सब इस देश का नागरिक है हमारा कर्तव्य बनता है अपने देश को स्वच्छ रखें। एक स्वस्थ समाज ही स्वच्छ देश का निर्माण कर सकता है, तो इसके लिए सबसे पहले सफाई का कार्य अपने घर गली मोहल्ले से ही शुरुआत करना चाहिए हम बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा साथ ही स्वच्छ भारत का अभियान के तहत 15 दिनों से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा मै गोद लिए गए गांव के गली मोहल्ले को प्लास्टिक मुक्त एवं कचरा मुक्त करते हुए स्वयंसेवियों ने 1 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के तहत वायु शुद्धिकरण के लिए वृक्षारोपण का कार्य कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रूपा कुमारी प्रोफेसर रविंद्र कुमार के साथ किया एवं इसी के साथ 15 दिनों से चल रहे स्वच्छता अभियान का समापन 1 अक्टूबर को वृक्षारोपण के साथ किया गया प्रधानाचार्य ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य समग्र स्वच्छता सामुदायिक स्वच्छता का विकास और 5 वर्षों में भारत को खुले में सोच से मुक्त देश बनाना है मौके पर उपस्थित प्रोफेसर अनिल कुमार प्रोफेसर रविंद्र कुमार प्रोफेसर मंटू कुमार कालिंदी कोमल अन्नू कुमार पूनम कुमारी छात्राएं शाजिया प्रवीण मीरा कुमारी आरती कुमारी गीता कुमारी नीतू कुमारी कुमारी पायल नेहा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### अररिया पुलिस ने स्मैक के साथ 11लाख 80 हजार रूपए समेत तस्करों को लिया हिरासत में



**अररिया।** अररिया थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर स्मैक तस्करो के ठिकाने पर छापेमारी कर 03 तस्करों को कुल - 200 ग्राम स्मैक एवम स्मैक तस्करी के 11,80,000.00 (11लाख 80हजार रूपए) पहले ही बरामद+ किया गया था। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त- छोटू उर्फ सोहराब पिता - रुस्तम अंसारी, सा०- - राजोखर, थाना आर० एस० ओ० पी०, जिला - अररिया के अपराध स्वीकारोक्ति बयान एवम निशानदेही पर स्मैक तस्करी के कारोबार का 850000.00(8 लाख 50 हजार रूपए, कारोबार में प्रयुक्त - 16 विविध बैंको के पासबुक, 01 एटीएम कार्ड एवम 05 मोबाइल फोन पुनः बरामद किया गया है। कार्रवाई जारी है। वहीं एक अन्य मामले में अररिया थानाध्यक्ष महोदय को गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल का एक व्यक्ति स्मैक लेकर आ रहा है जो अररिया जीरो माइल में सप्लाई करेगा। प्राप्त सूचना पर अररिया थानाध्यक्ष महोदय द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम के साथ वांछित स्थान पर छापामारी किया गया था। जहां से एक व्यक्ति (1) मो० कोनैन आलम, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता- मो० शाहिद आलम, सा०- रजोखर, थाना - आर० एस० ओ० पी०, जिला अररिया को स्मैक के पैकेट (125 ग्राम) एवम - 280000.00(2 लाख 80 हजार रूपए) के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर सहयोगी (2) छोटू उर्फ सोहराब, उम्र करीब - 24 वर्ष, पिता – रुस्तम अंसारी (3) मिट्ठू उर्फ इमरान, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता - मो० अली दोनों सा० - राजोखर, थाना- आर० एस० ओ० पी०, जिला - अररिया जिनके पास से 75 ग्राम स्मैक एवम 900000.00 ( 9 लाख रुपया) बरामद किया गया है को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस अवैध कारोबार एवम गिरोह में शामिल अन्य तस्करों के बारे में छान • बिन की कार्रवाई की जा रही है।उपर्युक्त संबंध में अररिया थाना अंतर्गत कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बेल्ही पश्चिमी पंचायत में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर के बेल्ही पश्चिमी पंचायत के बल्डीहा में पंचायत के मुखिया अवध बिहारी उर्फ रामदास हजरा एवं सरपंच मोहम्मद जहाँगीर हाशमी के संयुक्त नेतृत्व में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित की गई।इस अभियान के तहत पंचायत के मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीणों ने हाथ मे झाड़ू लेकर बलडीहा चौक के आस पास के जगहों का साफ सफाई किया।वहीं इस दौरान लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने तथा दूसरों को प्रेरित करने की अपील की गई। इस अवसर पर मुखिया रामदास हजरा ने कहा आज महात्मा गांधी की जयंती है। गांधी जी स्वच्छता को अपनाने के साथ स्वच्छ भारत की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए और श्रमदान कर अपने आसपास को स्वच्छ बनाने में भागीदारी देनी चाहिए।इस दौरान सरपंच मोहम्मद जहाँगीर हाशमी ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ्य दिमाग की उपज होती है। वहीं मनुष्य का स्वास्थ्य ठीक रहता है। उन्होंने उपस्थित लोगो को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए उन्हें स्वस्थ रहने तथा अपने आसपास साफ सफाई करने का सुझाव दिया।इस मौके पर बेलही पश्चिमी पंचायत के मुखिया अवध बिहारी उर्फ रामदास हजरा एवं सरपंच मोहम्मद जहाँगीर हाशमी,उप मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद वकील,पूर्व मुखिया मोहम्मद आलम हाशमी,अब्दुल रहीम,नरेश मंडल,मोहम्मद अकबर,संतोष कुमार महतो,अनिता देवी,गीता देवी सहित अन्य मौजूद थें।

### ललित कुटीर में समारोहपूर्वक मनाया गया गांधी जयंती



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर ललित कुटीर स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस समर्थकों ने महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके विचारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उनके योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता।वे सदैव प्रासंगिक बने रहेंगे।इस मौके पर आयोजित सभा कि अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो तथा संचालन कार्यकारी अध्यक्ष नित्यानंद झा ने की।सभा में पूर्व प्रमुख व वरिष्ठ नेता चन्द्रमोहनसिह,जिला महासचिव शरणानंदझा, दिलिप सिंह, राकेश झा, धनुषलालमहतो,मो चांद, अजयझा, अरुण प्रधान, रविन्द्र पोद्दार,अयोधी पासवान, रामचन्द्र साह, मुकेशसिंह,अनुरंजन सिंह, महारूद्र झा, रामविलास राम, राजूराम, वरिष्ठ अधिवक्ता नन्द किशोर सिंह,प्रदीप पंजियार,इम्तियाज शेख,मो०अकबर,माकपा के अंचल मंत्री राणा प्रताप सिंह,मो दानिश,मो असलम,नेहाल शेख, उदयचंन्द्रझा,मो०फिरोज,पवन यादव,मो०जहांगीर समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया।

श्रद्धांजलि | गाँधी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# गाँधी हम सबों के लिए प्रेरणास्रोत हैंः कुलसचिव




**मधेपुरा।** गाँधी एक संस्था थे। उन्होंने मानव जीवन के जो प्रतिमान स्थापित किए हैं, वहां पर पहुंचना आसान नहीं है। लेकिन हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास अवश्य करना चाहिए। यह बात बीएनएमयू के कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने कहा कही। वे मुख्य परिसर में गाँधी प्रतिमा स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में किया गया। कुलसचिव ने कहा कि गाँधी हम सबों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. नरेश कुमार ने कहा कि गाँधी शत- प्रतिशत व्यावहारिक हैं। उनके विचारों को केंद्र में रखकर ही स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है और नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षण एवं रोजगारपरक शिक्षा को स्थान दिया गया है। विकास पदाधिकारी प्रो. ललन प्रसाद अद्रि ने कहा कि गाँधी पहले प्रासंगिक थे, आज प्रासंगिक हैं और आगे भी प्रासंगिक रहेंगे। पार्वती विज्ञान महाविद्यालय के डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि गाँधी सादा जीवन उच्च विचार के प्रतीक हैं। उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनएसएस समन्वयक डॉ. अभय कुमार ने कहा कि एनएसएस गाँधी के विचारों को करें में रखकर कार्य करता है। उप कुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि भारतीय सभ्यता-संस्कृति एवं दर्शन में शुरू से ही सत्य एवं अहिंसा का आदर्श प्रस्तुत किया गया है। गाँधी ने उन आदर्शों को अपने जीवन में व्यावहारिक रूप दिया। कुलपति के निजी सचिव शंभू नारायण यादव ने कहा कि गाँधी ने नशामुक्ति पर जोर दिया था। लेकिन आज युवा वर्ग नशा की गिरफ्त में है। इससे अपराध भी बढ़ रहा है। हमारी आने वाली पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इस अवसर पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के कृष्ण कुमार, उपकुलकचिव परीक्षा डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव,क्षराकेश कुमार, आनंद कुमार, सौरभ कुमार चौहान, अंकेश, योगेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# अगले सत्र से छात्र-छात्राओं के लिए पठन पाठन की मिलेगी सुविधाः कुलसचिव



**कुर्साकांटा ।** कलानंद नित्यानंद डिग्री कॉलेज बखरी कुर्साकांटा का सोमवार को 12वीं स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्णिया यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो.डा.घनश्याम राय, विशिष्ट अतिथि परशुराम परिषद संयोजक पंडित अजय झा एसडीएम ग्रुप के संस्थापक श्री संजय मिश्रा पंडित जटाधार झा उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने इस स्थापना दिवस के मौके पर डिग्री कॉलेज को जल्द से जल्द मान्यता मिलने की बात कही साथ ही अगले सत्र से छात्र-छात्राओं के लिए पठन पाठन की सुविधा उपलब्ध होने की कुलसचिव ने भी बात कही ।बताते चले कि 40 किलोमीटर पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है जिससे यहां के क्षेत्र के छात्र छात्राओं को अपनी पढ़ाई व शिक्षा प्राप्त करने के लिए शहरों की ओर रुख करना पड़ता है यदि इस कॉलेज को पूर्णियां विश्वविद्यालय एवम राज्य सरकार से संबंधन मिली तो आसपास के हजारों छात्र-छात्राओं को कहीं भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी उक्त बातें उपस्थित वक्ताओं ने बारी-बारी से कही।मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो.त्रिलोक नाथ झा ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर शॉल ओढाकर और बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय को पूर्व में बी एन एम यू मधेपुरा से संबंधन मिली थी। यू जी सी के मापदंड पर यहां सारी सुविधाएं महाविद्यालय को प्राप्त है। कई सत्रों के छात्र छात्राएं यहां से पास भी हुई है। ऐसे छात्र छात्राओं को सी एल सी भी दी गई है। पूर्णियां विश्वविद्यालय बनने पर उसी के अधीन कॉलेज आ गया है। विश्वविद्यालय एवम राज्य सरकार से मांगी गई सारी प्रपत्र एवम शुल्क जमा कर दिया गया है। निरीक्षण भी कई बार हो चुकी है।

## ख़ास ख़बर

### राष्ट्रीय स्वतन्त्रता सेनानी परिवार मंच द्वारा जनहित सेवा संघटन का किया गया गठन



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किसनपुर प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार मंच के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश उर्फ जोगी बाबा के अध्यक्षता में जनहित सेवा संगठन का गठन किया गया, जिसमे प्रदेश महासचिव वीरेंद्र प्रसाद यादव,जिला अध्यक्ष आशीष कुमार,जिला मंत्री देवकुमार यादव,जिला महिला अध्यक्ष कल्पना कुमारी,जिला सचिव शावित्री देवी को मनोनीत किया। जनहित सेवा संगठन का संस्थापक ओमप्रकाश उर्फ जोगी बाबा ने बताया की मैने इस संगठन का निर्माण किया और इस में जो भी पदाधिकारी गण का चुनाव किया गया है। उससे में विश्वाश करता हूं की ये सभी ईमानदारी से कार्य करेंगे और सभी जन के समस्या को सुनकर उसे निदान करने का प्रयास करेंगे। संगठन में वह शक्ति होती है जिसे तोड़ने वाले भी बौखला जाते है। हमलोग का मुख्य उद्देश्य भी जन कल्याण है। वही मौके पर रघुवीर राम,लक्ष्मी मंडल,प्रमिला देवी,गोदावरी देवी, देवसुनेर देवी, सगम मुखिया,कोमल देवी,सीता देवी,मधु देवी, सिवानी देवी,रूबी देवी,प्रिंसकुमार स्वर्णकार,संगीता देवी,रिंकी देवी, रामो देवी आदि लोग मौजूद थे।

### विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के शुभ अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल में किया पौधारोपण



**डॉ0 विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली नगर के अनुमंडलीय अस्पताल सहित विभिन्न संस्थान परिसर में सोमवार को पौधा रोपण किया गया। स्थानीय डॉक्टर विनीत शेखर ने बताया की वह अपने जन्मदिवस के मौके पर पौधा रोपण किया है और कहा की लोगो को हर शुभ अवसर पर पौधा रोपण करना चाहिए ताकि समाज का वातावरण संदृढ़ रह सके। मौके पर डॉक्टर शैलेंद्र यादव, कुंदन कुमार, जितेंद्र यादव, रौशन राय, संदीप कुमार, मुन्ना कुमार, संतोष कर्ण मौजूद थे।

### मजदूरी करने लुधियाना जा रहे व्यक्ति ट्रेन में अत्यधिक भीड़ रहने के कारण गिर ट्रेन में कटकर हुई मौत





**जितेंद्र कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज प्रखंड में परिवार के भरण - पोषण करने के लिए लुधियाना जा रहे व्यक्ति की रास्ते मे ट्रेन से गिरकर हुई मौत के बाद जैसे ही मजदूर का शव सोमवार को उनके घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया। हर कोई इस घटना से गमगीन है। मिली जानकारी के अनुसार जदिया थाना क्षेत्र के कोरियापट्टी पश्चिम पंचायत के खूंट वार्ड नंबर 6 निवासी अजेंन यादव अपने पुत्र गणेश कुमार और रमेश कुमार के साथ मजदूरी करने के लिए लुधियाना जा रहे थे। इसी क्रम में उत्तराखंड के हरिद्वार लक्सर जंक्शन के समीप ट्रेन में अत्यधिक भीड़ रहने के कारण अजेंन यादव ट्रेन से फिसल कर नीचे गिर गया और ट्रेन में कटकर उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। परिजनों ने बताया कि 29 सितंबर को मजदूरी करने के लिए दोनों पुत्र के साथ लुधियाना के लिए निकला था। 30 सितंबर की सुबह नौ बजे घटना हुई। जहाँ पुलिस के द्वारा के पोस्टमार्टम कराकर शव को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जिसका शव सोमवार को घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक को दो पुत्र गणेश कुमार और रमेश कुमार जबकि पुत्री गायत्री कुमारी है। मृतक की पत्नी मधु देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के लोग परिजनों को ढांढस बंधाने में जुटे हुए है।

गूंजा 'पंच अभिशाप मिटाना है नया कोसी बनाना है' का नारा

# अनुपम को सुनने महापंचायत में उमड़ी भीड़






**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में राष्ट्रीय युवा नेता अनुपम के नेतृत्व में सुपौल के गांधी मैदान में आज जनसैलाब उमड़ गया। सुपौल सहरसा और मधेपुरा जिले से भारी संख्या में लोग अनुपम को सुनने आए। रात भर हुई बारिश के बावजूद सुबह सुबह पूरा शहर नारों की गूंज से चमक उठा। हर तरफ अनुपम और उनके महापंचायत की चर्चा होती रही। गाँधी मैदान में कुर्सियां कम पड़ गयीं। लोगों ने कहा कि आज तक सुपौल के गाँधी मैदान में इतनी बड़ी रैली उन्होंने नहीं देखा। अनुपम के आह्वान पर देश भर से कई जाने माने लोग भी सुपौल पहुंचे। महापंचायत के लिए मशहूर अधिवक्ता प्रशांत भूषण, पूर्व आईबी डायरेक्टर यशोवर्धन आजाद, जेपी सेनानी दिनेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता बीरेंद्र जालान, विधिक संघ सुपौल के पूर्व अध्यक्ष सुधीर झा, आरटीआई कार्यकर्ता अनिल सिंह सहित कोसी क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग सुपौल पहुंचे। आपको बता दें कि 'युवा हल्ला बोल' के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम पिछले कुछ महीनों से कोसी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आम जनता से लगातार संवाद कर रहे हैं। महापंचायत में बढ़ता नशा, भीषण बेरोजगारी, बदतर शिक्षा स्वास्थ्य, भूमि विवाद और बाढ़ की आपदा को क्षेत्र के पाँच अभिशापों के तौर पर चिन्हित किया गया। अनुपम ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे छोटे छोटे बच्चे नशाखोरी के शिकार हो गए हैं। वो तरह तरह का नशा करने लगे हैं। बेरोजगारी का आलम यह है कि कोसी क्षेत्र को पूरे देश में हेय दृष्टि कोण से देखा जाता है। बांकी देश कोसी क्षेत्र जो लेबर सप्लायर जोन की तरह देखता है। शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति ऐसी है कि कोई भी अपने बच्चे को बिहार में रहने देना नहीं चाहता है। अनुपम ने आगे कहा कि इस महापंचायत का स्पष्ट उद्देश्य है सत्ता के नजर में आम व्यक्ति की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करना, कोसी की खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस करना। आज समाज को बचाने और बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने के लिए कोसी क्षेत्र में आज एक जनांदोलन की ज़रूरत है। आज की कोसी महापंचायत सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम भर नहीं बल्कि एक बड़े जनांदोलन की शुरुआत है। एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत है जो कोसी ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश और फिर देश की तस्वीर बदलने की क्षमता रखता है 1 अनुपम ने कहा कि आज हमारा समाज जिस जगह पर पहुंचा है उसके लिए हम सब जिम्मेदार हैं। अब जरूरत आ पड़ी है कि हम इस अपनी जिम्मेदारी समझें और समाज को इस पंच अभिशाप से मुक्ति दिलाएं। अनुपम के संवाद की शैली से लोग काफी प्रभावित दिखे।यह देखना दिलचस्प था कि लोग संवाद में सक्रिय हिस्सेदारी ले रहे थे। भाषण के दौरान कई बार जोरदार नारेबाजी हुई। जाने माने वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि इस आंदोलन को महात्मा गांधी से प्रेरणा लेते हुए अहिंसात्मक रखना है। उन्हीने कहा कि बिना आम आदमी को मजबूत किए समाज और देश को मजबूत नहीं किया जा सकता है। आज देश में शक्तियों को एक जगह पर केंद्रित करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। हमें पंचायतों को मजबूत करना होगा। यह आंदोलन पंचायत को मजबूत करने में काफी सहायक सिद्ध होगा। सभा को संबोधित करते हुए आईबी के पूर्व डायरेक्टर ने अनुपम के नेतृत्व क्षमता की सराहना की और कहा कि युवा हल्ला बोल के साथी इस देश में सकारात्मक आंदोलन खड़ा करने को क्षमता रखते हैं। उन्होंने कोसी क्षेत्र के लोगों से कहा कि वो अपने मुद्दे के लिए खड़े हों और अपने नेताओं से उचित सवाल पूछें। जेपी सेनानी दिनेश कुमार ने काफी आक्रामक लहजे में पूछा कि आखिर कोसी क्षेत्र में नए उद्योग क्यों नहीं लगाया जा रहा है? जब यहां जूट, मखाना उगाया जाता है तो उससे संबंधित उद्योग क्यों नहीं लगाया जा सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर झा ने स्थानीय भाषा में सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए लोगों से अपील किया कि अनुपम का साथ देना आज समाज का दायित्व होना चाहिए। आंदोलन को मजबूत करें। उन्होंने अनुपम और युवा हल्ला बोल के पदाधिकारियों की सराहना भी की।

## प्रखंड के सरकारी-गैर सरकारी संस्थान में पुष्प अर्पित कर मनाया गया गांधी जयंती



**संजीब यादव/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में राघोपुर प्रखंड के बिभिन्न, सरकारी, गैर सरकारी स्कूल, कालेज एवं संस्थाओं में सोमवार को राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी के तैलिय चित्र पर पुष्प व माला अर्पित कर शिक्षक, छात्र, व कार्यालय कर्मी ने बापू को श्रद्धांजलि दिया। इसी कड़ी में प्रखंड के नया बाजार स्थित डॉ राजेंद्र पब्लिक स्कूल में बापू के जन्मदिन पर एक भव्य समारोह का आयोजन कर स्कूली बच्चों ने गाँधी जी के तीन बन्दर वाली तीन सूत्र, बुरा सुनो मत, बुरा देखो मत, बुरा बोलो मत का संदेश देकर गाँधी जयंती को मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने गाँधी जी के जीवन व उनके बिचार पर भाषण, क़्यूज, प्रतियोगिता में भी भाग लिया। वहीं बिभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभावन बच्चों को पुरुष्कार वितरण के पश्चात् कार्यक्रम को सम्बोधित करते विद्यालय प्राचार्य राजेश आर्या ने कहा की उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय प्राईभेट स्कूल के सेवा में दिया है, विगत पांच वर्षो से लगातार इस विद्यालय में सेवा देकर हमने महात्मा गाँधी, स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों के पद चिंन्हो पर खुद व अपने बच्चों को चलाने का प्रयत्न किया है।जिसका साकार नतीजा भी देखने को मिला है। वहीं विद्यालय निदेशक रोशन कुमार रसिक ने कहा की भूमंडलीकरण के इस बदलते दौर में शिक्षा तनावपूर्ण होते देखा जा रहा है,बच्चों की बचपना कितावी बस्ते के बोझ तले दवा दिया गया है।आज जरूरत है सृजनात्मक तरीकों से बच्चों को परिवर्तन का अग्रदूत बनाने की । इसके लिए हम आधुनिक तकनीकी के साथ साथ महापुरुषों को आदर्श मानकर एवं उच्च कोटि के विषय विशेषज्ञों के समन्वय स्थापित कर बच्चों के बौद्धिक शारीरिक एवं नैतिक विकास के पथ पर ले जाने के लिए अग्रसर है। क्योंकी बदलते दौर में जीवन कौशल का महत्व किताबी ज्ञान से अधिक है। आज विश्व को मानवीय मूल्यों को महत्व देने वाले एक वैश्वीक जिम्मेदार नागरिक की जरूरत है ।मोके पर विद्यालय निदेशक रोशन कुमार रसिक, शिक्षक नूतन कुमारी, प्रीति कुमारी, सुमन कुमारी, कबिता कुमारी, पिंकी कुमारी, हर्षिता कुमारी, सुनीता कुमारी, सुजीत कुमार, कुमार भास्कर, मनोज कुमार आदि शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## धूम धाम से मनाया गया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती





**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल।** जिले में पिपरा प्रखंड अंतर्गत डीएस स्कूल पिपरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के जयंती बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधालय के निदेशक एम वली ने केक काटकर इन दोनो महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुस्प अर्पित किया गया।इस दौरान विद्यालय निदेशक ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने स्वतंत्रता संग्राम को जन आंदोलन का स्वरूप देकर सत्याग्रह के रास्ते ब्रिटिश साम्राज्य का भारत से पाँव उखाड़ देने वाले,सत्य और अहिंसा के सबसे बड़े उपासक, अपने जीवन से संयम, सादगी और आत्मनियंत्रण का समस्त मानवजाति को संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारतीय राजनीति में सादगी और ईमानदारी की सबसे बड़ी मिसाल, भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी आप दोनो महान नेताओं के जयंती पर कोटि कोटि नमन करते हैं। मौके पर बिधायलय के प्रचार्ज लाडली अनवर, प्रबंधक चेतन वर्मा,ओमप्रकाश कुमार,प्रभात झा,मुन्ना कुमार,संजीव गुप्ता,मंटू कुमार,सुरेश झा,आसिफ खान,बीरेंद्र कुमार, सैफ अली,मिथलेश ठाकुर,सुमन झा सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे ।

### एक शराब कारोबारी व दो आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल





**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर 23 बोतल शराब के साथ एक कारोबारी व विभिन्न काण्डों में फरार चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पिपरा पुलिस को शराब कारोबारी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई है। जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दीनापट्टी पंचायत के लिटियाही वार्ड नंबर 17 निवासी सूपन यादव के घर में शराब की खेप है। सूचना मिलते ही रविवार को करीब 12 बजे पुलिस गश्ति गाड़ी भेजी गई जो सूपन यादव के घर से 23 बोतल देशी सोफिया शराब की बोतल बरामद कर सूपन यादव को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत केस 309/23 दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में सुपौल भेज दिया। वहीं फरार चल रहे दो आरोपी युवक मोहम्मद असलमा को पिपरा वार्ड नंबर 7 से और सदर थाना क्षेत्र के बेरिया निवासी असिफूर रहमान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### धूमधाम से मना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती



**डॉ0 विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती अनुमंडल क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान नगर के मेन रोड स्थित महात्मा गांधी जी के स्मारक पर नगर के गणमान्य नागरिकों ने माला अर्पण कर स्वच्छता को लेकर शपथ लिया। वहीं प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर सरकारी व गैरसरकारी विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इससे पूर्व स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने गांधीजी एवं शास्त्रीजी के तैल्या चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं नगर के सरकारी व गैरसरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गांधी जयंती के मौके पर स्वच्छता अभियान चलाया। सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर महात्मा गांधी चित्र पर विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने प्रतिमा पर फूल का माला पहना कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उसके बाद छात्र छात्राओं ने शहर के मुख्य सड़क पर सफाई अभियान चलाते हुए भगत सिंह चौक, सुभाष चौक, थाना चौक होते हुए विद्यालय परिसर पहुंचा। विद्यालय परिसर में बच्चों ने शपथ लेते हुए कहा कि प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे एवं पर्यावरण को बचाएंगे। प्रधानाचार्य प्रमोद विश्वास मुकेश कुमार पासवान, रेणु कुमारी, ने कहा कि महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी थे। वहीं उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्ष लगाने की अपील की। इस मौके पर शिक्षक विजय कुमार, अखिलेश कुमार, फूल कुमार, बबली कुमारी, प्रमोद कुमार, चंदन कुमार, शिक्षक संदीप कुमार, विशाल कुमार, बासुकी झा, सत्येंद्र कुमार, विकास कुमार, अरविंद कुमार, बेबी सिंह, सादिया खातून सहित अन्य मौजूद थे।

### राजद कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा,सुपौल।** जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजद कार्यालय पिपरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के जयंती कार्यक्रम प्रखंड राजद अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद साहू के अध्यक्षता में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने स्वतंत्रता संग्राम को जन आंदोलन का स्वरूप देकर सत्याग्रह के रास्ते ब्रिटिश साम्राज्य का भारत से पाँव उखाड़ देने वाले,सत्य और अहिंसा के सबसे बड़े उपासक, अपने जीवन से संयम, सादगी और आत्मनियंत्रण का समस्त मानवजाति को संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारतीय राजनीति में सादगी और ईमानदारी की सबसे बड़ी मिसाल, भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी आप दोनो महान नेताओं के जयंती पर कोटि कोटि नमन करते हैं । मौके पर प्रखंड राजद अध्यक्ष श्री राजेंद्र साहू , युवा राजद जिलाध्यक्ष अनोज कुमार आर्य उर्फ लव यादव , शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संत राम, प्रदेश महासचिव प्रभाकर प्रसाद , छात्र राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव विकाश विमल ,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप यादव , युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव , साजन कुमार यादव, किशोर सिंह , तरुण प्रताप , संजीव चौधरी , लालबहादुर साह , विजय यादव , विवेक कुमार यादव , अनिल कुमार मेहता , राजनीति प्रसाद चंद्रवंशी, ई० रणधीर मंडल , सुरेंद्र शर्मा , लेखनारायन पोद्दार , वीरेंद्र राम , रामकृष्ण शर्मा , ललन कुमार , उमेश यादव , शशि कुमार सुमन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे ।

जयंती | बापू अपने ओर से कभी अपने को महात्मा होने का दावा नहीं किया

# प्रखंड के ज्ञान कुंज एकेडमी में महात्मा गांधी पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया जयंती




**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड स्थित आवासीय ज्ञान कुंज एकेडमी में एकेडमी के संचालक पप्पू कुमार जयसवाल, अरुण कुमार जयसवाल, शिक्षक व बच्चों के द्वारा महात्मा गांधी एवं लाहलबहादुर शास्त्री के स्वरूप पर माल्या अर्पण के बाद पुष्प अर्पित किया। जहां पप्पू कुमार जयसवाल ने मौजूद बच्चों से कहा कि गांधी जी की 154वीं जयंती के अवसर पर में उनकी सीख के बारे में चिंतन करता हूं, तो यह पाता चलता है कि उनकी यह शिक्षा हमें सशक्त बनाने के साथ विनम्र भी बनाती है। बापू अपने ओर से कभी अपने को महात्मा होने का दावा नहीं किया। सच तो यह है कि वह अपनी दुर्बलताओं को दुनिया के सामने उजागर करने के लिए तत्पर रहते थे। फिर भी उन्हें माननीय क्षमता के उच्चतम शिखर तक पहुंचने का सर्वोत्तम उदाहरण माना जाता है। हम सबको उनकी उपलब्धियां अलौकिक सी लगती हैं। अल्बर्ट आइंस्टीन ने बापू के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए जो कहा था। वह सर्वथा सत्य है। आने वाले पीढ़ियों के लिए सचमुच यह विश्वास करना कठिन होगा की उन्मुक्त मुस्कान वाले एक कृशकाय वृद्ध ने बिना किसी अस्त्र - शस्त्र के आजादी की लड़ाई में विजय का मार्ग प्रशस्त किया । वही एकेडमी के संचालक अरुण कुमार जायसवाल ने गांधी जयंती और शास्त्री जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहां की देश के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री अपनी अपृतिम सादगी, नैतिकता और इमानदारी के लिए जाने जाते थे । शास्त्री जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सार्वजनिक जीवन मूल्यों को राजनीति की दूसरी पीढ़ी तक अंतरित किया। उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा देते हुए कहा कि किसान हमारी अन्नदाता है और जवान भारत मां की रक्षा करता है। इस मौके पर कुमार विकाश, रंजीत कुमार सानू , तरुण झा, मिलन कुमार, पारस दास, अजित कुमार, गगन झा, दयाकान्त झा, मिलन कुमार, जहीदा मैडम, बीबी तमन्ना , काजल, कृष्णा कुमार, जूली कुमारी, संबोध झा , शिक्षकों ने गांधी जयंती व शास्त्री जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिया।

# नगर के चिल्ड्रेन पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर श्रद्धापूर्वक किया माल्यार्पण



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में आज 2 अक्टूबर 2023 गांधी जयंती के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा सुपौल के द्वारा जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा के नेतृत्व में सुपौल जिला मुख्यालय स्थित चिल्ड्रेन पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य नागेंद्र नारायण ठाकुर जी ने कहा कि पूज्य बापू की जयंती पर मैं उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के आदर्श ने दुनिया के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया गांधी जी ने न केवल जीवन भर अहिंसा के लिए लड़ाई लड़ी बल्कि उन्होंने स्वच्छता महिला सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता और किसानो के अधिकारों का भी मुद्दा उठाया और संघर्ष किया उनके विचार और आदर्श देशवासियों को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह अररिया जिला प्रभारी डॉक्टर विजय शंकर चौधरी ने कहा कि बापू ने हमें सत्य और अहिंसा की पथ पर चलना सिखाया प्रेम करुणा सद्भाव और मानवता का अर्थ समझाया उन्होंने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी महात्मा गांधी के बताएं रास्ते पर चलकर देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। भाजपा नेता सह नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव जी ने कहा कि सत्य और अहिंसा के सिद्धांत बापू की सबसे बड़ी ताकत थी उन्होंने कहा कि गांधी जयंती के शुभ अवसर पर आइए हम देश के कल्याण के लिए खुद को समर्पित करने के लिए अपने विचारों भाषण और कार्यों में उनके मूल्यों और शिक्षाओं का पालन करने का संकल्प ले। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता रणधीर ठाकुर, पूर्व जिला महामंत्री सुरेश सुमन यादव जिला मंत्री सुमन झा महेश देव मीडिया प्रभारी अशोक सम्राट शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरुण जयसवाल युवा मोर्चा के जिला महामंत्री दीपक दुबे विशाल कुमार मिश्रा मिथिलेश यादव मनोज चौधरी अमर कुमार मंडल मनीष कुमार शिव कुमार मुखिया कन्हैया सिंह मनीष कुमार सिंह उपेंद्र सिंह विकास कुशवाहा बंटी कुमार शिवा कुमार संजय कुमार विनोद पासवान उपस्थित थे ।

## ख़ास ख़बर

### पांच कंपनियों को मिली पांच वर्षों तक बालू खनन करने की अनुमति

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। सोन नदी के बालू घाटों पर खनन के लिए एक वर्ष पूर्व निकाली गई निविदा में सफल कंपनियों को 15 अक्टूबर से खनन के लिए अनुमति मिलने की प्रक्रिया जारी है। इसमें से पांच कंपनियों को खनन विभाग ने अनुमति दे दी है। बाकी के बालू घाटों की निविदा में शामिल कंपनियों को भी 15 अक्टूबर से पहले अनुमति मिल जाने की संभावना है। जिला खनन पदाधिकारी अनिल कुमार की मानें तो अगले पांच वर्षों के लिए सोन नदी के बालू घाटों में खनन की जो अनुमति मिली है। उसके लिए विभाग ने कुछ नई शर्तों को संवेदकों के सामने रखा है। जिसे वे पूरा नहीं करेंगे तो उनकी निविदा रद्द भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले खनन से पहले सभी कंपनियां शर्तों को पूरा करने के बाद अपने घाटों का स्वामित्व प्राप्त कर लेंगी। जिसकी प्रक्रिया जारी है। फिलहाल ब्लॉक टू के अतिमिगंज, ब्लॉक चार के अमियावर, ब्लॉक छह के सबदला, ब्लॉक 10 और ब्लॉक 15 पर बालू खनन करने की अनुमति दी जा चुकी है। अनुमति के लिए लागू की गई शर्तें पहले से बालू खनन के लिए पर्यावरण और जलीय जीव से संबंधित शर्तों के अलावे इन संवेदकों के सामने अवैध खनन और ओवर लोड रोकने के लिए कुछ नए शर्तों को रखा गया है। जिसे पूरा करने के लिए उन संवेदकों ने अपने शपथ पत्र भी विभाग को दिए हैं। घाटों पर सीसीटीवी कैमरे, धर्मकांटा लगाने सहित अवैध खनन पर निगरनी के लिए अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग होगा। जिसे निविदा लेने वाली कंपनियां अपने -अपने घाटों पर लगाएंगी। प्रत्येक घाट से निकलने वाली गाड़ियों के फिटनेश और प्रदूषण के अलावे भार क्षमता के प्रमाण पत्र होंगे। यह शर्तें पूरा नहीं करने पर निविदा रद्द करने की अनुशंसा भी की जा सकती है।

### स्वतंत्रता सेनानी व भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री "भारत रत्न" लाल बहादुर शास्त्री का जयंती मनाया गया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)**। नगर के बड़ी बाजार रोड स्थित शिक्षा विकास मंच के कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी व भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री "भारत रत्न" लाल बहादुर शास्त्री का जयंती अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनके विचारों व आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उनके ही कुशल नेतृत्व में भारत ने 1965 के युद्ध में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी और लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री होते हुए "जय जवान, जय किसान" का नारा देकर दुश्मन देश के दांत खट्टे किए थे। उन्होंने देश की एकता एवं अखंडता को मजबूती दी। मौके पर उपाध्यक्ष बबन कुमार सिंह, लुकेश्वर कुमार प्रिय, अमित चंद्रवंशी, नितेश कुमार, पिंटू राज, बंटी राज, गोलू कुमार, आशुतोष कुमार, अमन कुमार, प्रिंस कुमार, वरुण देव आदि मौजूद थे।

### जयंति पर याद किये गये गांधी जी व लालबहादुर शास्त्री



**दावथ (रोहतास)**। प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों सहित राजनितिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंति पर श्रद्धापूर्वक याद किया।वहीं पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंति मनायी गयी।.विभिन्न सरकारी स्कूलों में दोनो महान विभूतियों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया।शिक्षकों ने छात्रों को राष्ट्रपिता व शास्त्री जी के व्यक्तित्व व उनके द्वारा किये गये कार्यों,स्वाधिनता संग्राम में अहिंसक आन्दोलन कर देश को आजादी दिलाने के विषय में विस्तार से बताया,तथा गांधी जी के आदर्शों पर चल कर देश व समाज के लिए काम करने पर चर्चा कर छात्रों को प्रेरित करने का प्रयास किया।

### नये जिला पदाधिकारी ने लिया योगदान



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला समाहरणालय में नये जिला पदाधिकारी नवीन कुमार आईएएस 2011 बैच ने योगदान लिया। उन्होंने योगदान लेने के बाद उपस्थित सभी प्रशासन के अधिकारियों से परिचय लेने के बाद कोचस, चेनारी एवं तिलौथू के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन के क्रम में उन्होंने ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को गांव स्तर तक सभी गरीब को समुचित लाभ दिलाया जाए।सब महत्वपूर्ण योजनाएं को यथाशीघ्र उचित लोगों तक पहुंचाया जायेगा। कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में जो भी परेशानी हैं। उनके बारे में बताया जाए उनकी जनसमस्याओं को दुर कर सौ प्रतिशत कार्य पुरी की जायेगी। रोहतास जिला में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।जिसे बढ़ावा दिया जाएगा। पर्यटन हब के रूप में रोहतास को विकसित किया जाएगा।सब जनप्रतिनिधियों से उनकी जनसमस्याओं को सुनते हुए उन पर अमल कर कार्यों का त्वरित गति से निष्पादन किया जायेगा।सब अधिकारियों की समस्या को सुन उनका निष्पादन किया जायेगा।

# हिमांशु क्लिनिक द्वारा निःशुल्क जाँच शिविर का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज(रोहतास)**। प्रखण्ड क्षेत्र के चारगोड़िया गांव में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती मनाया गया। वही गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्होंने नमन किया गया। वही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर हिमांशु लकवा वात क्लिनिक एवं रिसर्च सेंटर के डॉ० अजय भारती के नेतृत्व में निःशुल्क जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ो लोगों ने मुफ्त स्वास्थ्य जाँच एवं इलाज का लाभ उठाया।क्लिनिक संचालक डॉ० अजय भारती ने बताया की निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन लोक कल्याणकारी कार्य है। इससे जरूरतमंदों को लाभ मिलता है। वही गांधी जयंती के अवसर पर ऐसा आयोजन एक अच्छी परम्परा है। मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म हैं। जब भी मौका मिलता है, इस तरह के शिविर के माध्यम से लोगो की सेवा करता हूं। वही इस शिविर में सेकड़ो लोगो का निःशुल्क ओ. पी.डी.,निःशुल्क बी.पी. जांच शुगर जांच ,आंख जांच, बुखार जांच,दर्द जांच एवँ सेंटर के द्वारा बड़ी संख्या में महिला पुरुष रोगीयों ने निःशुल्क अपना स्वास्थ्य जाँच विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा कराया गया। वही मुफ्त में दवा भी वितरण किया गया। वही हिमांशु क्लिनिक के डॉ० अजय भारती ने बताया कि जिस तरह से पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहे हैं, लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इनसे बचने के लिए सभी लोगों को हर छह महीने में अपने शरीर की सभी जांचें करानी चाहिए। इस आयोजन से शिविर में आने वाले मरीज काफी खुश दिखे। मौजूद लोग स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए डॉक्टर को धन्यवाद दे रहे थे। वही धनजी ने कहा कि जागरुकता फैलाना एवं रोग निदान हेतु चिकित्सा शिविर का आयोजन जन हितैषी कार्य है। वही मौके पर मुनिलाल सिंह,रामगोविंद,धीरज कुमार,मोहन सिंह धनजी व ग्रामीण मौजूद थे।

## शराब के नशे में पकड़े गये अंचलाधिकारी, सिपाही भर्ती परीक्षा में कर रहे थे मजिस्ट्रेट की ड्यूटी



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर**। बिहार के आरा में शराबबंदी कानून की धज्जियां उड़ाने के आरोप में सीओ गिरफ्तार हुआ है. रविवार सिपाही भर्ती परीक्षा हो रही थी. सहार अंचल के अंचलाधिकारी दयाशंकर झा को शहर के केजी रोड स्थित गर्ल्स स्कूल परीक्षा केंद्र पर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया था. सीओ परीक्षा ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में धुत मिले. वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई. सूचना मिलने के बाद नवादा थाना की पुलिस परीक्षा केंद्र पर पहुंची. ड्यूटी पर तैनात अंचलाधिकारी दयाशंकर झा को थाना लेती आई. थाना लाने के बाद पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर से सीओ की जांच की. जांच में अल्कोहल पाये जाने की पुष्टि हुई. इसके बाद दयाशंकर झा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. सनहा दर्ज करते हुए रविवार की शाम कोर्ट में प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही चल रही थी. सीओ दयाशंकर झा सहार अंचल के 45 वें अंचलाधिकारी के तौर पर 16 जनवरी 2023 को प्रभार ग्रहण किया था. 64 वीं बीपीएससी पास करने के बाद दयाशंकर झा ने 27 दिसंबर 2021 को सहार में प्रथम राजस्व अधिकार के रूप में योगदान दिया था और प्रशिक्षु को के रूप में कार्य कर रहे थे. प्रशिक्षण पूरा होने पर 1 साल के बाद सहार के ही अंचलाधिकारी नियुक्त किए गए थे. दयाशंकर झा सीतामढ़ी के रहने वाले हैं. इसी वर्ष 6 फरवरी को इनकी शादी हुई थी.

## उसरी के मुखिया को स्वच्छता कार्य को लेकर जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चारों धाम मिश्रा, दावथ (रोहतास)**। दावथ प्रखंड के उसरी पंचायत के मुखिया संजय कुमार सिंह को दो अक्टूबर को डीएम सभागार में स्वच्छता और पंचायत में साफ सफाई में उत्कृष्ट कार्य करने पर रोहतास जिला के नवनियुक्त जिलाधिकारी नवीन कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।वहीं जिला जल स्वच्छता समिति के तहत भी इनको पंचायत में बेहतर कार्य के लिए मेडल देकर सम्मानित किया। मुखिया ने इस सम्मान मिलने पर पंचायत के सभी जनता, सफाई कर्मियों के प्रति धन्यवाद जताया और प्रखंड, जिला प्रशासन के प्रति आभार ब्यक्त करते हुए कहा की यह सम्मान उन सभी को समर्पित है, जो सफाई से होने वाले फायदा और गंदगी से होने वाले नुकसान को समझा तभी यह उसरी पंचायत को जिला पटल पर पहचान मिला। मुख्य रूप से सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में सभी को समर्पित भाव से कार्य करना और साथ ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण लोहिया स्वच्छ विहार अभियान फेज दो, कार्यक्रम में पंचायत की सहभागिता का देन है जिसके बदौलत ही यह पहचान पंचायत को जिला में मिला है। आगे और भी बेहतर कार्य इस क्षेत्र में करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं इस सम्मान को मिलने पर समाजसेवी डॉ अजय सिंह, विकास कुमार, सहित प्रखंड के कर्मियों ने खुशी व्यक्त किया है।

# जदयू कार्यालय में गांधी जयंती मनाई गई



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। गांधी जयंती के अवसर पर रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साहपूर्ण ढंग से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के रोहतास जिला अध्यक्ष श्री अजय सिंह कुशवाहा ने की। कार्यक्रम में सबसे पहले कार्यकर्ताओं द्वारा जिला कार्यालय में बापू के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । इसके बाद जदयू रोहतास के कार्यकर्ताओं का जत्था धर्मशाला चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पहुंचा और वहां जाकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और महात्मा गांधी अमर रहे जैसे नारों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और अनुकरणीय हैं उन्होंने इस देश और समाज के लिए जो कुछ किया है वह अतुलनीय है आज जिस आधुनिक भारत में हम रह रहे हैं उसके संस्थापक महात्मा गांधी ही है। आज कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए महात्मा गांधी के विचारों को अपनाने का ढोंग कर रहे हैं, महात्मा गांधी की सादगी समयता और देश प्रेम को अपने कुकर्मों को ढकने के लिए एक ढाल के रूप में प्रयोग कर रहे हैं आने वाले समय में उनका पर्दाफाश होगा और सभी लोग महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायियों को पहचानेंगे। महात्मा गांधी मरकर भी अमर है और अपने व्यक्तित्व और कृतित्व के बदौलत युग युग तक जनमानस में अपनी अमिट छाप बरकरार रखेंगे। महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा है जिससे देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोक प्रभावित हैं। कार्यक्रम में सविता नटराज रजिया कामिल अंसारी अशोक चौधरी, धनन्जय पटेल सिकंजय सिंह अलख निरंजन असलम अंसारी बनारसी पटेल उषा पटेल रेहाना खातून तौसीफ आलम पप्पू सोनी विनोद पाल उपेन्द्र पटेल जग नारायण राय,काशीनाथ सिंह,अजय महतो अरुण सोनी अजय कुमार बैठा बबलू कुशवाहा प्रमोद कुशवाहा ओमप्रकाश कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर समस्त वार्ड वासियों के बीच झाड़ू वितरण किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज(रोहतास)**। प्रखण्ड के कैथी पंचायत के वार्ड 13 में उक्त वार्ड के वार्ड सदस्य राजू कुमार तिवारी उर्फ राजू बाबा के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर समस्त वार्ड वासियों के बीच झाड़ू वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी वार्डवासियों को बिहार राज्य एवं कैथी पंचायत को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य ने कहा कि राष्ट्रपिता के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता का प्रतीक झाड़ू वितरण किया गया है। इसके साथ साथ राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर पूरे पंचायत व राज्य को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया।मौके पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण वार्डवासी उपस्थित थे।

### करंट से एक महिला की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)**। कछवां थाना क्षेत्र के मंगराव गांव में करंट से एक महिला की मृत्यु सोमवार को हो गई। मृतिका मंगराव पंचायत के वार्ड नम्बर 09 केसपुरी टोला निवासी सुरेंद्र सेठ की पत्नी 48 वर्षीय ब्याद्रा देवी बताई जाती है। घटना के विषय में परिजनों ने बताया कि मृतिका घर के बाहर गली में स्थित चापा कल से पानी लाने जा रही थी तभी अचानक ऊपर से गुजर रहा विद्युत तार उक्त महिला पर ही टूट कर गिर गया। आनन फानन में परिजन पीएचसी इलाज के लिए ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गांधी जयंती पर कॉलेज में हुआ पौधारोपण



**दावथ (रोहतास)**। प्रि.बीपी सिंह कॉलेज सेमरी एवं जे पी के इंटर कॉलेज बभनौल में गांधी जयंति पर पौधा रोपण किया गया। जिसमें सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने कॉलेज परिसर में पौधा लगाया। प्रिंसिपल बीपी सिंह कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य संजू कुमारी ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।इसके पहले बापु के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया।सभी ने बापु के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया ।

### सिपाही भर्ती परीक्षा में तीन परीक्षार्थी निष्कासित:18 केंद्रों पर लिया गया एग्जाम, 19804 परीक्षार्थियों ने लिया भाग



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। रोहतास में केन्द्रीय चयन पर्षद यसिपाही भर्ती परीक्षा रविवार को 18 केंद्रो पर शातिपूर्ण संपन्न हो गई। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में दूसरी पाली में कदाचार को ले तीन परीक्षाथी परीक्षा से निकाल दिए गए। डीईओ संजीव कुमार ने बताया कि दूसरी पाली की परीक्षा में शेरशाह सूरी इंटर स्तरीय विद्यालय से दो परीक्षार्थी निष्कासित किए गए हैं। एसपी जेन कॉलेज से एक परीक्षार्थी निष्कासित किया गया है। बताया कि इस तरह से दोनों पालियों की परीक्षा में कुल मिलाकर तीन परीक्षार्थी निष्कासित किए गए है। जिनके नाम चंदन कुमार, प्रेम कुमार एवं सुमन कुमार है। डीईओ ने बताया कि परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया था। प्रथम पाली सुबह 10 दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर तीन बजे से शाम 5 बजे तक कुल 18 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। प्रथम पाली में कुल 10992 परीक्षार्थी में से 9805 उपस्थित रहे।जबकि 1187 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 10992 परीक्षार्थी ।

### डॉ.ललन प्रसाद सिंह की पुस्तक "गीत-ग़ज़ल" का हुआ लोकार्पण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम ( रोहतास)**। स्वामी हरिदास संगीत महाविद्यालय , स्थान- बाल भारती पब्लिक स्कूल, सिविल लाइन्स- सासाराम के संगीत कक्ष में अंग्रेजी व संगीत के विशेषज्ञ राम विभूति सिंह की अध्यक्षता में हिन्दी-अंग्रेजी के उपन्यासकार ग़ज़लकार डॉ.ललन प्रसाद सिंह की किशोर विद्या निकेतन-वाराणसी द्वारा प्रकाशित " ग़ज़ल-गीत " पुस्तक का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर राम विभूति सिंह ने कहा कि डॉ.ललन प्रसाद सिंह की ग़ज़लें विविध विषयों, प्रसंगों और व्यवस्था के सच को उजागर करती हैं। हिन्दी के कवि व आलोचक डॉ.हरेराम सिंह ने कहा कि डॉ.ललन प्रसाद सिंह की ग़ज़लें माशूका को बहाना बनाकर सत्ता की विद्रूपता को सामने लाती है और जीवन को साध लेती हैं। मुख्य वक्ता संगीतज्ञ डॉ.कौशल किशोर पाण्डेय ने कहा कि डॉ.ललन प्रसाद सिंह सासाराम के तुलसीदास हैं। इनकी ग़जलें संगीत के साथ दोस्ती करके चलती हैं। डॉ.एस.पी राय ने कहा कि साहित्य आत्मा की आवाज़ हैं और उस आवाज को डॉ.सिंह अपनी ग़ज़लों में जिया है। डॉ.सिंह सासाराम को साहित्यमय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर कमल कांत मिश्रा, सुमन कुशवाह, राजू कुमार पाण्डेय, ददन सिंह,सोनम प्रिया, तृप्ति पाण्डेय, रेणु, ईशान्या आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम | बापू के आदर्शो पर चलकर हम देश को स्वच्छ एवं समृद्ध बना सकते है

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर कार्यक्रम किया गया





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता ,नासरीगंज (रोहतास)**। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत गांधी मैदान के प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों व कर्मियों के द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी मैदान की साफ-सफाई कर किया गया। तत्पश्चात गांधी स्मारक के पास उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत की मुख्य पार्षद शबनम आरा, उप मुख्य पार्षद कलावती देवी, स्वच्छता ब्रांड अम्बेसडर डॉ०अमरेंद्र कुमार, वार्ड पार्षद व कर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य पार्षद शबनम आरा ने महात्मा गांधी को नमन करते हुए कहा कि बापू के आदर्शो पर चलकर हम देश को स्वच्छ एवं समृद्ध बना सकते हैं। इसके लिए हर एक व्यक्ति को पहल करने की आवश्यकता है। इस मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामूल हक, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार प्रिय, वार्ड पार्षद संतोष कुमार, कृष्णा कुमार, जयनाथ शर्मा, रामजन्म शर्मा, बबन कुमार सिंह, रामजी चौधरी, सुभाष चौधरी, अजमेरी अंसारी, कांग्रेसी नेता अजय प्रसाद उर्फ मिनी, कर्मी रामबाबू कुमार, जितेंद्र कुमार, देवमुनि प्रसाद, योगेंद्र कुमार, बिपिन कुमार, निर्मला देवी, रेनू कुमारी समेत को कर्मी मौजूद थे।

# महात्मा गांधी की मूर्ति का शिलान्यास मंत्री ने किया




**नोखा**। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी के लिए जो अहिंसा का का रास्ता अपनाया उसे पूरे विश्व में लोहा माना। कई कुर्बानियां देकर के हम लोगों की आजादी मिली है। उसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का काफी महत्वपूर्ण योगदान है। वैसे तो आजादी में कई शहीद हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आजादी के लिए जो आंदोलन अख्तियार किया इस तरह के आंदोलन के कारण पूरे विश्व ने लोहा माना। उक्त बातें बिहार सरकार का अति पिछड़ा कल्याण मंत्री अनिता देवी ने कहा। मौका था प्रखंड मुख्यालय पर राष्ट्रपिता बापू की मूर्ति का शिलान्यास । अति पिछड़ा कल्याण मंत्री अनिता देवी ने आगे कहा कि सबसे बड़ा धान का कटोरा कहे जाने वाला रोहतास जिला उसमें भी नोखा जहां का मैं प्रतिनिधित्व कर रही हूं। जो आप लोगों के बदौलत ही मैं विधायक बनी और मंत्री बने मौका मिला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति निर्माण को लेकर के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर आयोजन किया गया। जहां पर के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्माण के लिए नोखा में बनी कमेटी के आवेदन पर नोखा प्रखंड मुख्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति लगाई जाएगी। जिसको लेकर के शिलान्यास किया गया। मंत्री ने महात्मा गांधी के जयंती पर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।उसके बाद विधिवत भूमि की पूजा कर शिलान्यास कार्यक्रम शुरू किया गया। इस मौक कल्याण मंत्री अनिता देवी ने सभा को संबोधित करते कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है ।जिनकी बदौलत हम लोग आजाद हुए हैं उनकी मूर्ति लगाना गौरव की बात है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकृत प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में संजय कुमार उर्फ भोला जी, राम अवतार चौधरी, राम कृत प्रसाद, बीडीओ मनोरमा कुमारी , प्रखंड प्रमुख धनंजय चौधरी, उप प्रमुख कैलाश पासवान, नगर परिषद सभापति राधेश्याम सिह, विजय पटेल, अशोक चौधरी, संतोष कुमार ,अजय पाल, प्रमोद शर्मा, श्याम बिहारी सिंह, पैक्स अध्यक्ष सूर्यदेव प्रसाद, उमेश पासवान, शमीम मसूरी , कामख्या सिह, राजू , पिंटू सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### अधिवक्ता संघ पूर्व संयुक्त सचिव बिहार स्टेट बार काउंसिल पटना के सदस्य पद हेतु लड़ेंगे चुनाव



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** दिनांक 2 अक्टूबर 2023 जिला अधिवक्ता संघ पूर्व संयुक्त सचिव कैमूर भभुआं बिहार अधिवक्ता मंटू पांडेय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया गया, कि बिहार स्टेट बार काउंसिल पटना के सदस्य पद हेतु, संभावित तिथि 11 दिसंबर 2023 को होने वाले चुनाव में सिविल कोर्ट भभुआं कैमूर से प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे।बिहार स्टेट बर काउंसिल पटना के सदस्य पद हेतु चुनाव के लिए , चुनाव प्रचार में हम लगे हुए है। बिहार स्टेट बार काउंसिल के 25 पदों के लिए चुनाव होना है। इस चुनाव में बिहार के 38 जिलों के अधिवक्ता मतदान करेंगे। और मतदान करने के बाद बिहार स्टेट बार काउंसिल पटना में मत की गिनती होगी। बिहार स्टेट बार काउंसिल भभुआं का प्रतिनिधित्व कभी भी नहीं रहा है, इस बार हम चुनाव पूरे जोर खरोस के साथ लड़ेंगे और पूरे बिहार के हर जिला अधिवक्ता संघ तथा हर अनुमंडल अधिवक्ता संघ संगोष्ठी का दौरा करेंगे। और जिला अधिवक्ता संघ कैमूर भभुआं के साथ बिहार स्टेट बार काउंसिल को आगे बढ़ाने मजबूत करने के लिए वचनबद्ध है।

### सरकार दबाने का काम कर रही है अगर सरकार का यही रवैया रहा तो पंचायतों का विकास रुक जाएगा



**शुभ भास्कर। रामगढ़ कैमूर।** आज 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन पंचायत संसाधन केंद्र सिसौड़ा में मुखिया प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ जिसमें पंचायत सचिव विजय प्रसाद कार्यपालक सहायक तमन्ना प्रवीण एएनएम चिंता कुमारी , हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ गुलशन प्रवीण, वार्ड सदस्य गोविंद कुमार उप मुखिया प्रतिनिधि गोपाल राम उपस्थित रहे। इस ग्राम सभा में जीपीडीपी पर अपलोड हेतु योजनाओं का चयन किया गया ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया जिसमें आवास और राशन कार्ड से संबंधित समस्याए लोगों ने सुनाई। पंचायत के लोग सरकार के रवैया से काफी नाराज नजर आए क्योंकि इस वित्तिय वर्ष में सरकार ने पंचायत को कोई राशि नहीं दिया था जिसकी वजह से काम नहीं हो पाया । पंचायत के उपमुखिया प्रतिनिधि गोपाल राम ने कहा कि ग्राम सभा पंचायत के लोगों की आवाज होती है जिसे सरकार दबाने का काम कर रही है। अगर सरकार का यही रवैया रहा तो पंचायतों का विकास रुक जाएगा। इस मौके पर विक्रम सिंह बृजमोहन राम मुन्ना यादव रोशन राम ,कुमारी अंचला एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### थाना प्रशासन द्वारा विभिन्न मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा।** थाना प्रशासन द्वारा विभिन्न मामलों में थाना क्षेत्र से दो लोगों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक संजय कुमार के द्वारा बताया गया, की कोर्ट से निर्गत आदेश को तामिला करते हुए, थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कुदरा के बाबु मोहल्ला निवासी टप्पू खरवार पिता शिवजी खरवार बाबू मोहल्ला कुदरा को गिरफ्तार किया गया। तो शराब के नशे में धुत्त शराबी थाना क्षेत्र के मेउड़ा ग्राम वासी, रमेश रजक पिता बिगन रजक को शराब पीने की पुष्टि होने के बाद, शराब पीने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों अपराधियों को स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### प्रशासन द्वारा दो अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड अंतर्गत करमचट थाना कांड संख्या 96/23 दिनांक 1/10/2023 धारा 30a/37 बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम 2022 के अभियुक्त कामेश्वर सिंह पिता जीत सिंह, डब्लू सेवरी पिता सिपाही मुसहर दोनों ग्राम बिछीबांध थाना करमचट जिला कैमूर को थाना अध्यक्ष सुनीत कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप में 11 लोग गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** 1 अक्टूबर को जिले में आयोजित हुई केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती की परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप में भूपेश गुप्त इंटरमीडिएट कॉलेज के केंद्राअधीक्षक सहित 11 लोग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। परीक्षा के दोनों पाली में गड़बड़ी की शिकायत जिलाधिकारी सावन कुमार को मिली थी। जिस पर जिलाधिकारी ने एक टीम का गठन किए।जिसमे भभुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रभूषण कुमार व थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में धावा दल में शामिल पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार वर्मा थे। इस दल के द्वारा परीक्षा के दौरान भूपेश गुप्त इंटरमीडिएट कॉलेज के केंद्राअधीक्षक का मोबाइल जांच के क्रम में प्रथम एवं द्वितीय पाली के कई अभ्यर्थियों का रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र इनके मोबाइल में मिला। केंद्रा अधीक्षक में यह भी पाया गया कि प्रथम पाली के प्रवेश पत्र से अभ्यर्थियों को जांच किया गया जांच के दौरान कई अभ्यर्थियों के पास से प्रश्न उत्तर लिखा हुआ पुर्जा पाया गया। द्वितीय पाली में भी कई अभ्यर्थियों को जांच करने पर अभ्यर्थियों के पास से प्रश्न उत्तर लिखा हुआ पुर्जा पाया गया क्यों का मोबाइल जो बाहर एक दुकान में जमा किया गया था उसे भी जांच किया गया जिसमें केंद्रा अधीक्षक के मोबाइल नंबर से अभ्यर्थियों के मोबाइल पर दिनांक 30/ 9/ 23 को बातचीत किया पाया गया। अभ्यर्थियों के व्हाट्सएप नंबर पर भी एंश्र्र की पर्ची पाया गया जिससे कमलेश सिंह एवं अन्य व्यक्ति के व्हाट्सएप नंबर से आया हुआ था। इसी मामले में केंद्रा अधीक्षक सहित कल 11 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार लोगों ने बताया कि इसमें संलिप्त मुख्य सरगना कमलेश सिंह नामक व्यक्ति है जो मोहनिया में कोचिंग संचालक है कमलेश के द्वारा ही परीक्षा से पूर्व ही व्हाट्सएप पर उत्तर पर्ची कई अभ्यर्थियों को भेजा गया है जांच में पाया गया कि अभ्यर्थियो द्वारा कमलेश सिंह को फोन पे के माध्यम से पैसा भेजने का काम हुआ है। कमलेश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है छापेमारी के दौरान पुलिस ने पाया कि कमलेश घर से फरार है इसमें संलिप्त लोगों के यहाँ छापेमारी चल रही है अभ्यर्थियों के पास से जो प्रश्न उत्तर प्राप्त हुई है उसकी अग्रिम अनुसंधान में मिलन हेतु केंद्रीय चयन पर्षद पटना को भेजी जा रही है। गिरफ्तार लोगों में मोहनिया थाना क्षेत्र के भोखारी गांव के प्रमोद राम का पुत्र राम सेवक राम, उसके भाई धनोज राम,उसकी बहन सिंधु कुमारी, रामगढ़ थाना क्षेत्र के सूरजपुर गांव के नंदकिशोर सिंह का पुत्र अजीत कुमार, चैनपुर थाना क्षेत्र सुहावल के रविंद्र बैठक का पुत्र बाला लखनद्रा रजक, कुदरा थाना क्षेत्र के नदोखर गांव के मनोज कुमार सिंह का पुत्र बादल कुमार सिंह, उसी गांव के भानु प्रताप सिंह का पुत्र विकास कुमार, बेलाव थाना क्षेत्र के सोनाव गांव के सुरेंद्र सिंह का पुत्र अविनाश कुमार, सुंदरी गांव के लाल बाबू यादव का पुत्र संजय कुमार रामगढ़ थाना क्षेत्र के खोरहरा गांव के वीरेंद्र सिंह यादव का पुत्र गौरव कुमार, भभुआ थाना क्षेत्र के खलासपुर निवासी रामलाल का पुत्र संजय कुमार, शामिल सभी गिरफ्तार हैं।

## विद्युत की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर।** विधानसभा दिनांक 2/10/23 के पहाड़िया पंचायत के मातर गांव का है जो सुबह 7:00 बजे ई रिक्शा का चार्जर निकालने गया व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। सूत्रों द्वारा पता चला कि व्यक्ति का नाम गुड्डु केवट पिता सोमारु केवट उम्र 45 वर्ष जिसके पास पांच औलाद है जिसमें चार लड़की और एक बेटा है। सुबह में अपने घर का काम करके मृतक गुड्डू ने घर में रखें ई रिक्शा का चार्जर निकालने गया और विद्युत की करंट में आ गया जहां उसके मौके पर ही मौत हो गई आज सुबह से बेजोड़ बारिश हो रहा था जहां तनिक भी नही भनक लगा मृतक व्यक्ति गुड्डू केवट ने अपने घर के पीछे खड़ी गाड़ी से चार्ज निकलने लगा जहां वह विद्युत की चपेट में आ गया और जमीन पर जा गिरा । लोगों को तब पता चला जब गांव का एक ड्राइवर गौतम केवट ने ई रिक्शा का चाभी मांगने लगा मृतक गुड्डू केवट की पत्नी ने कहीं की वो कहीं घूमने गए हैं उधर जाकर पता कर लो तब तक ड्राइवर गौतम केवट ने खड़े बरामदे में गाड़ी के पास गया जहां इसको जमीन पर गिरा हुआ देखकर चिल्लाने लगा इसकी आवाज सुनकर उधर के आसपास के लोग उनकी काफी भीड़ गई घर के परिजनों में पूरा चीख पुकार लग गई लोगो का रो रो बुरा हाल हो गया मृत की खबर सुनते ही भगवानपुर प्रखण्ड प्रमुख पुत्र अभिनव सिंह उनके बड़े पापा अशोक सिंह ने इसको इलाज के लिए आनन फानन में मुंडेश्वरी ले जाया गया जहा इस्तिति ज्यादा खराब होने के कारण से उसको भभुआ रेफर कर दिया जहां इसको भभुआ के डॉक्टर ने देखते ही इनको अमृत घोषित कर दिया जहा उनको लेकर घर आना पड़ा और इनका अंतिम दाह संस्कार बनारस करने के लिए ले जाया गया है।

## 2 साल पहले ही बनी भवन का दीवार ध्वस्त



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)।** रामपुर प्रखंड के खरेंदा में बना पशु चिकित्सालय भवन का दो वर्ष पहले तैयार की हूई बाउंड्री हुआ ध्वस्त। मिली जानकारी के अनुसार आज से करीब 2 साल पहले ही खरेन्दा में बना प्राथमिक वर्गीय चिकित्सालय सह चिकित्सा आवास का बाउंड्री हुआ ध्वस्त। ग्रामीणों का आरोप है, कि जिस समय भवन बन रहा था पैसे की बचत करने के उद्देश्य से सामग्री उचित नहीं लगाया गया, जिसके वजह से प्रांगण की चारदिवारी कमजोर था। उस वक्त भी ग्रामीणों द्वारा सही कार्य करने के लिए अनेकों बार बोला गया, पर उस कार्य को संपन्न कराने वाले ग्रामीणों की नहीं सुने। उस समय से आज तक कोई अधिकारी इसकी जांच करने नहीं आए। ठेकेदार के द्वारा अपने मनमानी ढंग से कार्य किया गया। जब से बना है तब से अभी तक कोई चिकित्सक भी यहां नहीं आते हैं, जिस वजह से हम लोगों के पशुओं का उचित इलाज नहीं हो पाता है। संदर्भ जानकारी के लिए संवाददाता द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी के दूरभाष पर दो बार संपर्क करने की कोशिश किया गया, लेकिन उनके द्वारा जवाब नहीं दिया गया। कार्य योजना के ठेकेदार के दूरभाष पर भी संपर्क किया गया पर उनके द्वारा भी जवाब नहीं दिया गया।

### हर एक नागरिक का फर्ज है कि वो अपने देश को स्वच्छ एवं सुंदर रखेः मुखिया प्रदीप



**शुभ भास्कर, ब्यूरो कैमूर भभुआ।** स्वच्छ्ता ही सेवा संकल्प के साथ प्रातः 10 बजे कचरा मुक्त भारत बनाने के लिए अपने देश और पर्यावरण को सुंदर बनाने के लिए सिसौड़ा पंचायत के मुखिया प्रदीप कुशवाहा की अध्यक्षता में , स्वच्छ्ता पर्यवेक्षक मन्नू कुमार के संचालन में सभी स्वच्छ्ताकर्मियों , आशा दीदी, जीविका दीदी एवं ग्रामीणजनों के सहयोग से जागरूकता अभियान निकाला गया एवं गाँव की गलियों, चौफालो में साफ सफाई कराई गई। मुखिया प्रदीप ने कहा कि इस अभियान को जन अभियान बनाना होगा , गाँव के नौजवानों को आगे आना होगा लोगों को स्वच्छ्ता में ही भलाई विषय को मन मस्तिष्क में बैठा लेना होगा। गदंगी से हमारे चारों ओर हानिकारक कीटाणु भ्रमण करते रहते हैं , ये हवा , पानी एवं एक जीव से दूसरे जीवों में भी प्रवेश कर सकते हैं इसलिए अपने घर की सफाई के साथ साथ अपने आस पास गलियों , चौकरचौराहों, स्कूल अस्पतालों एवं खेल मैदानों की सफाई का जिम्मा लेना होगा हर कार्य मे सरकार को खोजना ठीक नहीं, बल्कि एक देश के नागरिक होने के नाते देश की स्वच्छता और सुंदरता का ख्याल रखना होगा। इस मौके पर खखनु बिंद, जापानी, बबलू ,सोनू , संतोष, बुल्लू, योगेंद्र, जीतेंद्र, बृजमोहन, बिक्रम एवं अन्य जीविका दीदी में मीना देवी, शिल्पा देवी एवं अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे। सिसौड़ा पंचायत के लोगों से भी पंचायत के मुखिया ने अनुरोध किया कि गांव को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी सभी की है इसलिए मिलजुल कर गाँव को हम सभी स्वच्छ एवं सुंदर रखे।

### विद्युत चोरी मामले में दो पर प्राथमिक की दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती(कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र में अवैध तरीके से विद्युत का उपयोग करते हुए दो लोगों पर हुई थाने में प्राथमिक की दर्ज बतादे की विद्युत अभियंता रौनक कुमार कश्यप एवं विक्रम सिंह के द्वारा विद्युत प्रयोग किए जाने के अभियान में निकलने के बाद थाना क्षेत्र के गढ़वा एवं निपरान मे दो व्यक्तियों को अवैध तरीके से विद्युत प्रयोग करते पाया गया जिसके विरुद्ध दुर्गावती थाने में विद्युत विभाग के दोनों अभियंताओं के द्वारा प्राथमिक की दर्ज कराई गई जिसमें जामवंत सिंह गढ़वा के ऊपर 16270 रुपए एवं सुरेश यादव निप्रण के ऊपर 15720 रुपए- आर्थिक दंड लगाया गया।

### नशे की हालत में पकड़े गए पांच को पुलिस ने भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से शराब के नशे में धुत पांच व्यक्तियों को पड़कर पुलिस ने जेल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक गस्ती पर निकली दुर्गावती पुलिस थाना क्षेत्र के बॉर्डर इलाके से शराब पीकर दुर्गावती की सीमा में प्रवेश कर रहे नशे की हालत में लड़खड़ाते और झूमते हुए व्यक्तियों को पकड़ा। पकड़े जाने के बाद दुर्गावती थाने लाया गया तत्पश्चात पूछताछ और मेडिकल जांच कराए जाने के बाद पांचो व्यक्तियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। पकड़े गए बयक्तियो में संतोष कुमार गुप्ता ग्राम बलवरा थाना जिला चंदौली उत्तर प्रदेश तथा लक्ष्मण कुमार सिंह राम लखन कुमार अजय कुमार कृष्ण कुमार चारों ग्राम थाना बेलवा जिला कैमूर के रहने वाले बताए जाते हैंर्र्

### दो चोरी के बाइक के साथ दो गिरफ्तार कर भेजे गए जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सदर दुर्गावती (कैमूर)।** पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे बाइक चेकिंग अभियान में पुलिस के हत्थे दो बाइक चोर चढ़ गए। प्राप्त सूचना के मुताबिक पुलिस राष्ट्रीय मार्ग मरहिया मोड़ के पास बाइक चेकिंग अभियान चला रही थी तभी बाइक से आ रहे दो व्यक्तियों को रोककर गाड़ी के कागजात की मांग की जिस पर बाइक सवार युवकों ने कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। जहां से बाइक के साथ दोनो युवकों को दुर्गावती पुलिस ने थाने लाई। पूछताछ और बाइक के नंबर प्लेट के आधार पर जांच किए जाने के बाद पता चला कि दोनों बाइक चोरी की है। जिस संबंध में एक के खिलाफ करमचट थाने में प्राथमिकी दर्ज है तो दूसरे बाइक के चोरी के खिलाफ परसथुआ थानों में प्राथमिकी दर्ज है। गिरफ्तार युवक मनीष कुमार ग्राम रतवार थाना भभुआ के निवासी हैं वही दूसरा आदित्य तिवारी मोहनिया थाना क्षेत्र के ग्राम आवरी दोनों जिला कैमूर के निवासी बताए जाते हैं। दोनों के पास से टीवीएस कंपनी की एक पास से अपाचे और एक के पास से टीवीएस कंपनी की रेडियू बाइक बरामद की गई। उपरोक्त मामले में पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे के अनुसंधान में जुट गई।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा मनाया गया गांधी जयंती



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, रामपुर(कैमूर)।** प्रखंड अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक के निर्देशन पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवन पर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर आम सभा का किया गया आयोजन। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत एक घंटा प्रतिदिन श्रमदान करने का समुदाय के लोगों ने लिया संकल्प। बताते चले की जलालपुर पंचायत स्वच्छता सुपरवाइजर जितेंद्र तिवारी, ग्राम पंचायत सबार रविंद्र प्रसाद गुप्ता, ग्राम पंचायत बेलावं मुखिया सीमा देवी पंचायत सचिव राजेंद्र प्रसाद सिंह सुपरवाइजर सरिता कुमारी, ग्राम पंचायत पसाईं मुखिया शशि भूषण दुबे उर्फ अप्पू दुबे सुपरवाइजर रूबी कुमारी के कुशल नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया, साथ ही स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, स्वच्छता सबके लिए जरूरी है और सब की जिम्मेवारी है लिए हम सब मिलकर अपने प्रखंड को स्वच्छ स्वस्थ एवं सुंदर बनाएं बापू जी के सपने को साकार करें।

### भारत स्काउट गाइड कैमूर ने मनाया महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 02अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर स्काउट /गाइड माध्यमिक शिक्षक संघ भवन भभुआं में कार्यक्रम का आयोजन सहायक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट)अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन, दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्य संपन्न हुआ। तत्पश्चात उपस्थित स्काउट गाइड के साथ-साथ स्वच्छ भारत अभियान के तहत ब्रजेश कुमार सिंह एडवांस स्काउट मास्टर के द्वारा स्वच्छता से संबंधित सभी स्काउट गाइड को हमेशा भारत को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई।उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता से संबंधित बैनर के तले तथा सफाई से संबंधित सामानों के साथ सफाई कार्य संपन्न किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राज्य पुरस्कार स्काउट अभिषेक कुमार, नीरज कुमार , अनीश कुमार सिंह, अजय कुमार, शनि कुमार के साथ लगभग 30स्काउट के कैडेट ने भाग लेकर सहयोग किया।

**आग्रह** भेरियां रोड और छॉव रोड के आस पास खेती, सिंचाई और पर्यावरण को बहुत नुकसान हो रहा है

## कैमूर किसान यूनियन द्वारा जिला पदाधिकारी से आवेदन के माध्यम से समस्याओं के समाधान हेतु किया गया आग्रह

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** दिनांक 02 अक्टूबर 2023 कैमूर किसान यूनियन के द्वारा जिला पदाधिकारी से आवेदन के माध्यम से समस्याओं के समाधान हेतु किया गया आग्रह। आग्रह औद्योगिक इकाइयों के अनियमितता के कारण भेरियां रोड और छॉव रोड के आस पास खेती, सिंचाई और पर्यावरण को बहुत नुकसान हो रहा है। हम सभी उद्योग धंधों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन उद्योग जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए गठित होते हैं, उसके अनुरूप पर्यावरण पर भी ध्यान देना आवश्यक है, मानवीय नियमानुसार चलने के लिए होते है, लेकिन यहां स्थित उद्योग लगातार नियम उलंघन कर निरंतर पर्यावरण, इंफ्रा स्ट्रक्चर, कृषि, मानवीय मूल्यों को लगातार क्षति पंहुचा रहे हैं, जैसेःभेरियां रोड स्थित NU Vista Ltd (cement plant), Amit Solvex (solvent plant) निरंदर पर्यावरण को दूषित करने वाले जहरीले धुंआ छोड़ते रहते हैं, जिस वजह से आंशिक कृषि की क्षति होती है, तथा सुक्ष्म स्तर पर स्वास्थ्य का खतरा है, जो भविष्य के लिए भयावह है। इनके यहां से निकलने वाली राख पूरे क्षेत्र में कहीं भी गिरा दिया जाता है जो उड़कर आम जन के आंखों को खराब कर देता है। NU Vista Ltd (cement plant), Amit Solvex (solvent plant) में आ रहें भारवाहक वाहनों के कारण ग्रामीण सड़क टूट गई है आये दिन एक्सिडेंट होते रहते हैं, तथा बारिश में पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। और यह इसलिए भी सत्य है क्योंकि एनएच-2 से NU Vista Ltd तक की यह स्थिति है। NU Vista Ltd (cement plant), Amit Solvex (solvent plant) और उसी सड़क में धोड़ा आगे Prakash Pipe तीनों ने अपनी बाउन्ड्री वाल तो बना लिये लेकिन सड़क किनारे बारिश का पानी आपासी के लिए ह्यूम पाईप नहीं लगाया, जिस वजह से अत्यधिक बारिश में फसल क्षति होती है। Prakash Pipe ने तो उसी बाहा को पाट कर वहां रूम बना दिया है, और बिजली विभाग की दूरदर्शिता के कारण बाहा को पाटकर बिजली का ख़म्भा और ट्रांसफार्मर भी गाड़ दिया है। ग्यारह हजार की बिजली से चलने वाले उद्योग बिजली विभाग की मेहरबानी से गेहूं कटाई के मौसम में बिजली नहीं कटने देते हैं, क्योंकि इनको प्रोडक्शन का नुकसान होता है और जिस वजह से किसानों सैकड़ों एकड़ का गेंहू सार्ट सर्किट से जल जाता है। 2021 में छॉव गांव में सैकड़ों एकड़ गेंहू जल गया था, जिसका सरकारी आंकड़े भी है।किसी कम्पनी के पास प्रापर पार्किंग नहीं है, जिस वजह से छॉव रोड और भेरियां रोड पर जाम हो जाता है, जिससे नागरिकों को बहुत परेशानी होती है। इन सड़कों पर धूल मिट्टी इतनी है कि मोटर साइकिल और पैदल चलने वालों को परेशानी होती है।छॉव रोड में भेरिया नहर से कनेक्टेड एक नहर आई थी जिसका नाम मनोहरपुर माइनर है, रोड विभाग ने सड़क चौड़ीकरण के नाम पर उसको पाट दिया है। जिसमें उनका सहयोग औद्योगिक इकाइयों ने भी किया है,और वहां लोकल दुकानदारों ने भी किया है जिस वजह से मनोहरपुर माइनर का स्वरूप ही खत्म हो गया है।

## स्वच्छता अभियान की निकली हवा पर एक दृष्टि पात

**दैनिक शुभ भास्कर सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** सोमवार 2 अक्टूबर को पूरे देश में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर स्वच्छता दिवस का संकल्प और जन्म जयंती की धूम मची रही है। भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत बनाने की लिए विशेष तौर पर एक अभियान चला कर हर-धर शौचालय योजना के तहत लोगों को शौच मुक्त करने का अभियान चलाया गया था। जिस अभियान में करोड़ों रुपए खर्च हुए।

सरकार के पदाधिकारी पंचायत का सर्वे कर पंचायत को ओडीएफ घोषित कर पंचायत को एक सर्टिफिकेट जारी कर दिया। उसके लिए कोई व्यक्ति शौच बाहर न करें सुरक्षा कर्मियों की एक टोली बनाई गई थी और वह टोली प्रतिदिन सुबह शाम शौच करने वाले लोगों को चेतावनी देती थी और लज्जित भी करती थी ताकि कोई व्यक्ति शौच करने बाहर न निकल सके।लेकिन आज हर गांव से लेकर राष्ट्रीय पथ पर इन दिनों गंदगी का अंबार देखने को अक्सर मिलता है। गांव तो दूर है किसी पदाधिकारी और नेताओं के दृष्टि में नहीं आते ।लेकिन हम बात करते हैं राष्ट्रीय राजमार्ग 2 की जहां से जिले के जिला पदाधिकारी समेत वरिष्ठ पदाधिकारी और राजनेता मंत्री और भीआईपी पर्सन के लोग गुजरते हैं क्या उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे फैली हुई गंदगी नहीं दिखाई देती या देखकर नजर अंदाज करते हैं ताकि कौन ले जहमत मत मोल। पितृ पक्ष का मेला गया में चल रहा है जिसके चलते देश के कोने-कोने से पिंडदान करने के लिए गया पहुंचने का सिलसिला राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए जाने का लगा हुआ है। यही नहीं अंतरराष्ट्रीय लोग भी इसी रास्ते से गुजरते हैं लेकिन इसके बावजूद भी ऐसे महत्वपूर्ण मार्गो को स्वच्छ रखना किसकी जिम्मेदारी है क्या यह स्वच्छता अभियान का पोल नहीं खोलता।



## ख़ास ख़बर

### यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कप्तान सिंह यादव ने जिलाध्यक्ष सुजीत यादव को प्रंशसा पत्र देकर किया सम्मानित

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर**। कानपुर में मण्डल स्तर पर महासम्मेलन की तैयारी हेतु यादव महासभा उत्तर प्रदेश कोर कमेटी की बैठक हुई और प्रदेशाध्यक्ष श्री कप्तान सिंह यादव ने बैठक की अध्यक्षता की जिसमे फैसला लिया गया उत्तर प्रदेश में 4 मण्डल महासम्मेलन होंगे प्रथम कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मुख्यातिथि होंगे कार्यक्रम का नाम नेता जी मण्डल महोत्सव रखा गया हैं इस बैठक में गाजीपुर यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार यादव यादव ने भी शिरकत की जिसमे इनको प्रंशसा पत्र देकर प्रदेशाध्यक्ष कप्तान सिंह ने सम्मानित किया और गाजीपुर के समस्त यादव बन्धुवों के नाम पत्र भी सौपा जिसमे लिखा गया है जिला गाजीपुर के समस्त यादव समाज के बन्धुवों का बहुत बहुत धन्यवाद आप सबका स्नेह एकजुटता देखर पूरे प्रदेश में एक सन्देश जा रहा है आपके द्वारा किये गए हर ब्लॉक सम्मेलन की जितनी प्रंशसा की जय वह कम है जिला मार्गदर्शक बलिकरन यादव जिला सरक्षक राम नगीना यादव व जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार यादव जी को प्रदेश की तरफ से बहुत बहुत शुभकामनाएं समस्त समाज के जनमानस से अनुरोध है जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार यादव के साथ कदम से कदम मिलाकर चले और समाज के विकास के लिए नयी दिशा दे।

### मानवता की मिशाल पेश कर लोगो का दिल जीता जिला पंचायत अध्यक्ष ने

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी**। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए सड़क दुर्घटना में घायल को अपनी कार से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचने का काम किया है । घायल के परिजनों ने इस कार्य के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष को कोटि कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया है । बता दे की स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत मरदह क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम से जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह गाजीपुर की तरफ वापस आ रही थी की तभी रास्ते में महाराजगंज के पास फोरलेन हाईवे पर एक बाइक सवार दुर्घटना के बाद लहूलुहान हालत में मिला । वहा मौजूद भीड़ एम्बुलेंस मंगाने की कोशिश में जुटी हुई थी । उसकी हालत को गंभीर देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने बिना देरी करते हुए उसे अपनी कार से घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया । जिससे उसका समय से इलाज शुरू हो पाया । सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने इसके लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का कोटि कोटि आभार जताया है । वही सपना सिंह के इस मानवता पूर्ण कार्य की पूरे जनपद में प्रशंसा हो रही है ।

### भाजपा का नेता बताते हुए अपने ही गांव के युवक से किया मार पीट, जान से मारने का दिया धमकी

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर**। एक बार फिर तथाकथित भाजपा नेता की दबंगई का कारस्तानी उजागर हुआ है अपने गांव के ही एक युवक से मार पीट किया है। शादियाबाद थाना क्षेत्र के सौरी गांव निवासी रामजी बिंद अपने भाई रविंद्र बिंद के साथ रात में करीब ग्यारह बजे धान के खेत में नहर के पानी से खेत की सिंचाई कर रहा था और सिंचाई करने के बाद वहीं बगल के हनुमान मंदिर पर दोनों भाई आराम कर रहे थे कि तभी उसी गांव के पारस बिंद जो अपने आप को भाजपा का बड़ा नेता बताते हुए तथाकथित भाजपा नेता पारस बिंद पुत्र मधुबन बिंद और मुसाफिर बिंद पुत्र मधुबन बिंद दोनों भाइयों को आराम करते हुऐ देखकर मछली मारने का आरोप लगाकर लाठी डंडा से मार पीट करने लगे और जबरन अपने घर पर रामजी को ले जाकर मारते पीटते हुए जान से मारने की धमकी दिया। सूत्रों की मानें तो जैसे ही पीड़ित के माता पिता को घटना की जानकारी हुई तो वह तथाकथित भाजपा नेता के घर जाकर हाथ पैर पर गिरा तब पीड़ित तथाकथित भाजपा नेता के चंगुल से बाहर आया। पीड़ित ने शादियाबाद थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्यवाही की जा रही है।

### जन सहयोग संस्थान ट्रस्ट युवा कल्याण के पदाधिकारियों ने किया रक्तदान



**चंदौली**। सोमवार को जन सहयोग संस्थान ट्रस्ट चन्दौली व युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग एवं साक्षी कोचिंग चंदौली के सहयोग से 2अक्टूबर गांधी जी के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर आज कुल 17 यूनिट रक्तदान किया गया इस दौरान जन सहयोग संस्थान के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी कोषाध्यक्ष हिमांशु वर्मा साक्षी कोचिंग से रवि शर्मा व विकास यादव सर एवं उनके सहयोगी सहित विद्यार्थियों ने भी बढ़चढ़ के भागीदारी की साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित किया की हम नियमित 3 महीने के अंतराल जरूरतमंद परिवार के लिए समय - समय पर रक्तदान कर जरूरतमंद के काम आयेंगे। इस दौरान संस्था के सहयोगी सहित युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल व साक्षी कोचिंग के विद्यार्थी मौजूद होकर अपनी सहभागिता निभाई जिसमे प्रिंस यादव, शाहनवाज, संध्या पासवान,अनामिका यादव,राजवीर चौबे, कृष्णा यादव,सुभम कुमार,रमेश यादव,विकास यादव,संजय कन्नौजिया,बबलू यादव,सुभम पांडेय,हर्ष सिंह , समरेश कुमार सहित अन्य लोगो ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# एसपी ओमवीर सिंह ने दिलदारनगर मिलन मैरिज हॉल में लगाए चौपाल





**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर**। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा जमानियां विधान सभा की पूर्व विधायिका श्रीमती सुनीता सिंह जी की उपस्थिति में दिलदारनगर थाना क्षेत्र के मिलन मैरिज हॉल में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों ,गांव की महिलाओं तथा बालिकाओं, एएनएम, आशा कार्यकर्त्री बीसी सखी तथा थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रहरियों को ,मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। महोदय द्वारा बच्चियों एवं महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिस कर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महोदय द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला संबंधित सभी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1090,1076,1098, 181,112,102 और 108 के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उन्हें यह भी बताया गया कि इन नंबरों पर आपकी शिकायत सुनने के लिए महिला कर्मी को ही नियुक्त किया गया है। महोदय द्वारा वहां उपस्थित महिलाओं से उनकी विभिन्न समस्याओं को भी सुना गया तथा उसके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, एसडीएम सेवराई,थानाध्यक्ष दिलदारनगर तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद थें।

## जमीनी विवाद में युवक को लाठी डंडे रॉड से पीटा, लहूलुहान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय**। जनपद के करंडा ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा सहेडी में लंबे समय से चले आ रहे जमीनी विवाद में बीते शनिवार को दबंगों ने उत्तर प्रदेश पुलिस की 112 सेवा की मौजूदगी में युवकों को लाठी डंडे व रॉड से पीट कर किया लहूलुहान, मूक दर्शक बनी रही उत्तर प्रदेश पुलिस की 112 सेवा । पूरा प्रकरण कुछ इस प्रकार है की,जनपद के करंडा ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा सहेड़ी के नवपुरवा में बिंद बिरादरी के परिवार में जमीनी विवाद काफी लंबे समय से कोर्ट में चला आ रहा है,बीती शनिवार यानी की 30 सितंबर की सुबह राजकमल बिंद व उनके परिवार वालो के द्वारा नए निर्माण की आशंका में प्रथम पक्ष नगीना बिंद,भारत बिंद ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को निर्माण रोकने के लिए बुलाया परंतु मनबढ़ राजकमल बिंद पुत्र ओमप्रकाश बिंद, बादल बिंद पुत्र ओमप्रकाश बिंद,पूनम बिंद कांस्टेबल उत्तर पदेश पुलिस पुत्री ओमप्रकाश बिंद,विशाल बिंद पुत्रकृष्ण बिंद,दिनेश बिंद पुत्र राधेश्याम बिंद ने उत्तर प्रदेश की 112 सेवा के सामने ही मनोज बिंद पुत्र नगीना बिंद,पिंटू बिंद पुत्र भारत बिंद व सतीश बिंद को लाठी डंडे व रॉड से बुरी तरह पिट कर लहू लुहान कर दिया,जिसमे सतीश बिंद के सिर में गंभीर चोट आने की वजह से हॉस्पिटल में ऐडमिट किया गया है।

## गाजीपुर पुलिस का बडा खुलासाः आशिक के प्रेम मे पागल पत्नी ने ही करा दी पति की नृशंस हत्या



**डेहरी टाइम्स ब्यूरो, गाजीपुर**। यूपी के गाजीपुर से दिल दहलादेने वाली संगीन वारदात सामने आई है जहा एक विवाहिता ने ऐसी घिनौनी साजिश को अंजाम दिया है जिसे सुनकर लोगो के रौगटे खडे हो जा रहे है। महिला की साजिश की कीमत मोबाइल की दुकान करने वाले पत्रकार के पुत्र को अपनी जान देकर चुकानी पडी। आपको बता दे कि दो दिन पूर्व खानपुर थाना क्षेत्र के सिधौना बाजार मे मोबाइल के दुकान करने वाले युवक स्वतंत्र भारती की कस्बे से कुछ दूर स्थित सिधौना जौनपुर मार्ग पर दिनदहाड़े बाईक सवार बदमाशो ने ताबडतोड गोलिया चलाकर नृशंस हत्या कर दी थी। मामले की जानकारी के बाद पुलिस बिबेचना मे ऐसी कहानी सामने आयी है जिससे लोग सुनकर ही सिहर जा रहे है, पुलिस के अनुसार मृतक की पत्नी ने खुद ही साजिश रची और अपने आशिक से पति की हत्या करा दिया । ताकि बाकी जीवन आशिक के साथ बिता सके। घटना की जांच के दौरान सर्विलांस की मदद से पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत उसके आशिक व हत्याकांड के दौरान बाईक चला रहे सहयोगी को भी गिरफ्तार किया है।

## 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17सितम्बर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से लेकर आज सोमवार 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने राष्ट्पिता महात्मा गांधी के 154 वीं तथा पुर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के 119 वीं जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं संग नगर के आमघाट स्थित पार्क में स्थापित महात्मा गांधी के प्रतिमा तथा शास्त्री नगर चौक पर स्थापित लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद मुर्ती पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने इन दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज हमारे देश के दो ऐसे महापुरुषों की जन्म जयंती है। जिनके सिद्धांत,विचार देश के लिए सदैव प्रेरणास्रोत एवं जनकल्याण,सुरक्षा,समृद्धी के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि हम सभी इन महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक एक कर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके सम्मान में नारे लगाए।

### चोरी का मोबाइल बरामद एक गिरफ्तार



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। रेलवे स्टेशन,सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी डीडीयू वह आरपीएफ पोस्ट दिलदारनगर कि संयुक्त टीम द्वारा एक अभियुक्त छटू कुमार बिहार निवासी को गिरफ्तार किया जिसके पास से पुलिस ने चोरी का तीन मोबाइल बरामद किया पकड़ा गया अभियुक्त ट्रेनों वह स्टेशन परिसर में यात्रियों के सम्मान की चोरी करता था।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### स्वच्छता को हमें अपने जीवन में अपनाना होगा,जो घर, आंगन तक ही सीमित न रहकर हमारे मन व कर्म मे भी होः एसपी



**शुभ भास्कर, चंदौली**। दिन सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154 वीं जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा अनिल कुमार द्वारा पुलिस लाईन चन्दौली में ध्वजारोहण व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण करते हुए सलामी उपरांत सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र तथा उनके द्वारा दिखाये गये सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने,उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि स्वच्छता को हमें अपने जीवन में अपनाना होगा।जो घर, आंगन तक ही सीमित न रहकर हमारे मन व कर्म मे भी हो।गरीब व असहाय लोगों के प्रति उदारता एवं सहानुभूति के साथ उनका आदर सत्कार करें। ईश्वर नें हम सबको यह अवसर दिया है कि हम सब ऐसे सभी लोगों की सेवा कर सकें। यह वर्दी हम सबकी शान है और सदैव इसकी गरिमा को बरकरार रखना हम सबका प्रथम कर्तव्य है।हमें अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखते हुए पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से प्रत्येक व्यक्ति की सहायता व सहयोग करना है। ऐसे महान व्यक्तित्व का सपना तभी पूर्ण होगा जब हम सब शांति,अहिंसा,सत्य, समानता,महिलाओं के प्रति सम्मान जैसे आदर्शों पर चलेंगे।पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने एवं सत्यनिष्ठा के साथ कर्तव्य निर्वहन व सदैव की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अंगवस्त्र वितरित कर सम्मानित किया गया।जनपद के प्रत्येक थाना/कार्यालयों पर भी सम्बन्धित अधिकारी/प्रभारी द्वारा ध्वजारोहण व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण करते हुए हर्षोल्लास के साथ गांधी जयंती मनायी एवं शपथ दिलाई गई।

### स्वछता हमारे जीवन का अभिन्न अंगः संजय यादव



**शुभ भास्कर, बबुरी, चंदौली**। दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के उपलक्ष्य में दूदे ग्राम प्रधान ने मन्दिर परिषद व जगह-जगह झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें स्थानीय लोगो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान ग्राम प्रधान ने बताया कि स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य आम लोगों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है। स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। हमारे आस पास का वातावरण स्वच्छ रहेगा, तभी हम उच्च विचार सोच सकते हैं। स्वच्छ तन में ही परमात्मा निवास करता है। वही चंदाइत में पतंजलि योग समिति के जिला संयोजक राजेश योगी व जिला संगठन मंत्री बृजेश बिंद ने कहा कि स्वच्छता एक क्रिया है, जिससे हमारा शरीर, दिमाग, कपड़े, घर, आस - पास और कार्यक्षेत्र साफ और शुद्ध रहते है। हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिये साफ – सफाई बेहद जरुरी है, अपने आस पास के क्षेत्रों और पर्यावरण की सफाई सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिये बहुत जरुरी है। स्वच्छता अभियान के तहत पतंजलि योग समिति द्वारा पांडेयपुर बाजार, शिवमंदिर परिसर, पंचायत भवन सिकंदरपुर, कुटिया , साधन सहकारी समिति पचोखर सहित अन्य जगहों पर झाड़ू लगाकर लोगो को जागरूक करने का कार्य किया गया।

**संग्रोष्ठी** मुख्य अतिथियो ने रखा ज्वलंत मुद्दा, पत्रकारों को जखनिया सम्मान मेडल से सम्मानित किए

## लोकतंत्र की बुलंद आवाज है पत्रकार - प्रमोद वर्मा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश सोनी**। जखनिया गाजीपुर।जखनिया ब्लॉक सभागार में जखनिया पत्रकार संगठन द्वारा आज महात्मा गांधी के 154वी जन्म दिवस पर आयोजित पत्रकार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा पत्रकार समाज का दर्पण होता है। पत्रकारिता लोकतंत्र का अभिभाज्य अंग है। प्रतिपल परिवर्तित होने वाले जीवन और जगत का दर्शन पत्रकारिता द्वारा ही संभव है। कोई भी लोकतंत्र तभी सशक्त है जब तक पत्रकारिता सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी सार्थक भूमिका निभाते रहेगी। वर्मा ने पत्रकारों का हौसला बढ़ाते हुवे कहा "हथियार और औजार अपने पास ही रखें जनाब, आप तो वह जमात हैं जो खंजर से नहीं कलम से वार करते हैं। वर्मा ने आगे कहा पत्रकारों ने देश का हित हमेशा सर्वोपरि रखा, देश पर मुगल काल, अंग्रेज काल, कई तानाशाही शासनों द्वारा पत्रकारों पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया गया पर उनकी कलम की आवाज कभी नहीं दबी और रुकी। वर्मा दो लाइने पढ़ते हुवे अपनी बात को समाप्त किया की "कमल के बूते में लिखता हूं कमल चलते ही मैं जीता हूं, धमकियां को रखकर किनारे, बेबाक पत्रिका करता हूं, आवाजहीन की आवाज हूं, लोकतंत्र का मैं साज हूं, मैं चलता फिरता समाचार हूं, हां मैं एक पत्रकार हूं। भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा पत्रकारिता सूरज के समान होती है जो गलत को जलाकर भस्म कर देती है और सही को उजागर करती है। गुलामी काल में पत्रकारिता को जिंदा रखने के लिए आक्रांताओं के खिलाफ आवाज बुलंद की अपने पत्रकारिता के दम पर आजादी के आवाज़ को जन-जन तक पहुंचाया।जखनिया सर्वदलीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवनारायण सिंह ने कहा की पत्रकारों का समाज में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। पत्रकार जान जोखिम में डाल खबरों को परोसता है तभी हर लोगो को सूचना मिलती है।पत्रकारिता को कुछ दलाल और रिश्वत खाने वाले अधिकारी चौथा स्तंभ को भ्रष्टाचार में धकेल रही ऐसे लोगो को इग्नोर कर विरोध करना चाहिए ताकि पत्रकारिता जगत में पारदर्शिता बने रहे।प्रधान प्रतिनिधि सर्वानंद उर्फ झुन्ना सिंह ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ पत्रकार का देश और समाज में जरूरत है।ऐसे कलमकार का हर जगह सम्मान होना चाहिए।मुगलों से लेकर अंग्रेजो को देश से खदेड़ने में सूचनाओं को जन जन तक पहुंचना पत्रकारों ने अहम रोल निभाई है।स्वच्छ पत्रकारों को सदैव हर लोगो को सम्मान करना चाहिए।इस मौके पर आयोजक रमेश प्रसाद सोनी ने आए हुए मुख्य अतिथियों को बुके और जखनिया सम्मान मेडल से सम्मानित किया।

## पीजी कॉलेज भुड़कुड़ा गाजीपुर के प्रांगण में गांधी जयन्ती के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर**। आज 2 अक्टूबर को गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा अन्तर्गत प्राचार्य प्रो बृजेश कुमार जायसवाल जी की अध्यक्षता में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी गण, एन सी सी के समस्त कैडेट्स,एन एस एस के समस्त स्वयं सेवकों सहित सभी छात्र / छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में युद्ध स्तर पर परिसर की साफ सफाई की गयी तो वहीं 2 अक्टूबर के अवसर पर महात्मा गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया!! तत्पश्चात प्राचार्य प्रो बृजेश कुमार जायसवाल जी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमे प्राध्यापकगण लोगों ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के सम्बन्ध मे अपने विचार ब्यक्त किया !! गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो बृजेश कुमार जायसवाल जी ने कहा कि आज के दिन हम सभी लोगों को गांधी जी एवं शास्त्री जी के विचारों से प्रेरणा लेते हुए स्वच्छता, अहिंसा, आत्मनिर्भरता,भारतीयता के प्रति समर्पित भाव से संकल्प लेना होगा और यही गांधी जी एवं शास्त्री जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी !! उक्त कार्यक्रमों में डा सत्य प्रकाश सिंह, डा रमेश कुमार , डा शिवानन्द पांडेय, डा प्रकाश चन्द्र पटेल, डा संजय कुमार, डा सन्तोष यादव,डा राजेश केशरी , डा धनन्जय उपाध्याय ,डा सर्वेश्वर प्रताप सिंह, डा प्रदीप राय, डा विजय बहादुर यादव, डा सन्तोष मिश्रा , डा संजीव सिंह, डा विजय कन्नौजिया, डा धर्मेन्द्र मौर्या, डा शेष नाथ यादव, डा धर्मेन्द्र सरोज, डा सौरभ मौर्या, डा विनय कुमार, डा सन्ध्या गुप्ता, डा जागृति गुप्ता, डा धर्मेन्द्र यादव,डा सुनिल सिंह,अश्विनी सिंह दीक्षित,डा ब्रजेश कुमार सिंह, डा जय प्रकाश सिंह, डा सर्वानन्द सिंह, डा मनोज सिंह, डा श्याम नारायण यादव,डा धनन्जय सिंह, डा संजय पांडेय, डा सुनिल सिंह गौतम, डा लालमणि सिंह, डा पारस नाथ यादव, डा सुभाष सिंह, डा उपेन्द्र नाथ दूबे,डा राम जी यादव,डा पवन सिंह, डा अखिलेश कुमार सिंह, डा राम आनन्द चौबे ,अमित सिंह,दिलीप सिंह, संजय सिंह, राजेन्द्र यादव , शेखावत अली,शशिकांत सिंह,श्री शिवराम,ओम प्रकाश पांडेय, मृत्युंजय सिंह, हेमराज सिंह, हरिकेश यादव, राम शब्द यादव, सिंह,श्याम नरायन कन्नौजिया, जितेन्द्र कुमार सिंह,श्री मती मंशा यादव , सिद्धार्थ सिंह,आशीष सिंह, जय प्रकाश यादव , अकबर अली, रवि कुमार, कुलदीप चौहान, रिजवान आदि सहित महाविद्यालय परिवार के सभी लोगों ने सक्रिय भागीदारी के अपनी अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

## ख़ास ख़बर

### महापुरुष के आदर्शों पर चलने हेतु दिलाई गई शपथ



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या ।** कोतवाली रुदौली परिसर में सीओ रुदौली एसबी तिवारी के नेतृत्व में महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दोनो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।ततपश्चात सभी पुलिस कर्मियों को उनके आदर्शों पर चलने,राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा करने,एकता अखंडता बनाये रखने,के लिए शपथ दिलाई गई।जिसमें प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह, एसआई इशहाक खान, विनय यादव,दूवेश त्रिवेदी,अविनाश चन्द्र,प्रमोद कुमार यादव,सहित समस्त पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।वही दूसरी ओर थाना मवई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती समारोह के अवसर पर सभी कर्मचारीगण द्वारा महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया। तथा थाना अध्यक्ष महोदया द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई एवम ध्वजारोहण भी किया गया।

### गांधी जी व लालबहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या ।** शिक्षा क्षेत्र रुदौली के अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय शुजागंज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154वे एवम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर शुभांकर वेल्फेयर सोसाइटी तथा मधनिषेध विभाग के सँयुक्त तत्वावधान में दौड़, चार्ट,भाषण,निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसके मुख्यातिथि क्षेत्राधिकारी रुदौली एसबी तिवारी की अनुपस्थिति में चौकी प्रभारी शुजागंज विनय यादव रहे,जिन्होंने गांधी जी व लालबहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण,पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।चौकी प्रभारी शुजागंज ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छत्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र दे पुरूस्कृत किया।

### राष्ट्रपिता महत्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी जन्म दिन हर्ष उल्लास से मनाया गया



**संवाददाता भीम सेन ,गोंडा ।** जनपद के संगमा देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आज दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को गांधी जी की जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिन बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय रामकुमार राव तथा विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार खेमचंद हिमानी सिंह , मजू देवी,अशोक कुमार,अरविंद कुमार प्राची सिंह संतोष कुमारी अर्चना, सजेंस मौर्या, एवं दोनों महान हस्तियों का जन्मदिन बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया ।

### बापू व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ





**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोण्डा को सत्य, अहिंसा, शांति व सद्भाव के प्रतीक "राष्ट्रपिता महात्मा गांधी" व "पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री" जी की जयंती के शुभ अवसर पर परिक्षेत्रीय कार्यालय पर डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण/पुष्पार्चन किया। डीआईजी द्वारा अपने उद्बोधन में महापुरुषों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान व उनके सम्पूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दिखाए गए सत्य,अहिंसा, सद्भाव, भाईचारा, परिश्रम व सत्मार्ग के रास्ते पर चलने की अपील करते हुए सभी पुलिसकर्मियों को सत्य,अहिंसा व सन्मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता व स्वच्छता हेतु अपना योगदान करने की शपथ दिलाई गयी।

### कैंप कार्यालय पर ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या ।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी समर्पण उत्थान सोसायटी के कैंप कार्यालय खैरनपुर रुदौली में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण कर तत्पश्चात मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से मनाया गया मुख्य । इस मौके पर समर्पण उत्थान सोसायटी के अध्यक्ष श्रवण कुमार उपाध्यक्ष रंजीत विश्वकर्मा उप प्रबंधक डॉक्टर विकास श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा प्रवक्ता धर्मेंद्र मिश्रा वरिष्ठ सदस्य राम सिंह हंसराज डॉ रविंद्र हनुमान सिंह अनिल कुमार अजय पाल अमित शर्मा अवधेश यादव वही विश्वकर्मा ब्रिगेड अयोध्या के महामंत्री अशोक विश्वकर्मा सचिव सुनील विश्वकर्मा संगठन मंत्री राममिलन विश्वकर्मा संरक्षक शीतल पर प्रसाद विश्वकर्मा अमर मिश्रा श्याम कपूर पत्रकार अबू बकर अनिल यादव शिवा जायसवाल सोनू यादव अमर लोधी आदि लोग उपस्थित रहे ।

# ब्राह्मण समाज के लोग बिना किसी भेदभाव के उत्पीड़न का दे मुंहतोड़ जवाब

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** बीकापुर विधानसभा अंतर्गत तहसील सोहावल क्षेत्र के मजनावा के मजरे कुडौली गांव स्थित भगवान परशुराम मंदिर के प्रांगण में ब्राह्मण समाज की महापंचायत बैठक हुई बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय चाणक्य परिषद दिलीप राम त्रिपाठी ने भरी हुंकार श्री त्रिपाठी ने संपूर्ण ब्राह्मण समाज से आह्वान करते हुए कहा कि अब वह समय आ गया है जब हम सभी ब्राह्मण समाज के लोग बिना किसी भेदभाव के संगठित होकर पूर्ण एकजुटता के साथ ब्राह्मण समाज के खिलाफ हो रहे अत्याचार, अनाचार, हत्या, उत्पीड़न का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा और सभी राजनैतिक पार्टियों द्वारा सुनियोजित तरीके से ब्राह्मणों को राजनीति से बेदखल करने के लिए की जा रही साजिश को नाकाम बनाने के लिए, तथा ब्राहमण समाज के नाम पर तमाम राजनैतिक पार्टियों में ब्राम्हण समाज का मुखौटा बनकर अपना उल्लू सीधा करते हुए ब्राह्मण समाज को धोखा देने वाले वर्ण शंकर, नपुंसक, ब्राह्मण नेताओं को बहिष्कार करने के लिए संपूर्ण ब्राह्मण समाज को दृढ़ संकल्प लेना होगा और समाज के जयचंदों को जवाब देना होगा तब जाकर के ब्राह्मण समाज का अस्तित्व बचेगा और ब्राह्मण मजबूत होगा और आगे किसी भी जाति या राजनैतिक पार्टियों का हैसियत नहीं होगा जो ब्राह्मण समाज को अनदेखा करें और आंख दिखाने का काम कर



सकें आज पूरे देश में ब्राह्मणों की लगातार हो रही हत्याओं को देखते हुए पूर्ण मुस्तैदी और एक जुटता के साथ जवाब देने के लिए हो जाए तैयार। इस बैठक को मूर्त रूप देने में अहम भूमिका निभाते हुए आयोजक मंडल के युवा साथी कप्तान तिवारी एवं करुणाकर पांडेय ( बब्बू ) के कुशल नेतृत्व में हजारों की संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर कुमार मिश्र एवं श्याम तिवारी ने किया बक्ताओं के क्रम में प्रमुख रूप से संतोष दुबे, सुनील पाठक, दिलीप राम त्रिपाठी, व्यास पीठाधीश्वर अमरनाथ पांडेय, भोला शुक्ल ने कहा की ब्राह्मण समाज को एक मंच पर लाने का हर संभव प्रयास शुरू कर दिया गया है, और बीते दिनों में ब्राह्मण समाज के खिलाफ साजिश कर जो भी निर्मम क्रूर आत्मा झकझोर देने वाली घटनाएं, हत्याएं, ब्राह्मण उत्पीड़न किया जा रहा हैं उसका हम सभी लोग मिलकर मुंहतोड़ जवाब दें, वक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जो हमारे समाज के हित की बात करेगा हम उसके साथ हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे प्रमुख रूप से सुनील पाठक, संतोष दुबे, दिलीप राम त्रिपाठी, अमरनाथ पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर जय गुरुदेव शुक्ल, अनिल तिवारी, सुड्डू मिश्र, गब्बर मिश्र, पारसनाथ पांडेय, रमाकांत दुबे, संतोष पांडेय, लक्ष्मण धर द्विवेदी, बाबूराम पांडेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष राधा रमण त्रिपाठी महानगर अध्यक्ष अयोध्या मुकेश तिवारी, करन तिवारी, गिरीश तिवारी, अमरेश शुक्ल, महंत रामचंद्र तिवारी, श्याम नारायण तिवारी, वीरेंद्र प्रसाद पाठक, अतुल तिवारी, शौर्य वर्धन, शिव वरदान तिवारी ने प्रमुख रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सभी लोगों ने ब्राह्मण उत्पीड़न पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा हम सभी लोग मिलकर के मुंह तोड़ जवाब देंगे आने वाले चुनाव में सब का हिसाब बराबर किया जाएगा और अपने समाज के ऊपर हो रहे अत्याचार को हम कभी नहीं भूलेंगे इसका बदला लेकर के ही रहेंगे जय ब्राह्मण समाज तय ब्राह्मण समाज।

## छात्रा से अश्लील हरकत करने वाले अधेड़ को किया पुलिस के हवाले



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर अयोध्या।** तहसील परिसर के समीप खंडहर नुमा मकान में झाड़ियां के बीच निर्जन स्थान पर करीब 12 वर्षीय सातवीं कक्षा की स्कूली छात्रा को बहका फुसला अश्लील हरकत और छेड़छाड़ कर रहे करीब 50 वर्षीय अधेड़ को स्थानीय लोगों और तहसील कर्मियों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। बताया गया कि तहसील परिसर के ठीक बगल में स्थित खंडहरों के बीच गांधी जयंती के दिन सोमवार सुबह करीब 11 बजे स्कूली छात्रा को पैसे का लालच देकर छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत करने वाले अधेड़ को आशंका होने पर बगल संपर्क मार्ग से गुजर रहे तहसील कर्मियों और स्थानीय लोगों ने पड़कर बंधक बना लिया। और धुनाई कर दी गई। घटना की जानकारी होने के बाद हलचल मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार तिवारी एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने मामले की गंभीरता और और संवेदनशीलता को भापते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी अधेड़ को हिरासत में ले लिया एवं कोतवाली लाया गया। तथा स्कूली छात्रा को पूछताछ के लिए महिला पुलिस के सुपुर्द किया।

## गांधी व शास्त्री की जयंती पर विद्यालय में गोष्ठी का हुआ आयोजन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूम धाम से मनाई गई। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल के साथ विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती के साथ दोनों महापुरुषों की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन कर इनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रबंधक ने कहा कि 1944 में सिंगापुर रेडियो से एक संदेश प्रसारित करते हुए सुभाष चन्द्र बोस ने गांधी जी को राष्ट्रपिता तो नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्र नाथ टैगोर ने गांधी जी को महात्मा की उपाधि दी। 15 अगस्त 1947 को बंगाल नोआखली में मुल्क में सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ २४ घंटे का उपवास रखा। इनकी शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विदेशों में भी गांधीजी के नाम पर ४८ सड़कों का नामकरण हुआ है। 1930 में अमेरिका की टाइम मैगजीन द्वारा 'मैन ऑफ द ईयर' से सम्मानित गांधी जी का जब घर में किसी से अनबन होता था तो उपवास करने लगते थे।

# शहर में खुदी सड़क से और गांव में छुट्टा जानवरों से जनता परेशानःसरोज यादव



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** बीकापुर विधानसभा के कपासी ग्राम सभा में विधानसभा अध्यक्ष रीता निषाद के नेतृत्व में महिला जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा की भाजपा सरकार में शहर में खुदी सड़क से और गांव में छुट्टा जानवरों से जनता परेशान है महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, चरम सीमा पर है महिलाओं को घर गृहस्थी चलाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है किसान,नौजवान परेशान है, इस डबल इंजन की सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है महिलाओं का सम्मान सपा में सुरक्षित है क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के शासनकाल में कन्या विद्या धन, पढ़े बेटियां बड़े बेटियां, साइकिल एवं लैपटॉप वितरण बेरोजगारी भत्ता, समाजवादी महिला पेंशन, लोहिया आवास, एंबुलेंस योजना, 1090,मेट्रो आदि दर्जनों जनहित में कार्य किए गए हैं। जो आज भी ऐतिहासिक है। जिसे जनता आज भी याद कर रही है। लोकसभा चुनाव में जनता महंगाई बेरोजगारी गरीबी और बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी। प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता मन बना चुकी है भाजपा सरकार का उत्तर प्रदेश में सफाया होगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बहुत मजबूत है। इंडिया गठबंधन के समर्थन में जनता है इंडिया जीतेगा। किसान, नौजवान, मध्यम वर्ग, महिलाएं, बुनकर और हर गरीब आदमी इंडिया गठबंधन के साथ खड़ा है। नौजवान बेरोजगार है। भाजपा ने नौजवानों और किसानों से झूठे वादे किए थे। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। उपाध्यक्ष विमल निषाद जी ने कहा की किसानों को फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। खिरौनी पंचायत की अध्यक्ष रेशमा भारती जी ने कहा महंगाई बहुत तेजी से बढ़ी है। हर वर्ग परेशान है। महंगाई के कारण लोग गैस सिलेण्डर नहीं भरा पा रहे हैं। सांड़ और आवारा जानवरों से लोग परेशान हैं। इस अवसर पर ज्ञान देवी, मिथिलेश, सीमा यादव, फूल कली, राजकुमारी, सुमन, अंजू, देवी, सुगना, शिव कुमारी, मीना देवी माया देवी, राजकुमारी, शिखा निशा, सायरा बानो, सफीकुल निशा, के के पटेल, जितेंद्र रावत, जितेंद्र यादव, बुधीराम यादव,रामपाल ,रामानंद आदि लोग उपस्थित रहे।

### देश के सपूत को कायस्थों ने किया याद, पहनाया माला, खूब लगाए जय घोष के नारे



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोण्डा जय जवान जय किसान के उदघोषक कर्म के प्रति अटल आस्थावान और सम्पूर्ण समर्पण त्याग के प्रतिमूर्ति भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर चित्रांश कल्याण समिति और श्री चित्रगुप्त सभा के सदस्यों ने लाल बहादुर शास्त्री चौराहे पर स्थापित मूर्ति पर माल्यार्पण कर शास्त्री जी के आदर्शों का जयघोष करते हुए नमन किया।अध्यक्षगण प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव गप्पू भैय्या पूर्व अध्यक्षगण विनोद कुमार श्रीवास्तव,अनिल कुमार श्रीवास्तव,संरक्षक गण इंजीनियर दिलीप कुमार श्रीवास्तव,प्रदीप कुमार महामंत्रीगण पंकज सिन्हा,संतोष कुमार श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष अश्वनी श्रीवास्तव ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि,शास्त्री जी भारत को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए जय जवान जय किसान के साथ कहा था कि "अपने देश की आजादी की रक्षा करना केवल सैनिकों का काम नहीं बल्कि ये पूरे देश का कर्तव्य है।

### संतों ने देखी राम मंदिर निर्माण प्रगति



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** संतों द्वारा किये गये श्रीराम के जयघोष से राममंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। रविवार की सुबह राममंदिर ट्रस्ट द्वारा मिले आमंत्रण पर मंदिर निर्माण की प्रगति देखने अयोध्या के करीब 300 संत जन्मभूमि परिसर पहुंचे थे। मंदिर का निर्माण करने वाली संस्था लार्सन एंड टुब्रो के तकनीकी सहायकों ने निर्माण की बारीकियों से संतों को अवगत कराया। राममंदिर के गेट पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने रामनगरी के संत महंतों का स्वागत किया। पदाधिकारियों द्वारा मंदिर परिसर के विभिन्न हिस्सों में संतों को भ्रमण कराया गया। जगतगुरु राघवाचार्य ने कहा कि हम उस पावन बेला की प्रतीक्षा कर रहे हैं जब भगवान राम लला अपने नवनिर्मित मंदिर में विराजमान होंगे।

### विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, मया-बाजार अयोध्या ।** बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज में आज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के शुभ अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य एम०ए इदरीशी ने महापुरूषों के चित्र पर पुष्प भेंटकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। और प्रभारी प्रधानाचार्य एम ० ए इदरीशी ने सत्य , अहिंसा,और त्याग की प्रतिमूर्ति राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और सच्चाई एवं सादगी के अग्रदूत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये महापुरुषों के आदर्शों पर चलने के लिये , सर्व धर्म सदभाव, आदर्श जीवन को अपनाने, राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा करने , एकता एवं अखण्डता को बनाये रखने , और अपने - अपने कार्यों का पूरे ईमानदारी से करने का संकल्प दिलाया । इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अनुशासित शिक्षक मास्टर राहत अली सलमानी, चन्द्रशेख़र इण्टर कॉलेज गौहानियाँ बन्दनपुर के सम्मानित प्रबन्धक रामतिलक शर्मा, कुलसुम बानों, एवं कृष्णा कुमार सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें वा कर्मचारी मौजूद रहें।

### गांधी जी के आदर्शों पर चलकर सभी लोग अपने जीवन में स्वच्छता अपनाये - आयुक्त

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोण्डा गांधी जी सत्य व अहिंसा के पुजारी थे उनके द्वारा दी गई शिक्षा आज भी दुनिया मे प्रांसगिक है। गांधी जी के अहिंसावादी विचारों व आदर्शो को अपने जीवन में उतारें। ऐसे महापुरूष विश्व मे बहुत कम जन्म लेते है जो अहंकार को त्याग कर जनहित में सदैव कार्य करते उन्होंने कहा कि हमे अपने आस-पास के वातावरण को साफ व स्वच्छ रखना चाहिये तथा लोगो को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक करना चाहिये। हमे अपने गली-मौहल्ले व कार्य स्थल को स्वच्छ रखना चाहिये जिससे शुद्ध वातावरण मिले और जीवन स्वस्थ हो। ये अनमोल विचार देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने गांधी जयंती के अवसर पर व्यक्त किये। गांधी जयंती के अवसर पर उन्होंने आयुक्त कार्यालय परिसर में राष्ट्रध्वज फहराकर सभी कर्मचारियों को "स्वच्छता ही सेवा" की शपथ दिलाई और सभी को स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया। इस बाद उनके द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद सभागार में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली बच्चों व अध्यापकों के साथ विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

**निरीक्षण** | गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया पौधरोपण

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती





**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** राष्ट्र के दो महापुरूषों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सभी सरकारी, अर्ध सरकारी कार्यालयों तथा शैक्षिक संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही राष्ट्र की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए लोगों ने संकल्प लिया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रध्वज फहराया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह को हथियार बनाकर आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया। उन्होंने गांव को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और मूलभूत सुविधाएं विकसित करने हेतु ग्राम स्वराज की अवधारणा से देश की आत्मनिर्भरता के लिए सार्थक प्रयास किए जिसकी आज भी प्रासंगिकता है। देश की आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी का महत्वपूर्ण योगदान है।उन्होंने शास्त्री जी के सादा जीवन उच्च विचार तथा देश के लिए किए गए योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन लिये गए संकल्प के अनुसार सभी लोग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कर देश के विकास में अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने दोनों महापुरुषों के जयंती के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी केवल भारत तक ही सीमित नहीं थे बल्कि उनके आदर्श पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने भारत रत्न शास्त्री जी की सादगी और उनकी देश सेवा को भी स्मरण किया कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में संकल्प दोहराने के पश्चात जिलाधिकारी ने कहा कि सत्य का प्रयोग करते हुए आग्रह पूर्वक कार्य करें। गांधी जी ने कभी कथनी करनी में अंतर नहीं रखा। आज हमारी अस्मिता लुप्त होती जा रही है। व्यक्ति जो दिखता है, वह होता नहीं, और जो होता है, वह दिखता नहीं। अतः हम मौलिक बनें। हम दूसरों से उसी समान पेश आएं, जैसा हम अपने लिए चाहते हैं। हम माइक पर उदात्त आदर्श की बात करते हैं किंतु जब क्रियान्वयन का समय आता है, तब भूल जाते हैं।

# "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत 63 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अयोध्या



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** भारत सरकार द्वारा दिनांक 1.10.2023 से 2.10 .2023 तक चलाए जा रहे "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत 63 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अयोध्या (उत्तर प्रदेश) द्वारा दिनांक 1.10.2023 को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री छोटेलाल, कमांडेंट 63 बटालियन, श्री सरकार राजा रमन द्वितीय कमान अधिकारी , श्री अजय कुमार, उप कमांडेंट, श्री राणा प्रताप ,उप कमांडेंट, श्री विनय कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट के अतिरिक्त अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण वह जवान, उनके परिवार के सदस्य एवं सिविल नागरिक उपस्थित रहे। श्री छोटेलाल कमांडेंट 63 बटालियन के दिशा निर्देशन तथा कुशल नेतृत्व में लक्ष्मण घाट, अयोध्या में "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मण घाट, अयोध्या में स्वच्छता अभियान चलाकर इलाके की साफ सफाई की गई । वाहिनी के अधिकारियों जवानों तथा सिविल नागरिकों द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाकर लक्ष्मण घाट के इलाके में फैले कचरे की साफ सफाई की तथा वहां के विभिन्न स्थानों पर उगे हुए खरपतवारों को काटकर नगर निगम, अयोध्या द्वारा स्थापित कचरा दानी में डाला गया। श्री छोटेलाल कमांडेंट 63 बटालियन द्वारा वाहिनी के जवानों ,उनके परिवार के सदस्य तथा सिविल नागरिकों से अपने संबोधन में कहा गया कि जितना ध्यान हमें स्वयं पर तथा अपने घरों की साफ-सफाई पर देने की आवश्यकता है उतना ही ध्यान हमको अपने आस_पास के क्षेत्र की साफ सफाई पर देने की भी आवश्यकता है , क्योंकि जितना हमारे निवास स्थान के आसपास का क्षेत्र साफ सुथरा रहेगा उतनी ही बीमारियां कम फैलेंगी तथा उसका लाभ हम लोगों को ही मिलेगा । कमांडेंट महोदय ने कहा कि हमको अपने घरों से भी निकलने वाले कचरे को निर्धारित वर्गीकरण के अनुसार लाल , नीले तथा हरे कचरादानी में ही डालना चाहिए। श्री छोटेलाल कमांडेंट 63 बटालियन द्वारा यह भी बताया गया की साफ सफाई रखने का सबसे अच्छा व सुगम उपाय है कि कचरा फैलाया ही ना जाए , जितना कम कचरा हम फैलाएंगे उतनी ही गंदगी कम होगी या ना के बराबर होगी जिसको साफ करना आसान होगा। महोदय ने कहा कि साफ सफाई के इस कार्यक्रम को केवल आज भर के लिए ही नहीं बल्कि सदैव के लिए अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है तथा अपने बच्चों में भी वैसी ही मानसिकता को विकसित करने की आवश्यकता है ताकि हम सभी अपने लिए एक स्वच्छ वातावरण तैयार कर सके तथा उसके कारण बीमारी रहित तथा स्वस्थ जीवन का आनंद ले सकें।

## ख़ास ख़बर

### खेलों झारखंड प्रतियोगिता हेतु ओम प्रकाश कबड्डी एकाडमी, मिहिजाम के खिलाड़ी रांची के लिए हुए रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेलो झारखण्ड 2023-24 में ओम प्रकाश कबड्डी एकाडमी, मिहिजाम के अंडर -14 के 36 बालक एवं 24 बालिका टीम रांची के लिए रवाना हुए। इस टीम में जामताड़ा , मिहिजाम और कुण्डहित के बालक बालिका खिलाड़ी शामिल हैंइनके साथ मुख्य रूप से कोच राज कमल सिंह मौजूद रहेंगे। यह प्रतियोगिता 3 से 6 अक्टूबर तक रांची के खेल गाँव स्टेडियम में आयोजित होगी। विदित हो कि जेबीसी हाई स्कूल परिसर में खिलाड़ियों से भरे बस को जिला शिक्षा पदधिकारी गोपाल कृष्ण झा ने हरी झंडी दिखाकर रांची के लिए रवाना किया। मौके पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने के लिए जेबीसी हाई स्कूल के प्राचार्य सुशील मराण्डी,प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल के शिक्षक अपूर्व मंडल, नेनी गोपाल, राजकीय बुनियादी विद्यालय के सुखमय मुखर्जी एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

### गांधीजी के विचारधारा पर कांग्रेस पार्टी चली है और चलती रहेगी - जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।** 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई जाती है। इस बार बापू की 154 वी जयंती जामताड़ा जिला कांग्रेस इकाई द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं ने जामताड़ा गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बारी बारी से महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत महात्मा गांधी अमर रहे,रघुपति राघव सीताराम का गीत गा कर बापू को याद किया। वहीं जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने कहा कि आज हमारे बापू महात्मा गांधी जी की 154 वी जन्मदिन है। हम लोग सारे कांग्रेसी पूरे देश में हर साल की भाति इस वर्ष भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ उनका जन्मदिन मना रहे हैं।गांधी जी आज कांग्रेस के विचारधारा है और गांधीजी के विचारधारा पर कांग्रेस पार्टी चली है, और चलेगी आजीवन कांग्रेस पार्टी के शपथ ली है और गांधी जी के विचारधारा को आगे लेकर चलना है और बढ़ाना है। कोई अगर नकल करता है डुप्लीकेट करता है तो अलग बात है।और गांधी जी के विचार धारा पर सबको चलना चाहिए। बहुत अच्छी बात है। आप लोग देखे होंगे कि आज यहां पर सभी कार्यकर्ता ने मेरे साथ रघुपति राघव सीता राम का भजन गया है। और सीताराम और राम हमारे हैं।राम कांग्रेस पार्टी के हैं और हम लोग राम के राम भक्त हैं पूरी कांग्रेस पार्टी सभी विचारों पर हम कांग्रेस के कार्यकर्ता चलते आ रहे हैं।

### मृतका निशा के परिजनों ने पूर्व सांसद फुरकान अंसारी से लगाया न्याय की गुहार



**दैनिक शुभ भास्कर,मो०असलम, मधुपुर/देवघर ।** गोड्डा लोकसभा के पूर्व सांसद वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फुरकान अंसारी के आवास पर मृतका निशा के परिजन उनसे मिलने पहुंचे और घटना की सारी जानकारी पूर्व सांसद को देते हुए न्याय दिलाने की गुहार की। परिजनों ने कहा कि उनकी पुत्री 22 वर्षीय निशा कुमारी का पिछले दिनों अनुराग हॉस्पिटल में इलाज के बाद मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण उनकी बेटी निशा की जान गई है। घटना सुनने के बाद पूर्व सांसद अंसारी ने परिजनों को न्याय दिलाने का पूरा आश्वासन दिया है और कहा है कि मृतिका को न्याय जरूर मिलेगा और दोषी बख्से नहीं जाएंगे। इस घटना की जांच पूरी तरह निष्पक्ष होगी। इसके लिए उन्होंने देवघर सदर अस्पताल के सिविल सर्जन से बात की। वही झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सचिव नेत्री शबाना खातून अपने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ मृतका के आवास पहुंच कर परिजनों से मिली। मौके पर कांग्रेस के मीडिया प्रभारी गोल्डी खान, मार्गोमुंडा प्रखंड अध्यक्ष जयशंकर शरण, अनिल राव,अमर शर्मा, राजा, आदि मौजूद थे।

# फुटबॉल मैच खिलाड़ियों को तरासने का बेहतर माध्यम - हरिमोहन मिश्रा



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।** पीबी क्लब पीपलाटांड़ बोकापहाड़ी के द्वारा तीन दिवसीय टाईमली फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का आयोजन किया गया था। जिसका शुभारंभ 30 सितंबर को हुआ था। गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को फाइनल का महा मुकाबला मैच हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर प्रेत्यक वर्ष यहां भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होते आ रहा है। मुझे भी इस मौके पर हजारों जनता का प्यार मिलता है। इसके लिए कमेटी का धन्यवाद । फुटबॉल मैच खिलाड़ियों को तरासने का बेहतर अवसर होता है। यहां जो टीम विजेता और उपविजेता रहते हैं। किसी को हारने का दुःख नहीं होता है। क्योंकि सभी को सम्मान जनक उपहार से सम्मानित किया जाता है । कोइ भी खेल हो हार जीत होता ही है। खिलाड़ियों को मेरे तरफ से पूरा सहयोग मिलेगा।इस क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तर पर भी पहुंचे यहीं मेरा सुभेच्छा है।अभी हमारे झारखंड में महागठबंधन का सरकार है। हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से फुटबॉल खिलाड़ी को राज्य स्तर पर दर्जा देकर प्रोत्साहित करने का प्रयास करेंगे। इसी के साथ उनके द्वारा सभी को शुभकामनाएं दिया गया।पूरा मैदान खचाखच भरा रहा। इसके साथ ही बैंड बाजा के धून से जोरदार स्वागत किया गया । टूर्नामेंट में पहला सेमीफाइनल जारपागोडा और हुदुर दुर्गा के बीच खेला गया। वहीं दुसरी पारी नवाडीह और मुचिडीह बंगाल के बीच खेला गया। जिसमें हुदुर दुर्गा और नवाडीह के टीम फाइनल में जगह बनाया । खेल को लेकर आयोजक द्वारा सभी नियम एवं शर्त का पालन किया गया। आयोजक द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत बड़ा टूर्नामेंट रखा गया है। चार पांच से नवाडीह टीम विजेता हुए।जिसमें विजेता टीम नवाडीह को तीस हजार ,उपविजेता टीम हुदुर दुर्गा को पच्चीस हजार एवं सेमीफाइनल में खेल में हारने वाले दोनों टीमों को छ-छ हजार का नगद राशि पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ़ द रेफरी के साथ ही विभिन्न प्रकार के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया ।मो मुस्तफा, बबीता हेंब्रम मुखिया,एनिमा बेसरा पंचायत समिति, रमेश मरांडी ग्राम प्रधान, सीताराम बास्की ,विमल मरांडी, बेणेश्वर मरांडी, दिलीप सहित तमाम कमेटी के सदस्य गण उपस्थित थे ।

## महात्मा गाँधी की जयन्ती के अवसर पर सभी प्रखंड अंतर्गत ग्राम सभाओं में दिलाया गया शपथ



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।** सोमवार को जिला अंतर्गत गठित ग्राम सभाओं में आज महात्मा गाँधी की जयन्ती के अवसर पर महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के उपरांत वनाधिकार शपथ दिलाया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि भूषण मेहरा ने बताया कि जिला अंतर्गत सभी अंचल स्तर पर अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के अंतर्गत कुल 234 ग्राम सभाओं का गठन किया गया था। जिसमें आज प्रखंड स्तरीय/जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी की मौजूदगी में सदस्यों ने ग्रामसभा सदस्यों को वनाधिकार शपथ के द्वारा वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन / पुनर्गठन करने तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने हेतु उनके दावा पर नियम के अनुसार अनुशंसा करने हेतु साथ ही जल, जंगल और जमीन एवं इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने का शपथ लिया। इस दौरान उन्हें वनाधिकारों, वनपट्टा के अलावा अधिनियम के तहत प्रदान किए गए अधिकारों के बारे में बताया गया। इसके अलावा उन्हें सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया तथा उनका लाभ लेने हेतु अपील किया गया। वहीं उक्त शपथ कार्यक्रम के सतत पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंडवार जिला स्तर से वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी ।

## अपराधियों पर अंकुश लगाना मेरी प्राथमिकता- पुलिस निरीक्षक



**दैनिक शुभ भास्कर,सुष्मिता कुमारी , नाला/जामताड़ा ।** अपराध नियंत्रण को लेकर नाला प्रभाग के पुलिस निरीक्षक अब्दुल रहमान ने पुलिस निरीक्षक कार्यालय में अपने अधीनस्थ पुलिस पदधिकारियों के साथ पहली बैठक की। इस दौरान उन्होंने लंबित कांडों की समीक्षा के दौरान सभी लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही जितने भी पुराने वारंटी है उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजने तथा वारंट तमिला करने का भी निर्देश दिया। साथ ही सूचना संकलन करने तथा अपराध नियंत्रण को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक अब्दुल रहमान ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नाला सर्कल में पदस्थापन के पश्चात यह मेरा पहला क्राइम मीटिंग है। क्राइम मीटिंग में नाला तथा बिंदापाथर थाना के लंबित कांडों तथा अपराधिक घटनाओं की समीक्षा की गई तथा थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। कहा कि नाला एवं बिंदापाथर थाना क्षेत्र के आम लोगों तक यह संदेश देना चाहता हूं कि वह अपनी समस्याओं के समाधान हेतु बेहिचक मुझसे मिल सकते हैं मैं यथासंभव उनकी समस्याओं का निपटारा अपने स्तर से करने का प्रयास करूंगा। साथ ही अपराधियों पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा, बिन्दापाथर थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्वर्गीय अचिन सेन मेमोरियल खो - खो प्रतियोगिता संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।** नगर स्थित सेंट जोसेफ स्कूल के प्रांगण में जामताड़ा जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्गीय अचिन सेन मेमोरियल खो - खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में जामताड़ा के विभिन्न स्कूलों एवं क्लब से बालक वर्ग के 10 टीम एवं बालिका वर्ग की 6 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि समाज सेवी चमेली देवी एवं अति विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पुलिस अधिकारी आनंद ज्योति मिंज ने संयुक्त रूप से सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किये। अंडर 14 बालक वर्ग में विजेता सेंट जोसेफ स्कूल श्रीरामपुर जामताड़ा एवं उपविजेता उत्क्रमित बुनियादी हाई स्कूल मेझीया । अंडर 17 बालक वर्ग में विजेता जामताड़ा खो-खो क्लब, उपविजेता सेंट जोसेफ स्कूल जामताड़ा । बालिका वर्ग में विजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेझीया एवं उपविजेता सेंट जोसेफ स्कूल जामताड़ा रहे। सभी खो - खो खिलाड़ियों को को संबोधित करते हुए अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद ज्योति मींज ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे मोबाइल में ही सिमट के रह जा रहे हैं। अब बच्चे को घर से बाहर निकलने के लिए पेरेंट्स काफी परेशान हो रहे हैं इसीलिए अब अभिभावकों को भी कम से कम बच्चे को ग्राउंड में एक घंटा आवश्यक रूप में खेलने के लिए भेजें। जिससे कि बच्चे -बच्चियों का शारीरिक , मानसिक के साथ-साथ बौद्धिक विकास हो सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी चमेली देवी ने कहा कि हम सभी का प्रयास रहता है कि जामताड़ा के बच्चे - बच्चियां खेल के क्षेत्र में जामताड़ा जिले का नाम रोशन करें। इसी उद्देश्य इस तरह का प्रतियोगिता का आयोजन समय-समय पर होता रहता है। राज्य खो-खो संघ के संयुक्त सचिव दीपक दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जामताड़ा जिला में खो - खो खेल के खिलाड़ी काफी जोरों से उभर रहे है। और आज के इस प्रतियोगिता को आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य हमारे बचपन के मित्र पुलिस विभाग में कार्यरत अचिन सेन को सच्चे श्रद्धांजलि देने का और आज उनके जन्मदिन के अवसर पर हम सभी याद करने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर पर सचिन सेन के बेटा माधव सेन , उनके बड़े भाई सचिन सेन,उनके पिता सपन सेन उपस्थित थे। खो- खो प्रतियोगिता को सफल संचालन जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष डी.डी.भंडारी , डॉ .चंचल भंडारी , नितेश सेन , इम्तियाज अंसारी , विनय सिंह , सूरज कु .पासवान, राहुल सिंह , भास्कर चांद, रौनक राज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

### कांग्रेस ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती



**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/देवघर ।** कांग्रेस कमिटी के द्वारा शहर के गांधी चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सचिव शबाना खातून ने कहा कि यह देश महात्मा गांधी का देश है । महात्मा गांधी के आदर्श और सिद्धांत को मानने वालों का देश है। आज हम लोगों के बीच महात्मा गांधी नहीं है पर उनके सिद्धांत हम लोगों के साथ है। वही झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सचिव फैयाज कैसर ने कहा संपूर्ण विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर पूरे देश को गर्व है।मौके पर कांग्रेस मिडिया प्रभारी गोल्डी खान,मार्गोमुंडा प्रखंड अध्यक्ष जयशंकर शरण, अनिल राव, अमर शर्मा, श्याम, राजा, मुशर्रफ हुसैन, आलम खान, सलाउद्दीन शेख, मास्टर अलाउद्दीन,राहुल सिंह, अलाउद्दीन, रमेश दास आदि मौजूद थे।

### मंत्री हफिज उल हसन ने गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता मो०असलम,मधुपुर/देवघर ।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर याद किए गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी। मौके पर सुबह से ही मधुपुर गांधी चौक पर चहल-पहल देखी गई। शहर के सभी प्रतिमाओं को साफ-सफाई की गई। वहीं झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कला संस्कृति खेलकूद मंत्री हफीजुल हसन ने गांधी चौक स्थित गांधी की प्रतिमा पर माला अर्पण किया और श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बारी बारी से पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं ने भी गांधी जी के प्रतिमा पर माला अर्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि गांधी जी का संदेश सारी दुनिया एवं इंसानियत के लिए था। गांधी जी बापू का जीवन बापू के विचार हमें सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। मौके पर अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद शाहिद, विधायक स्वास्थ्य प्रतिनिधि, मोहम्मद शाकिर अंसारी, अब्दुल गफ्फार, मोहम्मद सरफराज उर्फ बबलू, अजय कुमार सिंह, मोहम्मद शाहनवाज, नंदा यादव, युगल यादव, मीडिया प्रभारी समीर आलम ,रंजीत दास समेत दर्जनों जेएमएम के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जामताड़ा महाविद्यालय में “नोन-वायलंस प्लएड्ज “ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।** अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर जामताड़ा कॉलेज जामताड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा जामताड़ा कॉलेज परिसर में स्वयं सेवक - सेविकाओं एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं के साथ “नोन-वायलंस प्लएड्ज “कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने मन, कर्म, वचन से अहिंसात्मक प्रवृत्ति को अपनाने की प्रतिज्ञा ली | इस कार्यक्रम में जहां एक और डॉक्टर गिरी ने अपने संदेश वचन में कहा कि हमें महात्मा गांधी के वचन एवं कर्मों का अनुकरण करना चाहिए क्योंकि वर्तमान समय में हर तरफ हिंसात्मक प्रवृत्ति का बोलबाला होने के कारण सभी अशांति में जूझ रहे हैं। भारत शांति का संदेश देने वाला देश है। हमें भी शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलकर अपने जीवन में परिवर्तन लाना चाहिए। प्रोफेसर नीलम कुजूर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने आप में सुधार करना होगा। हमारे अंदर मौजूद हिंसात्मक प्रवृत्ति को समाप्त कर अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए हम दूसरों में भी सुधार कर सकते हैं। इस तरह हम अपने परिवार, समाज में भी परिवर्तन ला सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर काकोली के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा देश शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाला है । हम अपने इतिहास के पन्नों से इसकी सीख ले सकते हैं। जब कलिंग के युद्ध के पश्चात सम्राट अशोक ने अपना मन परिवर्तन कर हिंसा के मार्ग का त्याग कर अहिंसा के मार्ग का चयन किया और देश एवं विदेशों में शांति के प्रचार का मार्ग अपनाया। वही दूसरी ओर हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के द्वारा हमें अंग्रेजों से स्वतंत्रता इसी अहिंसात्मक प्रवृत्ति के कारण प्राप्त हुई।

श्रद्धांजलि | महात्मा गांधी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया

# भाजपा ने बापू वाटिका में स्थित प्रतिमा पर मलार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।** सोमवार को महात्मा गांधी के 154वी जयंती के सुअवसर पर जामताड़ा भाजपा परिवार की ओर से कोर्ट मोड़ स्थित बापू वाटिका में स्थित प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रीयध्वज फहरा कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल सम्मिलित हुए। भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल ने महात्मा गांधी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी जयंती के सुअवसर पर जामताड़ा भाजपा जिला इकाई के तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम के साथ गांधी जयंती मनाई गई। जामताड़ा नगर पंचायत अंतर्गत कोर्ट मोड़ स्थित आदमकद प्रतिमा के समक्ष जामताड़ा भाजपा परिवार के सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण के द्वारा राष्ट्रध्वजों तोलन के उपरांत प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। श्री मंडल ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम लड़ाई का नेतृत्व किया था। उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर तोड़ने के लिए किसी तरह की हिंसा का सहारा नहीं लिया बल्कि सत्य और अहिंसा की मार्ग पर चलकर जीत हासिल की। उनके इस सिद्धांत का अनुसरण आज भी देश-विदेश तक के लोग करते हैं। आज पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जयंती मना रहा है। देशवासी अपने-अपने माध्यम से बापू को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। गांधी जयंती के सुअवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में पुरा देश भर के कोने-कोने में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। महात्मा गांधी का प्रभाव वैश्विक है, संपूर्ण मानव जाति को एकता एवं करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। हम सबको मिलकर सदैव उनके सपनों को आगे बढ़ाने के दिशा में कार्य करते रहना हैं। गांधी जयंती समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला अध्यक्ष अनूप पांडेय,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल, प्रो. मुरारी सिंह,नरेश बर्मन,बिजय भगत,अजीत सिंह, अशोक चौबे, राकेश पाल समेत तमाम भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# मंत्री हफीजुल हसन ने एक करोड़ 21 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सड़क का किया शिलान्यास



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर /देवघर ।** सूबे के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने सोमवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण विकास विभाग की देखरेख में मधुपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत देवघर प्रखंड के चाँदडीह बासमत्ता पथ से भोकताटील्हा, से बाबा भीमराव अंबेडकर मूर्ति मुख्य पथ भाया मंडल टोला दुबे मंदिर तक 1.60 किलोमीटर तक एक करोड़ 21 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सड़क का शिलान्यास किया। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि हमारी सरकार विकास पर विश्वास करती है। यही वजह है कि कोरोना खत्म होने के बाद पूरे झारखंड में चौतरफा विकास तेज रफ्तार के साथ हो रहा है। मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। चाहे वह पर्यटक, कल्याण विभाग या मुख्यमंत्री सड़क योजना विभाग से हो। हर तरफ विकास की रफ्तार जारी है। इस सड़क निर्माण के लिए यहां के ग्रामीणों की वर्षों से मांग थी। यह सड़क बन जाने के बाद बेरोजगार नौजवानों के बीच रोजगार का रास्ता खुलेगा। कहा कि चौमुखी विकास में यातायात यानी सड़क की भूमिका अहम हो जाती है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सरकार ने जो भी चुनावी वादा जनता से किया था एक एक कर धरातल पर उतरने लगा है। चाहे वह पुरानी पेंशन योजना हो, पारा शिक्षकों की मांग और आंगनबाड़ी सेविका सहायिका की मानदेय बढ़ोतरी सभी मांगे पूरी करने का काम हेमंत सोरेन जी की सरकार ने किया है। सरकार 60 वर्ष वाले सभी वृद्धा विधवा और दिव्यांगों को पेंशन दे रही है। आंतिम व्यक्ति लाभ से वंचित ना रहे इसके लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर आन द स्पाट पेंशन लागू कर रही है।मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में सभी प्रखंड एवं गांव एक दूसरे से कनेक्ट हो जाएंगे। लोगों को आवागमन में किसी तरह का परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। हमारी सरकार विकास को लेकर अति संवेदनशील है। सरकार चौतरफा विकास की गति को तेज रफ्तार से कर रही है।मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर सड़कों का निर्माण किया जाएगा। कहा कि मधुपुर विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे निकल चुका है। ग्रामीणों से कहा कि अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षा प्रदान करें। शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जो हर अंधकार को मिटा सकता है।एक घंटा बारी एवं एक घंटा पढ़ाई बच्चों के साथ बैठकर करने की अपील की। जब पूरा परिवार शिक्षित होगा तभी घर परिवार व समाज तरक्की कर सकता है।जिला 20, सूत्री उपाध्यक्ष मुनम संजय, कांग्रेस जिला अध्यक्ष, प्रोफेसर,उदय प्रकाश, लियाकत अंसारी श्रीकांत दास डोमन यादव टिंकू दास पंकज दास, दिनेश यादव, आबिद अंसारी, देवघर जिला मीडिया प्रभारी समीर आलम, कदीर अंसारी नागेश्वर यादव कामदेव यादव हबीब अंसारी शरीफ अंसारी महादेव पंडित भागीरथ पंडित सुखलाल हेंब्रम, आदि लोग उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### शांति भंग में 02 अभियुक्त गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । दिनांक 02/10/2023 को थाना ललिया बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 02 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय बलरामपुर भेजा गया। नाम पता अभियुक्तगण । मालिकराम पुत्र नानमून उम्र करीब 47 वर्ष,राम सुभाष उर्फ सुभाष उम्र करीब 31 वर्ष पुत्रगण नानमून निवासीगण ग्राम अमवा थाना ललिया जनपद बलरामपुर। गिरफ्तार करने वाले अधिकारी/कर्म0गण का नाम उ0नि0 श्री शमशाद अली। का0 बालेंद्र प्रताप सिंह ।

### तहसील और ब्लॉकों में चस्पा होगी गैर मान्यता प्राप्त कॉलेजों की सूची

**बलरामपुर संवादाता** । जिले के गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग अभियान चलाएगा। ब्लॉक परिसर, तहसील और क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची चस्पा करेगा। जिले में राजकीय, वित्त पोषित और वित्त विहीन के कुल 462 विद्यालय है। जिसमें 26 राजकीय हाई स्कूल, इंटर कॉलेज, 40 संस्कृत, 345 अशासकीय सहायता प्राप्त और 50 माध्यमिक के सहायता प्राप्त हाई स्कूल और इंटर कॉलेज है। लगभग दो लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ते है,दो लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ते है। वहीं जिले में सैकड़ो की संख्या में गैर मान्यता प्राप्त स्कूल चल रहे है। कुछ स्कूल दूसरे विद्यालयों से छात्रों का बोर्ड के फॉर्म भरवाते है। जिससे छात्रों को अधिक धन खर्च करना पड़ता है। कभी-कभी तो प्राइवेट विद्यालय के चक्कर में पड़े छात्रों का बोर्ड फॉर्म ही नहीं भरा जाता है। इससे उनका साल भी खराब होता है। इसे देखते हुए शिक्षा विभाग ने गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए तैयारी की है। विभाग के अनुसार अभियान के लिए शीघ्र ही नोडल अधिकारी तैनात कर जिले को विभिन्न सेक्टरों में बांटा जाएगा। स्वच्छता पखवाड़े के बाद जिलाधिकारी की अनुमति से अभियान संचालित होगा।

### शौर्य जागरण यात्रा स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का किया गया आयोजन



**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे, जनपद बलरामपुर** । जनपद बलरामपुर में विश्व हिंदू परिषद द्वारा बजरंग दल अवध प्रांत शौर्य जागरण यात्रा जो अयोध्या से चलकर बलरामपुर जनपद में आगमन हुआ अयोध्या से आए हुए संत महात्मा का स्वागत आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष व अजय श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बलरामपुर वह सुधीर श्रीवास्तव विभाग मंत्री .कमलेश त्रिपाठी विभाग विशेष संपर्क प्रमुख . निवेदक कुंवर सुमेर सिंह .कमलेश. लड्डू तिवारी आदि कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस लाइन रामलीला ग्राउंड पर बहादुरापुर में आयोजन किया गया जिसमें अयोध्या से आए संत महात्मा का स्वागत किया गया जलपान की व्यवस्था की गई फिर वहां से निकलकर वीर विनय चौराहे होते हुए मुख्य मार्ग से चौक होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर रमना पार्क पहुंची जहां पर एक सभा का आयोजन किया गया आयोजन में देश में फैले अनाचार जैसे लब्जिहाद . गौकाशी .धर्मांतरण आदि संकटों से निपटने के लिए बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद द्वारा आम जनमानस से आवाहन किया गया ।

### विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ गणेश चतुर्थी



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोण्डा श्री गणेश चतुर्थी पर जगह जगह हुआ भजन कीर्तन,जागरण वहीं राजकुमार व अतुल श्रीवास्तव के भजन पर श्रद्धालु भक्ति भाव में खूब झूमते रहे ।तत्पश्चात गणेश प्रतिमा विसर्जन के उपरांत विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ गणेश चतुर्थी। ज्ञात हो श्री गणेश चतुर्थी पर नगर की प्रमुख गलियों के साथ ही उपरहितन पुरवा निवासी इंजीनियर दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने अपने निज आवास पर विगत कई वर्षों से श्री गणेश की प्रतिमा रखते चले आ रहे जहां नित महिलाएं कीर्तन भजन आरती भोग किया करती रही तत्पश्चात हुआ श्री गणेश प्रतिमा का विसर्जन और विशाल भंडारा।जिस समय ई0 डी0 के 0श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, अविनाश, शुशील,सन्तोष,अनिल, विनोद अर्चना,शिल्पी,सुनिधि,नीलम, मधु, प्रवीण,आन्या समेत दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भव्यतापूर्वक मनाई गई जयंती



**सौरभ पांडे ब्यूरो बलरामपुर** । जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 119 वी जयंती भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक समेत सभी अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन पर आयोजित गोष्ठी में सीएमएस की छात्राओं द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व महात्मा गांधी जी के जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व महात्मा गांधी जी के दर्शन से प्रेरित है। गांधी जी ने पूरे विश्व को सत्य एवं अहिंसा का पाठ पढ़ाया। आज कई देशों की नीतियां एवं संविधान गांधी जी के सिद्धांत एवं विचारधारा से प्रेरित है। गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा को लेकर कभी भी अपने पथ से नहीं डिगे, उन्होंने अपने सत्य एवं अहिंसा के बल पर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश किया। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि हम गांधी जी को तभी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे होंगे, जब हम उनके विचारों को अपने जीवन में अपना रहे होंगे। गांधी जी के विचार एवं सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है उनके सिद्धांत एवं विचार जीवन के सभी मौकों पर मार्गदर्शन देने का कार्य करते हैं। आज के युवा वर्ग गांधी जी के विचारों एवं दर्शन का अध्ययन करेंगे तो जरूर उनसे प्रेरित होंगे और यहां उनके आने वाले जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण होगा। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि जब हम राष्ट्र निर्माण की बात करते हैं तो हमें व्यक्तिगत चरित्र निर्माण, परिवार का चरित्र निर्माण, एवं संस्था का चरित्र निर्माण करना होता है इसके लिए आवश्यक है कि हम गांधी जी एवं शास्त्री जी एवं अन्य महापुरुषों के जीवन मूल्यों को अपनाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर उप जिलाधिकारी के द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान स्टेनो एससी उपाध्याय, संजीव श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडे, संचित मोहन तिवारी, खनन अधिकारी अभय रंजन, आपदा सहायक राजेश कुमार व कलेक्ट्रेट के अन्य सभी अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## बलरामपुर उतरौला में शक्ति दीदी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ** । क्षेत्राधिकारी उतरौला द्वारा पुलिस लाइन सभागार बलरामपुर में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति (शक्ति दीदी) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । आज दिनांक 02.10.2023 को क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योतिश्री द्वारा पुलिस लाइन सभागार बलरामपुर में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति (शक्ति दीदी) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न थानों से उपस्थित बीट प्रभारी /महिला आरक्षी/पुरूष बीट आरक्षी को शक्ति दीदी के कर्तव्य सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए, सभी को प्रशिक्षित किया गया तथा सम्बन्धित महिला बीट आरक्षी को शक्ति दीदी की उपाधि प्रदान करते हुए उन्हें बताया गया कि महिलाओं , बच्चों संबंधित समस्याओं को किस तरह से समझना है, और उनके बीच संवाद स्थापित कर समस्या का समाधान करना है तथा उनको बताया गया प्रशिक्षण मॉड्यूल की सहायता से शक्ति दीदी द्वारा विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थान पर जाकर बच्चों व महिलाओं को उनसे संबंधित विषयों खासकर बाल एवं महिला अधिकार एवं शोषण, हेल्पलाइन नंबर 1098,1090,112,181,1076, गुड टच बैड टच आदि ।

## अन्तर्जनपदीय 03 शातिर चोर गिरफ्तार



**गोंण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत शातिर चोरों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/ थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 करनैलगंज पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय 03 शातिर चोरों-आशीष सिंह उर्फ मर्जाद सिंह, 02. संतोष कुमार मिश्र, 03. ईदू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 03 अदद ट्रैक्टर व 03 अदद ट्राली बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तों ने दिनांक 06.07.2023 को वादी पवन कुमार यादव पुत्र मदन नि0 ग्राम कारी पुरवा मौजा कटहा थाना को0 देहात जनपद बहराइच के ट्रैक्टर-ट्राली में टेन्ट का समान लादवा कर कस्बा करनैलगंज लाये थे जहां से वादी को चकमा देकर ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गए थे तथा दिनांक 20.09.2023 को वादी शकील अहमद पुत्र शब्बीर अली नि0 हारीपुर थाना को0 नगर जनपद गोण्डा के ट्रैक्टर-ट्राली में सटरिंग का समान लादवा कर रामलीला मैदान कस्बा करनैलगंज आये थे जहां से ड्राइवर को चकमा देकर ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गए थे। जिसके सम्बन्ध में वादीगणों द्वारा थाना को0 करनैलगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। इसी तरह जनपद बहराइच में एक अदद ट्रैक्टर-ट्राली चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उक्त अभियुक्तगणों का एक संगठित गिरोह है जो जनपद गोण्डा, बहराइच व आसपास के जनपदों में ट्रैक्टर-ट्राली चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थें।

## गांधी जयंती पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन, मंत्री व सांसद ने गांधी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर की चर्चा



**सिकन्दरपुर,बलिया।** अहिंसा के सामने तलवार का बल तृणवत है। गांधी जी ने कहा था की अहिंसा वीर का लक्षण है कायरता कभी धर्म नहीं हो सकती। अहिंसा के सामने तलवार का बल तृणवत है। उक्त उद्गार गांधी जयंती के अवसर पर जूनियर हाई स्कूल सिकन्दरपुर के प्रांगण में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री दयाल शंकर मिश्र दयालु ने बताया की अहिंसा परमो धर्म है। यह नीति वाक्य वर्षो से प्रचलित था, परंतु उसे समाजोंन्मुखी बनाने का काम गांधी जी ने किया। गांधी जी सनातन धर्म के मूल मंत्र सत्य और अहिंसा को अपने जीवन में पूर्ण रूप से अंगीकार किया तथा आमजन को इससे प्रभावित किया। राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि गांधी जी सनातन धर्म से प्रेरणा प्राप्त कर सत्य और अहिंसा को देश की आजादी की लड़ाई में उसे हथियार के रूप में प्रयोग किया तथा करोड़ भारतीयों को देश के लिए सर्वस्त्र निछावर करने का आत्म बल प्रदान किया। गांधी जी हिंदू धर्म में व्याप्त कुर्तियां एवं उच्च नीच के प्रबल विरोधी थे तथा जीवन पर्यंत इस बुराई का प्रतिकार किया। स्वच्छता को स्वास्थ्य का हिस्सा बताते गांधी जी ने जो संदेश दिया था। आज देश के प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान चलाकर गांधी के सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। सांसद रविंद्र कुशवाहा ने गांधी दर्शन को मौलिक रूप से भारतीय परंपराओं और मान्यताओं के अनुरूप बताते हुए कहा कि सेवा भाव से परहित में किया गया कार्य ही भक्ति और पूजा है। पूर्व मंत्री राजधारी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए नई पीढ़ी को गांधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा प्राप्त करने की अपील करते हुए बताया कि गांधी दर्शन से ही दुनिया में शांति समृद्धि एवं खुशहाली आ सकती है। विचार गोष्ठी में प्रमुख रूप से विधायक भगवान पाठक, सुरेश सिंह, मंजय राय, अखिलेश सिंह गुड्डू, केशव चौधरी ब्लॉक प्रमुख, बैजनाथ पांडे, अरविंद राय, मोहनकांत राय, बृजेश मिश्रा, नसीम चिश्ती, संजय जयसवाल, संजय राय व अविनाश राय आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता दयाशंकर भारती एवं संचालन भोला सिंह ने किया।

### ग्रामीणो को मिली पीएम सड़क की सौगात



**संवादाता के बी गुप्ता, बलरामपुर** । बलरामपुर तुलसीपुर विकास खंड अन्तर्गत महमूदनगर से महराजगंज तराई मुख्य मार्ग के सेमरी चौराहे से खैरहनिया गांव तक 6-100 किमी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत दो ब्लाक मुख्यालय तुलसीपुर, हरैया सतघरवा के ब्लाक मुख्यालय शिवपुरा से होकर अन्तर्रजनपदीय श्रावस्ती जिले को जोडने वाला सड़क का निर्माण शुरू हो गया है,जिससे आसपास के गांव सेमरी,मैनहवा,सर्रा,गंजडी,नरायनपुर, भुजेहरा,उदईपुर ,खैरहनिया,टेढीप्रास, चिरौंजीपुर, सहित सैकडो गांवो के आने जाने वाले तमाम लोगों की समस्याएं दूर होगीं।बताते चले कि बरसात के मौसम में सडक के बडे बडे गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो जाता था। इस मार्ग पर एम्बुलेंस बडे-बडे वाहन एवं स्कूली छात्र छत्राओ को जाने मे बडी कठिनाई होती थी। दो दशक से स्थानीय लोग सड़क बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

### बलरामपुर अपर पुलिस अधीक्षक के ऑफिस में राष्ट्रीय एकता रखने की दिलाई गई शपथ



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया तथा सभी को राष्ट्रीय एकता को अक्षुण रखने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव द्वारा आज दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस कार्यालय बलरामपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण कर समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई गयी।

### निपानिया सड़क दुर्घटना में घायल नागेश चौहान का 45 दिनों के बाद इलाज के दौरान हुई मौत



**बलिया सिकंदरपुर** । क्षेत्र के काजीपुर निवासी नागेश चौहान का सड़क दुर्घटना में घायल होने के 45 दिन बाद इलाज के दौरान हुयी मौत। खबर सुनते ही परिजनों में मचा कोहराम।आपको बता दे की 18 अगस्त शुक्रवार को नागेश चौहान पुत्र रामाश्रय चौहान उम्र 30 वर्ष व कमलेश चौहान पुत्र दहाई चौहान उम्र 28 वर्ष मोटरसाइकिल से वेल्डिंग का सामान मनियर लेकर वापस घर काजीपुर आ रहे थे। जैसे मनियर थाना क्षेत्र के निपनिया पहुँचे ही थे की सिकन्दपुर से मनियर की तरफ जा रहा तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार धक्का मार दिया।जिसमें कमलेश चौहान की मौके पर मौत हो गई। जब कि नागेश चौहान गंभीर रुप से घायल हो गया था। सड़क दुर्घटना में घायल नागेश चौहान का इलाज आईसीयू में मऊ के अस्पताल में चल रहा था।कि अचानक 1 अक्टूबर रविवार को उसका तबीयत बिगड़ गया। जिसको डॉक्टर ने रेफर कर दिया। परिजन इलाज कराने के लिए लखनऊ लेकर चले गए। जहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान लगभग 45 दिनों के बाद उसकी मौत हो गई। नागेश चौहान की मौत की खबर सुनते ही परिजनों कोहराम मच गया। नागेश चौहान काफी मिलनसार अच्छे स्वभाव के व्यक्ति थे। उसकी मौत पर पूरा गांव रो दिया।

### आर एस एस गुरुकुल अकादमी में धूमधाम से मनाया गया महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**सिकंदरपुर,बलिया।** क्षेत्र के कटघरा जमालपुर स्थित आर एस एस गुरुकुल एकेडमी में आज स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती को धूमधाम से माननीय प्रबंध निदेशक जय प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह जी के निर्देशन में मनाया गया। माननीय प्रबंध निदेशक जी ने सभी देशवासियों क्षेत्रवासियों विद्यालय के समस्त अभिभावक को अध्यापक एवं बच्चों को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के हार्दिक शुभकामनाएं दी प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### सरदार वल्लभभाई पटेल ट्रस्ट में मनाई गई गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती



**सिकंदरपुर,बलिया।** सरदार वल्लभभाई पटेल ट्रस्ट के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लाह से मनाई गई। प्रबंध ट्रस्टी उर्मिला सिंह सहित अन्य अतिथियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं उन्हें नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि उर्मिला सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री इस राष्ट्र के नायक हैं।

**समारोह** नगर पालिका, ग्राम पंचायत के सफाई कर्मियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया

## गांधी जयंती पर नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी महोदय ने प्रधान, सफाई कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्री को किया सम्मानित



**सौरभ पांडे ब्यूरो बलरामपुर** । महात्मागांधी जयंती के अवसर पर विकास भवन सभागार में नोडल अधिकारी मो यूपीएसआरटीसी की अध्यक्षता श्री मासूम अली सरवर एवं जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह, मा० विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं माननीय विधायक बलरामपुर परशुराम जी की गरमामई उपस्थिति में में राष्ट्रीय पोषण माह का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी महोदय द्वारा बाल विकास एवं पुष्टाहार द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया गया एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी महोदय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान, नगर पालिका एवं ग्राम पंचायत के सफाई कर्मियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी/ एमडी यूपीएसआरटीसी ने कहा कि आज बहुत ही पावन दिन है आज ही के ही दिन दुनिया को सत्य एवं अहिंसा का पाठ पढ़ने वाले महात्मा गांधी जी का जन्म हुआ था। उन्होंने पूरे विश्व में भारत देश का मान बढ़ाया। महात्मा गांधी जी ने अपने पूरे जीवन में सत्य एवं अहिंसा का पालन किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता पर विशेष जोर दिया, उन्होंने कहा था कि स्वच्छ शरीर में ही स्वच्छ मन का वास होता है। हम सभी उनके जीवन आदर्शो एवं मूल्यों को अपनाए। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति अपने कर्तव्यों का बखूबी पालन करें। इससे हम राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी को स्वच्छता ही सेवा अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जाने की अपील की गई, उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी के जीवन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाए। अपने आसपास एवं अपने घरों में स्वच्छता रखें। इस अवसर पर माननीय विधायक है तुलसीपुर एवं माननीय विधायक बलरामपुर द्वारा महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नगर पालिका परिषद में दुर्गा पूजा व रामलीला कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया



**जिला सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे,जनपद बलरामपुर** । आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा दुर्गा पूजा रामलीला कमेटी के पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों की बैठक नगर पालिका परिषद के मैदान में आयोजित की गई मीटिंग में मुख्य अतिथि उदासीन संगत गेल्हापुर महंत बृजानंद महाराज,विशिष्ट अतिथि विनय मिश्रा,कुसुम चौहान पूर्व अध्यक्ष अविनाश शुक्ला,कृष्ण गोपाल गुप्ता नगर अध्यक्ष भाजपा,रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक,नगर कोतवाल विमलेश सिंह,डी पी सिह,पंकज श्रीवास्तव,अमरीश शुक्ला,संजय शुक्ला,तुलसीश दुबे,भूपेंद्र सिंह आदि लोगों को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया जिसमें अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व सभी सभासद गण द्वारा सभी लोगों को स्वागत किया गया जिसमें अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा दुर्गा पूजा दशहरा से पूर्व मीटिंग बुलाने का उपदेश पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर की यह परंपरा रही है कि सभी धर्मो के पर्व से पूर्व संम्बंधित कमेटियों के पदाधिकारियो एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की मीटिंग कर राय मुशायरा करके सभी पर्व में विशेष सफाई चुने छिड़काव पथ प्रकाश पेयजल आपूर्ति छोटे-छोटे निर्माण कार्य की जाएगी मीटिंग में आए हुए पदाधिकारियों से सुझाव आमंत्रित किया जा रहे हैं दुर्गा पूजा पर्व प्रारम्भ होने से दशहरा पर्व तक सभी प्रतिमा स्थल के आसपास तथा बिजलीपुर मंदिर के प्रांगण की सफाई तथा छूने का छिड़काव प्रतिदिन कराया जाएगा तथा प्रातः4:00 बजे से 10:00 बजे तक व शाम को 4:30 से रात 12:00 तक जनरेटर द्वारा जलापूर्ति पालिका द्वारा सुनिश्चित कराई जाएगी सभा के अंत में अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने मीटिंग में आए हुए पदाधिकारियो व गणमान्य नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया मंच का संचालन संजय शुक्ला ने किया इस अवसर पर,नगर पालिका के सभी सभासदगण के लोगों ने आए हुए अतिथियों को व दुर्गा पूजा पंडालो के अध्यक्ष व उनके साथ में आए हुए लोगों को अंग वस्त्र व माला पहनकर सम्मानित किया जिसमें सभासद गण में, विनोद गिरी, राघवेंन्द्र कान्त सिंह मंटू, सिद्धार्थ साहू शुभम चौधरी मनीष तिवारी संदीप कुमार सुभाष पाठक, खलीकुर्रहमान, सुशील कुमार साहू आनंद किशोर गुप्ता नंदलाल तिवारी अक्षय शुक्ला शमशाद मोहम्मद कुमैल रिंकू, मो शमीम, आजम सिद्दीकी व सभासदगण व प्रतिनिधि आदि लोग मौजूद रहे ।

## ख़ास ख़बर

### गांधी जयंती पर राज्यसभा सांसद ने की गांधी जी के प्रतिमा पर मल्यार्पण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** गांधी जयंती के अवसर पर बगहा नगर के गांधीनगर चौक पर स्थित महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर राज्यसभा के सांसद सतीश चन्द्र दुबे,बगहा विधायक राम सिंह ने माल्यार्पण कर सादर नमन किया। दुसरी तरफ भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह व भाजपा के युवा नेता विजय सिंह चंदेल ने मधुबनी प्रखंड के मधुबनी पंचायत अंतर्गत गदियानी टोला के उत्क्रमित मध्य विधालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूर्ति का अनावरण किया। माल्यार्पण कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश वर्मा,वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज सिंह,जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी ह्रदया दुबे,जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि ऋतु जायसवाल,नंदकिशोर राम,जिला महामंत्री सुजीत चौरसिया,ओम निधि वत्स,नागेंद्र साहनी,दीपू तिवारी, विजय साहू,बलराम मिश्रा,शैलेश दुबे,प्रकाश गुप्ता,रौशन तिवारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधीर रंजन, प्रधानाचार्य संजय गुप्ता, शिक्षक रमेश मिश्रा, शिक्षक संघ के सचिव बांके सिंह, पूर्व मुखिया बासुदेव साह, पंचायत समिति सदस्य समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कई संगठनात्मक विषय पर चर्चा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अमित कुमार शर्मा बौसी बांका।** आज प्रेस कांफ्रेंस के लिए भागलपुर जाने के क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सह प्रदेश प्रवक्ता जयराम विप्लव जी का आगमन बांका भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार मिश्रा जी के बौंसी आवास पर हुआ। राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सह प्रदेश प्रवक्ता जयराम विप्लव ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर चलती है। जो पीछे थे उनको आगे लाना ही मोदीजी का उद्देश्य है। आज केंद्र सरकार सबसे ज्यादा एससी एस टी और ओबीसी मंत्री है, महिला आरक्षण लाकर महिलाओं को भी आगे बढ़ाने का काम मोदीजी ने किया है। मोदी लड़ाते नहीं बढ़ाते हैं। जयराम विप्लव ने जातीय गणना के आंकड़ों पर कहा कि इसको हमारी पार्टी का समर्थन था। आज जो रिपोर्ट आई है उसका हम अध्यन करेंगे। हालांकि आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण रिपोर्ट नहीं जारी किया गया है जो किया जाना चाहिए था। जब जातीय जनगणना किया जा रहा था तो यह तय हुआ था कि किसका विकास हुआ किसका नहीं, इसको भी सामने लेकर आना है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। कई संगठनात्मक विषय पर स्वस्थ चर्चा हुई। जयराम जी के साथ ई धर्मवीर यादव, मनमोहन चौधरी, साहिल राज सिट्टू, रोहित कश्यप और चंदन जी भी साथ थे।

### बिरनी में शौर्य जागरण रथ यात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**दैनिक शुभ भास्कर, कृष्णा वर्मा, बिरनी/ गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के पलौंजिया ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में शौर्य जागरण रथ यात्रा का आगमन हुआ । कार्यक्रम से पूर्व कपिलो,मनि हारी,पलौंजिया,बिराजपुर, पड़रिया, बनपुरा, सिमराढाब, बरहमसिया होते हुए 7 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए बाइक रैली धर्म सभा स्थल पहुँची । रथ यात्रा में श्रीराम,लक्ष्मण,सीता और हनुमान की प्रतिमा विराजमान थे । श्रद्धालुओं ने विराजमान प्रतिमा का बड़े श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना किया । इस दौरान धर्म सभा का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने धर्म से संबंधित विशेष चर्चा किया । वहीं आगामी 8 अकटुबर को राँची में होने वाले धर्म सभा में शामिल होने का आग्रह किया। वहीं धर्म सभा विश्राम के बाद रथ यात्रा जरीडीह, परसबनी, मोहनोडीह जोरासाख,चरघरा होते जमुआ पहुंची इस दौरान लोगों ने रथ का दर्शन व पूजा-अर्चना किया । वहीं जमुआ में रथ का अनोखे अंदाज में 3 बुलडोजर के साथ भव्य स्वागत किया गया । वहीं धर्म सभा के बाद रथ को गिरिडीह के लिए रवाना किया गया । वहीं इस दौरान हज़ारों लोगों ने भाग लिया ।

### स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया गया



**मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर।** आज दिनांक गांधी जयंती के शुभ अवसर पर नगर पार्षद एवं नगर पलक कार्य अधिकारी के समक्ष स्कूली बच्चों को पेंटिंग एवं स्वच्छता कमी को चेक कार्य करने पर बच्चों को अच्छी पेंटिंग बनाने पर पहला नंबर लाने वाले को स्कूली बच्चों को पुष्कृत किया आज महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर सट्टा कर्मियों को काम करने के लिए वर्दी जूता टोपी दिए और वही यह भी बताया कि गांधी जी का सपना था कि हमारा भारत स्वच्छ रहे जिसके वजह से हमारा भारत में कोई वैसा बीमारी या महामारी ना हो वहीं विजय मिश्रा नगर नगर अध्यक्ष ने अपने बयान में बताया कि की हमेशा अच्छा काम का अच्छा नतीजा निकलता है जिनका वजह यह है कि इन बच्चों को अच्छे नंबर लाने के वजह से सर्टिफिकेट देखकर उनका मनोबल बढ़ाने का काम हम लोग किए हैं।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने सम्मान समारोह का किया आयोजन



**बेनीपट्टी।** आज दिनांक 2 अक्टूबर 2023 सोमवार को प्रखण्ड अंतर्गत किसान भवन बेनीपट्टी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य नलनी रंजन झा उर्फ रूपन झा ने नगर पंचायत बेनीपट्टी के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद व वार्ड पार्षद के बीच इंडिया गठबंधन की तरफ से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष राम बरन राम ने किया गया।इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के लगभग सभी क्षेत्रिय नेताओं ने अपना अपना वक्तब्य खुले मंच से साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने त्याग और कुर्बानी देते हुए इस मुल्क को आजादी दिलाने का काम किया था जिसके फलस्वरूप भारत में स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र की स्थापना हुई लेकिन आज केंद्र में बैठी सरकार लोकतंत्र और संविधान के साथ खिलवाड़ कर राष्ट्रपिता के सपने को चकनाचूर करने का काम कर रही है इसलिए आगामी चुनाव में केन्द्र की मोदी सरकार को हम सब मिलकर सत्ता से उतारने के लिए संकल्पित हैं।कार्यक्रम का मंच संचालन जदयू के प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप झा बासु ने किया।इस दौरान यूथ कांग्रेस कमिटी के सदस्य नलनी रंजन झा उर्फ रूपन झा ने सभी उपस्थित आगंतुकों को मिथिला परम्परा के अनुसार पाग दुपट्टा व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के फाइल फोटो से सम्मानित किया।इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य नलनी रंजन झा उर्फ रूपन झा के अलावे डिप्टी मेयर मधुबनी मो0 अमानुल्लाह खां,मुख्य पार्षद नगर पंचायत बेनीपट्टी मंजू देवी, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन, विजय कृष्ण झा,सीपीआई के अंचल मंत्री आनंद झा,पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष राजद विजय यादव,कामेश्वर यादव,अजीत ठाकुर, अश्वनी कुमार झा,स्कील अहमद, उदय चौधरी, गोविंद झा,फहीम अज़हर,अधिवक्ता व्यवहार न्यायालय बेनीपट्टी सलमान कासमी,जुबैर अहमद सहित नगर पंचायत के लगभग सभी जनप्रतिनिधि,सभी वार्ड पार्षद सहित सैकड़ों की तादाद में इलाकाई लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अपना योगदान दिया।

## महिला संस्कृति शाखा नें स्कूली बच्चों के बीच किया पुरस्कार वितरण



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** मारवाड़ी युवा मंच महिला संस्कृति शाखा द्वारा सोमवार को महात्मा गांधी के जयंती पर डीबी रोड स्थित मिडिल स्कूल परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।इस अवसर पर महिला संस्कृति शाखा के सभी सदस्यों ने बारी बारी से महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अंशी अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी प्रिया दहलान ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच महिला संस्कृति शाखा के द्वारा देश के स्वतंत्रता में भाग लेने वाले सेनानियों को याद करते हुए उनकी वीरता,अदम्य साहस, त्याग एवं बलिदान की गाथा का स्मरण कर उन्हें नमन किया गया। उन्होंने बताया कि महिला संस्कृति शाखा के द्वारा लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरुक करते हुए मास्क एवं सेनिटाइजर का वितरण किया गया। साथ ही महिला संस्कृति शाखा द्वारा स्कूली बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।वही प्रतियोगिता में सफल बच्चों को डायरी पेन कॉपी किताब चॉकलेट एवं चिप्स का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि महिला संस्कृति शाखा के द्वारा पर सामाजिक कार्यों को सेवा के रूप में चलाया जाता है। वही सभी समाज के वर्गों के लिए समान रूप से विभिन्न अवसरों पर सेवा कार्य चलाए जाते हैं। जिसमें महिला संस्कृति शाखा के सभी सदस्य तन मन धन से समर्पित होकर सराहनीय सहयोग करते हैं। इस अवसर पर सचिव कीर्ति तुलस्यान, कोषाध्यक्ष निधि तुलस्यान, उपाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल एवं रेशु तुलस्यान, सहसचिव मुस्कान अग्रवाल, ललित मुदौलिया, प्रीति अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## आ अब लौट चले.'' कहानीकार अब्दुल गफ्फार की लिखित पुस्तक कहानी संग्रह का हुआ लोकार्पण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** राष्ट्रपिता गांधी और प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के पावन अवसर पर बगहा नगर परिषद के दुबे टोला मुहल्ला स्थित ज्ञान रत्न कोचिन सेंटर में सोमवार को कहानीकार अब्दुल ग़फ़्फ़ार की लिखित पुस्तक " आ अब लौट चले." कहानी संग्रह का लोकार्पण हुआ। किताब पर विषय प्रवेश कराते समय कहानीकार अब्दुल गफ्फार ने कोरोना पीड़ा में पीड़ितों की व्यथा और सामाजिक वेदना को अपनी वेदना के रूप में प्रस्तुत किया।बताया कि सामाजिक संवेदना समाज से कैसे गायब होती जा रही है, इन्हीं सब वेदनाओं का संग्रह मेरी किताब " आ अब लौट चलें "कहानी संग्रह है। उन्होंने कहा कि किताब को प्रकाशित करवाने के दौरान आर्थिक तंगी को झेलना पड़ा है फिर भी किताब प्रकाशित हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इकोनोमिक्स इंडिया के सम्पादक मनोहर मनोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि किताब को लिखना और प्रकाशित करवाना लेखक के लिए बडी चुनौती होती है। वहीं विशिष्ट अतिथि कहानीकार अजय पाण्डेय ने अब्दुल गफ्फार द्वारा लिखित किताब पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनकी किताब पठनीय है, जो समाज को एक नई दिशा प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में लेखक प्रो. अरविंद नाथ तिवारी,कवयित्री सीमा स्वधा, कवि अविनाश पांडेय, समाजसेवी दयाशंकर सिंह, राकेश सिंह, आलमगीर रब्बानी ने भी पाठक गणों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कवि एवं साहित्यकार अखिलेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि लेखक और कहानीकार वही होता है जिसको लोग पढ़ और समझ सकें। फणीश्वरनाथ रेणू इसके लिए जाने गये, जिसकी एक झलक अब्दुल गफ्फार की लेखनी में मिलती है, इनकी कहानी संग्रह उच्चस्तरीय कहानी संग्रह है।

## राजद नेता अमित पूर्वी ने वर्तमान बिहार सरकार को दिए बधाई



**दैनिक शुभ भास्कर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के शुभ अवसर पर बिहार सरकार ने एक ऐतिहासिक पल रच दिया जिसका इंतजार वर्षों से बिहार के हर एक नागरिक कर रहे थे जो आज पूरा हुआ। राजद नेता अमित पूर्वे ने वर्तमान बिहार सरकार को कोटि-कोटि बधाई देते हुए कहा अल्प समय में जाति आधारित आंकड़े को एकत्रित करते हुए उन्हें प्रकाशित करके बिहार आज फिर ऐतिहासिक छन का गवाह बन गया, दशकों के संघर्ष ने एक मील का पत्थर हासिल किया । इस सर्वेक्षण ने ना सिर्फ वर्षो से लंबित जातिगत आंकड़े प्रदान किया बल्कि उनके सामाजिक, आर्थिक का ठोस संदर्भ दिया अब सरकार त्वरित गति से वंचित वर्गों के समग्र विकास एवं हिस्सेदारी को इन आंकड़ों के आलोक में सुनिश्चित करेगी। इतिहास गवाह है भाजपा नेतृत्व ने विभिन्न माध्यमों से कई अर्चन एवं रुकावटें डालने की भरपूर कोशिश की बावजूद माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव की नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने एक नजीर पेश की इसके लिए हम लोग संपूर्ण अररिया राजद परिवार बहुत-बहुत बधाई देते हैं वर्तमान बिहार सरकार को। सामाजिक एवं आर्थिक न्याय के मंजिलों के लिए आर्थिक व सामाजिक उत्थान की इतनी बड़ी लकीर खींच दी है । आज जो बिहार में हुआ वह कल संपूर्ण देश में करवाने के लिए आवाज उठेगी और वो कल बहुत दूर नहीं है बिहार ने फिर देश को नई दिशा दिखाई है। बिहार सरकार को बधाई देने वालों में राजद नेता अमित पूर्वे ,राजद नेता क्रांति कुवर, प्रदेश सचिव सुरेश पासवान, राजद नेता अरुण यादव, राजद नेता अविनाश आनंद, राजद नेता वाहिद अंसारी, उद्यानंद यादव, साबिर इदरीस, मनोज साह, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, नगर अध्यक्ष बेलाल अली, अशोक विश्वास, राजा अली, नौशाद अहमद, जनार्दन यादव आदि।

### महात्मा गांधी के विचारों को अपने जीवन में उतारें : डीएम



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर समाहरणालय स्थित विमर्श हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन कर जिलाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त डॉ० प्रीति,जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी,जिला भूअर्जन पदाधिकारी विकास कुमार, सदर एसडीओ प्रशांत कुमार ,सदर डीसीएलआर कुमार धनंजय सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।इस अवसर पर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्व० लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए ताकि हम सब उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और उन्नति में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रसांगिक है। राष्ट्रपिता का जीवन आत्म–निर्भरता,श्रम की गरिमा स्वच्छता और ग्रामीण विकास का संदेश देता है। वे शांति और अहिंसा के महान दूत थे। स्वच्छता के प्रति उनकी सोच, उनके विचार को हम सब मिलकर आत्मसात करें यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वही उन्होंने कहा कि शास्त्री जी ने देश को एक मजबूत नेतृत्व दिया।"जय जवान जय किसान" का नारा आज भी प्रेरणा देता है।

### उर्दू विश्वविद्यालय में नामांकन की तिथि विस्तारित

**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढ़ी।** मौलाना आज़ाद नैशनल उर्दू विश्वविद्यालय की दूरस्थ शिक्षा के विभिन्न कोर्सों में नामांकन की तिथि 18 अक्तुबर तक विस्तारित कर दी गई है। उर्दू विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा निदेशक डॉ रजाउल्लाह खान ने एक पत्र के माध्यम से सूचना दी है। श्री राधा कृष्ण गोयनका महाविद्यालय में स्थित मानू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो मो सनाउल्लाह नें बताया है कि 25 सितंबर दाखिला लेने का अंतिम दिन था लेकिन उसके बाद कार्यरत शिक्षकों, सामजिक कार्यकर्ताओं के अनुरोध पर उर्दू विश्वविद्यालय ने एक बार फिर से नामांकन तिथि को विस्तारित किया है। अब इच्छुक छात्र 18 अक्तुबर तक नया नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन और 20 अक्तूबर तक कोर्स फीस जमा कर सकते है। ज्ञात हो कि उर्दू विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से एम ए उर्दू, हिन्दी, अंग्रेज़ी, इतिहास और इस्लामीक हिस्ट्री के साथ बी ए, बी एस सी और बी कॉम की शिक्षा प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त डिप्लोमा और सर्टिफिकेट के कई कोर्स भी उर्दू विश्वविद्यालय द्वार दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कराई जाती है।

### जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी आरक्षण बढ़ाओः सुरेन्द्र कुमार चौधरी

**मधुबनी संवाददाता।** अखिल भारतीय कैवर्त्त कल्याण समिति के मधुबनी जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार चौधरी ने बयान जारी करते हुए कहा है कि राज्य सरकार द्वारा जातिआधारित गणना का जो रिपोर्ट जारी किया उसमें बिहार में सर्वाधिक आबादी अतिपिछड़ा वर्ग का है।राज्य का हर तीसरा आबादी अतिपिछड़ा है। यह वर्ग राजनीतिक,सामाजिक, शैक्षिक,आर्थिक रुप से काफी पीछे है।इस वर्ग को समाज की मुख्यधारा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए इसके आरक्षण को बढ़ाकर 36 प्रतिशत किया जाए। साथ ही आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों एवं गठबंधन को हर तीसरा उम्मीदवार इसी वर्ग से बनाना होगा। जो गठबंधन या दल ये नहीं करेगा अतिपिछड़ा वर्ग उसके विरोध में मतदान करेगा।

### कु स्थान झीलोरिया में सत्य अहिंसा के पथ कार्य करने का संकल्प लेने बाले संवेदक सुमन कुमार का 58.717 लाख का सड़क निर्माण में मनमानी व धांधली का पर्दाफास

**दरभंगा (मो.जीलानी अंसारी)।** समाजसेवी व छात्रनेता दिलखुश कुमार ने कहा वरिष्ठ समाजसेवी त्रिभुवन कुमार दो दिवसीय दौरे पर कुशेश्वरस्थान आये। इस द्रव्यान क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं के बिंदुओं पर क्षेत्र भ्रमण किये। वही समाजसेवी त्रिभुवन कुमार ने कहा कुशेश्वरस्थान क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अनवरत जानताओ के दुख दर्द का हिस्सा बनते है।उस आलोक में गोठानी पंचायत अंतर्गत सतिघाट राजघाट से गोठानी मार्ग फर्स्ट पुलिया से झीलोरिया गांव तक लगभग 2100 फीट पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें 1100 फीट पर लगभग 2 महीना पूर्व पिचिंग कार्य किया गया है जो पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुका है। जबकि दो माह पूर्व भी अनियमियता पर दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर सही काम करने का अनुरोध किये थे। उसके बावजूद भी संवेदक संवेदक सुनील कुमार व मुंसी नवीन झा का मनमानी चरम सीमा पर अंततः उपरोक्त स्थल पर पहुंचे तो लगभग में 300 फीट कार्य अवैध तरीके से कर चुका है। जो जांच का विषय है। उसके बाद निर्माणाधीन ढलाई को देखते हुए स्वतः जांच करने के लिए निर्धारित पैमाने को देखने के लिए गहराई तक जाने का प्रयास किये तो निर्धारित पैमाना 12 फीट चौड़ा और 6 इंच मोटा सड़क निर्माण को लेकिन संपूर्ण जगह पर 4 इंच ऊंचाई और कही 8 फिट तो कहीं 10 तो कहीं 12 फीट चौड़ाई ढलाई कर रहा था उपरोक्त बिंदु पर तुरंत 6 इंच ढालने व सरकार के द्वारा दिया हुआ निर्देश को पालन करने का सुझवा देते हुए। सम्बंधित स्क्विटीव इंजीनियर को कंप्लेन दर्ज किये।तो स्क्विटीव ने कहा 2 दिन के अंदर जांच करेंगे उसके बाद आप सभी मुल्क के मजबूत स्तंभ के माध्यम से जानताओ तक समर्पित किए हैं।

### वृद्ध, विधवा, और विकलांग पेंशनधारियों को प्रति महीने पेंशन राशि बढ़ाकर 5000 रुपये देने की मांग

**दरभंगा (मो.जीलानी अंसारी)।** राजद के प्रदेश सचिव (शिक्षक प्रकोष्ठ) सह पूर्व मुखिया गयासुद्दीन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव बिहार सरकार को दिए गए आवेदन पत्र में देवराम अमेठी पंचायत दरभंगा जिला सहित समस्त बिहार के सभी वृद्ध, विधवा, विकलांग निःसहाय गनों को पेंशन की राशि जो सरकार द्वारा दी जाती है उसे बढ़ाकर 5000 रुपये की मांग की है। दिए गए आवेदन पत्र में उन्होंने कहा है कि समस्त बिहार के वृद्ध, विधवा, विकलांग और निःसहाय पेंशनधारियों की स्थिति काफी दयनीय है, और ऊपर से कमर तोड़ महंगाई और बेरोजगारी उन लोगों के लिए जानलेवा किए हुई है, और अभी बिहार सरकार द्वारा सभी निःसहाय पेंशनधारियों को मात्र 400 रुपए प्रति महीना दिया जा रहा है "जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है"इससे उनकी ज़रूरतें भोजन, खाना-पीना ,इलाज बारी और भी कई तरह के खर्च की पूर्ति नहीं हो पा रही है और वास्तव में सभी निःसहाय,वृद्ध , विधवा, विकलांग जनों को सरकार द्वारा दी जा रही पेंशन की राशि ही एक जीने का साधन है। जबकि इस अवस्था में सभी निःसहाय, वृद्ध, विधवा, विकलांग गनों को विशेष सेवा और सुविधा की अवश्यकता होती है। और बहुत सारे पूरे बिहार के पेंशनधारियों को हल्की- फुलकी टंकणीय त्रुटी के कारण पेंशन की राशि खाता पर आती भी नहीं है। आगे उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री बिहार सरकार उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी, समाज कल्याण मंत्री, बिहार सरकार सचिव समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार पटना, प्रधान सचिव बिहार सरकार पटना, नेता प्रतिपक्ष बिहार सरकार पटना, राजद प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ बिहार, जिला अधिकारी दरभंगा, अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपुर, अनुमंडल पदाधिकारी दरभंगा को दिए गए आवेदन पत्र में उन्होंने कहा है की यह खुशी की बात है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने बिहार के सभी जिलों में वृद्ध आश्रम खोले हैं, जहां वृद्ध जनों के खाना- पीना रहना- सहना लाइट और सभी प्रकार के सुरक्षा की सुविधा है परंतु उसका दूसरा पहलू यह भी है कि उसे वृद्ध आश्रम में वास्तव में बहुत कम ही बीपीएल धारी के परिवार के वृद्ध निःसहाय गण है और हकीकत यह है कि जिनके बाल बच्चे देश और विदेश में सरकारी या प्राइवेट सेवा में हैं और अच्छा महीना कमाते भी हैं हाकीकत में उन्ही परिवार के वृद्ध, विधवा , विकलांग नीःसहाय लोग हैं जो वृद्ध आश्रम में रहते हैं। बिहार में जो भी वृद्ध विधवा विकलांग और निःसहाय लोग हैं उनको मात्र सरकार द्वारा 400 की राशि दी जाती है सभी पैंशनधरियो को भी कम से कम 5000 रूपए की राशि हर महीने दी जाए ताकि वह निःसहाय वृद्ध, विधवा, विकलांग अपना जीवन यापन सरलता पूर्वक कर सके।

**पदयात्रा** — 150 किलोमीटर में 150 गाँव में जनसंपर्क करेगी यात्रा, मार्कंडेय महादेव धाम में मत्था टेक कर प्रारंभ हुई पदयात्रा

# शांति, सद्भाव, सशक्त लोकतंत्र और सामाजिक न्याय का लिया संकल्प




**वाराणसी।** समाज में शांति सद्भाव की स्थापना लोकतंत्र की मजबूती और सामाजिक न्याय का माहौल स्थापित करने के लिए संघर्ष का संकल्प लेते हुए दस दिवसीय विरासत बचाओ पदयात्रा का शानदार अजाज़ा मार्कंडेय महादेव धाम कैथी से सोमवार दो अक्टूबर को हुआ। यह पद यात्रा वाराणसी जिले के 150 गांवों में लगभग 150 किलोमीटर भ्रमण करेगी और लोकनायक जय प्रकाश जी की जयंती 11 अक्टूबर को शास्त्री घाट वरुणा पुल पर सम्पन्न होगी।कैथी में यात्रा का शुभारम्भ करते हुए वरिष्ठ गांधीवादी चिंतक राम धीरज भाई ने कहा कि शांति और सद्भाव आदमी की बुनियादी जरूरत है। आम आदमी समृद्ध और सुरक्षित तब होता है जब आसपास शांति हो, सद्भाव हो। हालांकि भारत में सभी तरह के लोगों के लिए काफी हद तक शांतिपूर्ण माहौल है। लेकिन अफ़सोस, कुछ वजहों से देश की शांति और सदभाव कई बार बाधित हो जाते हैं। भारत में विविधता में एकता देखी जाती है।पदयात्रा संयोजक नंदलाल मास्टर ने कहा कि धर्मों, जातियों और पंथों के लोग यहाँ एक साथ रहते हैं। हमारा संविधान अपने नागरिकों को समानता और स्वतंत्रता की गारंटी देता है। शांति और सद्भाव कायम रहे, इसके लिए कई कानून बनाए गए हैं। अपने शहर बनारस की बात करें, तो सभी तरह के धर्म, जाति, विचार से भरा पूरा छोटा सा अलमस्त शहर बनारस, दुनिया भर के लोगों को कैसे जुटा के रखता है।यह एक आश्चर्य और कौतूहल का विषय है।यात्रा में लगभग 100 से अधिक सत्याग्रही शामिल हैं जो संविधान और विरासत को बचाने का आह्वान करने वाले पोस्टर और पर्चे लेकर चल रहे हैं।भंदहा कला गांव स्थित आशा ट्रस्ट केंद्र पर यात्रा दल का स्वागत करते हुए सामाजिक कार्यकर्त्ता वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि आज गांधी जी की विरासत पर खतरा है। कुछ लोग गांधीजी के विचारों को दफन करना चाहते हैं जबकि गांधी की स्वीकार्यता और प्रासंगिकता विश्व में तमाम देशों में बढती जा रही है।यात्रा में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता जनवादी गीतों और नारों से लोगों को प्रेरित कर रहे थे।

## ख़ास ख़बर

### स्वच्छता अभियान चलाकर पुलिया के अतिक्रमण को किया मुक्त



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग, हजारीबाग।** सदर प्रखंड अंतर्गत बहेरी के डमर चौक के समीप तालाब के साथ लगा एक पुलिया जिसे अतिक्रमण कर बंद कर दिया गया था। उसे ग्रामीणों के द्वारा साफ किया गया और पानी की निकासी का रास्ता बनाते हुए अतिक्रमण मुक्त किया गया। सदर प्रखण्ड के उपप्रमुख रविकांत सिंह उर्फ़ गोविन्द सिंह ने इस मौके पर बताया कि बरसात में भारी बारिश होने के कारण जब तालाब भर गया तो इसका पानी जो सड़क पर बनी पुलिया के माध्यम से दूसरी ओर जाकर निष्कासित हो जाती थी। वह रुक गई जिसके कारण गांव के बबलू एवं पूरन महतो के घरों में तालाब का पानी घुस गया और काफी नुकसान हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छता अभियान चलाकर सभी ने तालाब और सड़क के साथ लगी हुई पलिया को रास्ते को साफ किया गया और पानी निकासी का रास्ता बनाया गया इस मौके पर बेहरी पंचायत के मुखिया पवन यादव ने बताया कि तालाब का पानी जो पुलिया के माध्यम से निकासी होता था उसे रोकने का काम किया गया था जिसे सभी मोहल्ले और सामाजिक लोगों ने मिलकर रास्ता साफ किया गया और पुलिया के साथ होने से तालाब का पानी निकाला जा रहा है बताया कि घरों में पानी घुसने और आसपास इलाके में पानी जमा होने से महामारी का खतरा बढ़ गया था बताया कि बरसात में वैसे ही डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों का तांडव मचा हुआ है।

### गांधी जी ने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ स्वदेशी, स्वच्छता, स्वावलंबन व ग्राम स्वराज के विचारों को दी नई गति



सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर हजारीबाग में बारिश कम होते ही हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल कर्म पर लौटे और उन्होंने अपने दिन की शुरूआत हजारीबाग के कुम्हारटोली स्थित गांधी स्मारक पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित करके किया। यहां स्थानीय समिति द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ ही स्वदेशी, स्वच्छता, स्वावलंबन व ग्राम स्वराज के विचारों को नई गति दी है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को बापू के जयंती के अवसर पर उनके बताएं मार्गों पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए। तत्पश्चात गांधी जयंती एवं दुर्गा पूजा महोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय बड़ा बाज़ार खादी ग्रामोद्योग शोरूम में खादी कपड़ों पर 20 से 25% छूट के ऑफर का विधिवत् उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने फीता काटकर और बापू महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया।

### गांधी जयंती और जिला स्थापना दिवस पर स्कूली छात्र छात्राओं ने निकाला प्रभात फेरी





**अशोक वर्मा, मोतिहारी।** गांधी जयंती एवं जिला स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर समाहरणालय परिसर से जिला शिक्षा विभाग द्वारा अति आकर्षक कार्यक्रम किया गया।आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी जिलाधिकारी, मोतिहारी द्वारा स्कूली बच्चों के प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखलाकर रवाना किया गया। महात्मा गांधी के शांति एवं स्वच्छता के संदेशों को प्रभात फेरी के माध्यम से बच्चों द्वारा दिया गया।जागरूकता रैली एवं प्रभात फेरी में जिले के मुख्य स्कूलों की भागीदारी रही जिसमें एमजेके गर्ल्स स्कूल ,मुजीब गर्ल स्कूल,गोपाल साह एवं अन्य स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हज़ारीबाग शास्त्री चौक मे धूमधाम से मनाया गया



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई के द्वारा आदरणीय जिला अध्यक्ष श्री अरुण प्रभात सिन्हा जी के नेतृत्व मे चित्रांश शिरोमणि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती स्थानीय शास्त्री चौक इंद्रपुरी के समीप बड़े धूमधाम से सभी की उपस्थिति में मनाया गया तथा उनके द्वारा देश और समाज के लिए किए गए काम तथा उनके आचरण तथा विचारो को अनुसरण करने की सभी ने सपथ ली। इस कार्यक्रम मे महासभा के लोग ज्यादा संख्या में उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक ने बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किए





**दैनिक शुभ भास्कर /सोहेल किरमानी हजारीबाग।** पूरा विश्व 2 अक्तूबर यानी गांधी जयंती को "अंतराष्ट्रीय अहिंसा दिवस" के रूप में मनाता है,यह हम भारतीयों के लिए गर्व की बात है। उक्त बातें उपायुक्त नैंसी सहाय ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कही। 2 अक्तूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने समाहरणालय परिसर अवस्थित बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया। इसी कड़ी में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने इंद्रपुरी चौक अवस्थित लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी स्मारक स्थल पर पहुंचकर उनके बलिदानों को याद किया तथा उनकी प्रतीमा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा राष्ट्र के प्रति सच्ची देशभक्ति की भावना जागृत करने में इन महापुरूषों का अहम योगदान है। इनका संपूर्ण जीवन हमसब के लिए अनुकरणीय है। बापू की जयंती के अवसर पर उपायुक्त, पुलीस अधिक्षक, डीडीसी, एसडीएम एवं सहायक समाहर्ता ने खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, हजारीबाग में पहुंचकर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। आज बापू की 154वीं जयंती के अवसर पर जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाए जा रहें है। उपायुक्त ने कहा कि देश के प्रति प्रेम और स्वच्छता के प्रति कड़ा अनुशासन के मार्ग पर चल कर ही हम पूरी दुनियां में एक आदर्श राष्ट्र के रूप में जानें जा सकते हैं। स्वच्छता को आत्मसात कर देश को स्वछंजली देकर ही हम इन महापुरूषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजली अर्पित कर सकते है। आपको बता दें की उपायुक्त ने समाहरणालय भवन परिसर अवस्थित गांधी जी के स्मारक को आत्मनिर्भरता की अविरल धारा, बापू का चरखा नाम दिया है।

# जल जमाव हो जाने के कारण लोगों का घरों से निकलना हो गया मुश्किल



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** लगातार हो रही बारिश से फ्रेंड्स कॉलोनी रोड पगमील अलफलाह कॉलोनी हाशमिया कॉलोनी एवं अन्य जगहों पर जल जमाव हो जाने के कारण लोगों का घरों से निकलना हो गया मुश्किल राजद नेता समाज सेवक शांति समिति सदस्य ने नगर निगम को हमेशा लिखित एवं मौखिक आवेदन के साथ जिला में होने वाले हर बैठक यहां तक कि बीस सूत्री प्रभारी मंत्री के बैठक में भी इस बात को रखा गया टॉन हाल में होने वाले विकास सम्बधित बैठक में भी इस की आवाज़ उठाते आया हूँ संजर मलिक ने कहा जहां एक तरफ झील की सफाई की जा रही गांधी जयंती पर स्वकक्षता पखवाड़ा मनाया जा रहा अधिकारी से लेकर अन्य वहां फोटो और विडियो तथा सेलफी खिचवा रहे एक ओर महिलाएं बुजर्गों एवं बच्चों का घरों से निकलना दूभर हो गया है और इस पर सालो से अपनी मूल भूत सुविधाओ के लिए जनता अधिकारियों के चौखट पर दस्तक देते देत थक चुकी है पर इनके कानो में जुई तक नहीं रेंगती।

### दिव्यांग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने संगठन के सदस्यों के साथ दिनभर उपवास पर बैठे



**अशोक वर्मा, मोतिहारी।** गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर नगर के दिव्यांग कार्यालय मे राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र कनौजिया एवं अन्य ने दिनभर उपवास रखा। उक्त अवसर पर संबोधित करते श्री कनौजिया ने कहा कि देश मे शांति और अमन चैन की कामना के साथ महामारी वायरस से मुक्ति को लेकर मै उपवास पर बैठा।

# सर्व धर्म गांधी पूजनोत्सव का 24 वां आयोजन संपन्न



**अशोक वर्मा, मोतिहारी।** नगर के धर्मसमाज रोड में आज से 24 वर्ष पहले गांधी वादी तारकेश्वर प्रसाद ने अपने आवास पर सर्वधर्म गांधी पूजनोत्सव आरंभ किया था। तत्कालीन अंग्रेजी अखबार के संपादक एवं लॉ कॉलेज के प्राध्यापक विश्वनाथ प्रसाद ने उस आयोजन का उद्घाटन किया था। प्रथम पूजनोत्सव में वार्ड सदस्य नसीमा खातून ,उद्घाटन करता विश्वनाथ प्रसाद अधिवक्ता ,गुरुद्वारा के धर्मगुरु सतपाल सिंह ,चर्च के फादर , मंदिर के महंत तथा आयोजक गांधी भक्त तारकेश्वर प्रसाद एवं उनकी पत्नी ने सामूहिक रूप से महात्मा गांधी एवं स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र के समक्ष विधिवत मंत्र उच्चारण एवं हवन के साथ पूजा कर आरती उतारी थी। विचार गोष्ठी भी चला था ।सन 2000 में आरंभ पूजनोत्सव अपने आप में बहुत मायने में अजूबा रहा क्योंकि वह गांधी के सर्व धर्म सिद्धांत आधारित था। इस वर्ष पूजनोत्सव बड़े हीं विधि विधान से हुआ ।सभी धर्मावलंबी गांधी टोपी पहन हवन कुंड के चारों तरफ बैठे थे। विधि विधान से पूजा संपन्न होने के बाद बजापते आरती उतारी गई एवं एक-एक स्वतंत्रता सेनानी के चित्र के समक्ष दीपक जलाया गया। सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया ।विचार सत्र का उद्घाटन शिक्षाविद शिवप्रसाद साहू ने किया ,अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गांधी के सिद्धांत एवं विचार को आज अगर देश अपनाया रहता तो भारत विश्व के संपन्न राष्ट्रो में रहता, परंतु गांधी को तो लोगों ने माना, गांधी के विचार नीति और सिद्धांत को जीवन में धारण नहीं किया ,यही देश के लिए दुर्भाग्य रहा। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है क्योंकि गांधी की नीति और सिद्धांत मानना विश्व के लिए मजबूरी है, आज इस सिद्धांत पर ही दुनिया को बचाया जा सकता है क्योंकि अणु बम के ढेर के ऊपर आज पूरा विश्व आ चुका है, कभी भी दुनिया विनाश के घेरे में आ सकती है। गांधी का जो सिद्धांत है उसे दुनिया को मानना पड़ेगा ।उन्होंने कहा कि विश्व के बड़े राष्ट्र आज गांधी विचार को मानते हैं लेकिन अगर गांधी के मूल सिद्धांत पर अपने को ढाल दें तो दुनिया को बचा सकते हैं। संबोधित करते हुए अशोक वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी को चंपारण की जनता से अधिक प्यार था। गांधी जी चंपारण के पिछड़े पन का मूल कारण अशिक्षा को माना था इसलिए उन्होंने बुनियादी पाठशालाएं खोली और चंपारण वासियो को शिक्षित बनने का मार्ग प्रशस्त किया। इतना ही नहीं उन्होंने डॉक्टर लाल को बुलाकर मेडिकल सेवा की भी सुविधा उपलब्ध कराई। गांधीजी से जब कोर्ट में पूछा गया कि आप चंपारण छोड़ दे तो आप पर से धारा 144 हटा लिया जाएगा, इस पर गांधी जी ने कहा था कि आप चंपारण छोड़ने की बात करते हैं मेरा बस चले तो मैं यहीं घर बना कर बस जाउं। आयोजक तारकेश्वर प्रसाद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि मेरे जीवन के बाद भी यह पूजनोत्सव होता रहेगा। मेरा पुत्र वरूण इस परंपरा को जारी रखेगा।डॉक्टर शारदा प्रसाद ने कहा कि गांधी विचार को दुनिया को समझना चाहिए, ऐसे महान लोग बहुत कम ही धरती पर आते हैं। उन्होंने कहा कि आज गांधी धीरे-धीरे अप्रासंगिक होते जा रहे हैं ,वे राजनीति के शिकार हो रहे हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए ।कार्यक्रम को प्रोफेसर गणेश प्रसाद के अलावा कई लोगों ने संबोधित किया। पूजा स्थल पर महात्मा गांधी से जुड़े हुए स्लोगन वाले पोस्टर लगे हुए थे। धन्यवाद ज्ञापन बडे पूत्र गांधीवादी वरुण कुमार ने किया।

### पूर्वी चंपारण जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाला प्रभात फेरी



**अशोक वर्मा, मोतिहारी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व० लालबहादुर शास्त्री जी की 119वीं जयंती समारोह पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय जी के नेतृत्व में गांधी स्मारक से मिनाबाजार होते हुए कांग्रेस आश्रम तक महात्मा गांधी जी के भजनों के साथ प्रभातफेरी निकाला गया।प्रभातफेरी के पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय स्थित महात्मा गांधी जी के मूर्ति एवं लालबहादुर शास्त्री जी के प्रतिमा पर जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय जी के अध्यक्षता में माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।ई० शशिभूषण राय ने कहा कि "संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा एवं शांति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सूत्रधार, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार व उनके आदर्श हमारे लिए आज भी प्रासंगिक हैं,"सत्य, अहिंसा, शांति एवं समानता जैसे उनके विचारों को आज चुनौती मिल रही है, पर बापू के सिखाए गए मूल्यों पर चल कर ही हम मुकाबला कर रहे हैं।मौजूदा समय में उन लोगों के पाखंड को बेनकाब करना होगा जो गांधीवादी प्रतीकों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उनके विचारों पर नहीं चलना चाहते. वर्तमान समय में उन लोगों के खिलाफ भी लड़ना होगा जो महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के विचारों और कृत्यों का महिमामंडन करते हैं। वहीं जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि उच्च विचारों के धनी शास्त्री जी की सादगी एवं सरलता हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। 'जय जवान-जय किसान। शास्त्री जी द्वारा दिखाया गया मार्ग हमें भारत के प्रत्येक मेहनती नागरिक को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रेरित करता है।" इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ल, कांग्रेस नेता प्रो० विजयशंकर पाण्डेय,मुमताज अहमद, अखिलेश्वर प्रसाद यादव(भाई जी), संजीव सिंह उर्फ टुन्नी सिंह,डॉ० कुमकुम सिन्हा,किरण कुशवाहा, मुनमुन जयसवाल,विनय सिंह, ऋषि सिंह, शैलेन्द्र सिंह, आबिद हुसैन, जितेन्द्र यादव, सतेन्द्र नाथ तिवारी, ओसैदूर रहमान खान, राजकुमार कुशवाहा,मनीष तिवारी,मदन सिंह ,चुमन जयसवाल, रामप्रवेश तिवारी, जिला परिषद् सदस्य तयसुफुर रहमान सहित अन्य नेता उपस्थित रहें।

### गांधी जयंती पर किशनगंज शतरंज एसोसिएशन ने शतरंज प्रतियोगिता आयोजित किया



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)।** गांधी जयंती के अवसर पर जिला शतरंज संघ द्वारा सोमवार के दिन इंडोर स्टेडियम डुमरिया में एक निःशुल्क एज-ग्रुप शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में करीब चार दर्जन बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के नव मनोनीत उपाध्यक्ष निशान सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक विकास हेतु शतरंज एक बेहतरीन खेल है।अतः सभी बच्चों को निश्चित रूप से इस खेल को सीखने और खेलने का प्रयास करना चाहिए। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव सह कार्यक्रम के संयोजक कमल कर्मकार ने जानकारी दी कि सारे प्रतिभागियों को कुल 4 आयुवर्गों में बांटकर इस प्रतियोगिता को संपन्न किया गया। संघ के संयुक्त सचिव तथा कार्यक्रम के सहसंयोजक रोहन कुमार ने सूचित किया कि अंडर- 7 आयु वर्ग में आयुष राज चैंपियन बने। इसके अगले स्थानों पर मायरा रंजन, काव्या जैन, सार्थक आनंद, अनिमेष कुमार, नैतिक बोथरा, श्रीजय पाल, अयंतिका हालदार एवं अन्य ने जगह बनाई। वहीं अंडर-9 आयु वर्ग में हार्दिक प्रकाश ने बाजी मारी। जयब्रतो दत्ता,हिमांश जैन, सालेहा परवीन, रमित जैन ,ग्रंथ जैन एवं अन्य क्रमशः इनके पीछे-पीछे रहे। अंडर-11 आयु वर्ग में रित्विक मजूमदार ने शीर्ष स्थान पर पहुंचकर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया।

### किशनगंज के नए डीएम तुषार सिंगला ने संभाला पदभार, आला पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**अली रेजा सिद्दिकी, किशनगंज।** किशनगंज के पूर्व डीएम श्रीकांत शास्त्री का औरंगाबाद डीएम के पद पर तबादला हो गया। किशनगंज जिला के नये डीएम तुषार सिंगला बनाये गए हैं। और आज किशनगंज के नये डीएम तुषार सिंगला ने पदभार संभाल लिया है।ज्ञातव्य हो कि बिहार सरकार ने पिछले दिनों लगभग आधा दर्जन आईएएस अधिकारियों का तबादला किया था। जहां नये जिलाधिकारियों की तैनाती के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अन्य अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। बताया जाता है कि किशनगंज के पूर्व डीएम श्रीकांत शास्त्री को औरंगाबाद का डीएम बनाया गया है। और वित्त विभाग के संयुक्त सचिव तुषार सिंगला किशनगंज के नये डीएम बने हैं। बताते चलें कि किशनगंज के नये डीएम तुषार सिंगला साल 2014 में आईएएस अधिकारी बने थे। आईएएस अधिकारी बनने के लिए यूपीएससी की परिक्षा में उनका दुसरा प्रयास था और दुसरे प्रयास में उन्होंने शानदार सफलता प्राप्त किया था। बताया जाता है कि वह दिल्ली में ईलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे लेकिन आईएएस अफसर बनने के सपने को उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से पूरा किया। इनके किशनगंज के नये डीएम बनने से किशनगंज जिला वासियों में खूशी की लहर है और लोगों को उम्मीद है कि किशनगंज जिला के विकास में वह महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**आयोजन** महात्मा गांधी का विचार था की ग्रामोदय से ही भारत का उदय हो सकता है

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** संत कोलंबा महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर अवस्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विदित हो की संत कोलंबा महाविद्यालय के वीह्टले हाल में महात्मा गांधी ने हजारीबाग विद्यार्थियों एवं नागरिकों नागरिकों को उद्बोधन प्रस्तुत किए थे। इस प्रार्थना भी सभा की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल रेवन द्वारा किया गया। इस प्रार्थना सभा में मुख्य रूप से हजारीबाग जिला परिषद के अध्यक्ष माननीय उमेश मेहता जी एवं समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित हुए। सर्वप्रथम महात्मा गांधी के तस्वीर पर माला अर्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के पूर्व के बड़ा बाबू भिखो सिंह के अगुवाई में महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए जेपीर पराई जाने रे का सामूहिक गान किया गया। सभा का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयप्रकाश रविदास द्वारा किया गया। उन्होंने विषय प्रवेश करते हुए महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा परमो धर्मः एवं सर्वधर्म समभाव तथा ईश्वर सत्य है एवं सत्य ही ईश्वर है गांधी के सत्य के खोज विषय को बताते हुए विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों ,शिक्षकों से महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने का वहन किया, तथा यह बताया की महात्मा गांधी का विचार था की ग्रामोदय से ही भारत का उदय हो सकता है इसलिए अगर भारत का विकास करना है तो गांव को आर्थिक रूप से समृद्ध करना होगा ।अतः स्मार्ट सिटी की नहीं सर्वप्रथम स्मार्ट विलेज की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद के अध्यक्ष उमेश मेहता जी ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ-साथ यह आज द्वितीय प्रधानमंत्री सादगी के प्रति मूर्ति जय जवान जय किसान के नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन भी पूरा देश मना रहा है ।हमें और हमारे भारतीय नेताओं को उन महापुरुषों के सादगी सत्य और वास्तविक समाज सेवा व्यवहारिक जीवन में उतारने का आवाहन किया। केवल दिखावा नहीं किया जाना चाहिए। आज के नेताओं ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया ,सोशल मीडिया में जो अपना चरित्र प्रस्तुत करते हैं वह वास्तविक कोसों दूर होता है। महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर यह प्रण लेने की आवश्यकता है की गांधी के बताए विचार सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना है तभी भारत में आपसी और प्रेम भाव को बढ़ावा मिलेगा।

# पुरातत्व विकास मंच फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में बुल्स - 11 ने जीता टूर्नामेंट का खिताब



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** ओरिया की टीम को 3- 0 से किया पराजित खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता हैः मुख्य अतिथि हजारीबाग। पुरातत्व विकास मंच के बैनर तले फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच बुल्स -11 और ओरिया की टीमों के बीच सोमवार को खेला गया। ऐसे में बताना अहम यह होगा कि इस टूर्नामेंट का शुभारंभ विगत 16 सितंबर को बहुत ही भव्य रूप से किया गया था और सफलतापूर्वक लीग मैच खेले गए जिसमें कुल 32 टीमों ने भाग लिया जिसमें सभी टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और अंत में सेमीफाइनल के मुकाबले में बुल्स -11 और ओरिया की टीमों ने जीत हासिल कर टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जगह बनाई। टूर्नामेंट का सेमी फाइनल का पहला मैच बिरबिर और बुल्स -11 की टीम के बीच खेला गया जिसमें बुल्स - 11 की टीम 3 - 0 से विजेता घोषित हुई वहीं टूर्नामेंट का दूसरा सेमी फाइनल का मैच खुटरा और ओरिया टीम के बीच खेला गया जिसमें ओरिया की टीम 3 - 0 से विजेता घोषित हुई। इस रोमांचक और संघर्षपूर्ण फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में ओरिया की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बुल्स - 11की टीम ने ओरिया टीम को 3 - 0 से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच के विजेता बुल्स -11 टीम को 51000 रुपए राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया वहीं उपविजेता टीम को 30000 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया वहीं तीसरे और चौथा स्थान हासिल करने वाले बिरबिर टीम को 10000 रू. और खुटरा टीम को 5000 रू. देकर सम्मानित किया गया साथ ही टूर्नामेंट के बाकी खिलाड़ियों को भी मेडल देकर सम्मानित करने का काम किया गया और खेल प्रतिभा के क्षेत्र में हौसला अफजाई की गई। दर्शकों से खचाखच भरे इस फुटबॉल मैदान में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का मुजाहिरा करते हुए सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। इस मौके पर दर्शकों ने भी खिलाड़ियों की जमकर तालियां बजाकर हौसला अफजाई किया। टूर्नामेंट में उद्घोषक की भूमिका अनिल यादव और संचालन अनिल होरो ने किया। टुर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका अशोक कुमार, वकील राम, ललित उरांव, शशि कुमार दास, कार्तिक राम व बब्लू राम ने निभाई। टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। आपसी भाईचारा कायम करने में खेल बेहतरीन माध्यम है। इस मौके पर टुर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष सह गुरहेत मुखिया ने खिलाड़ियों का जोश और उत्साह को बढ़ाते हुए कहा कि खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए हमारे माध्यम से लगातार प्रयास किया जा रहे हैं इस मौके पर युवाओं के प्रति खेल को लेकर जोश और उत्साह की उन्होंने हौसला अफजाई करते हुए कहा कि हमारी ओर से खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए जितना भी प्रयास हो सकेगा किया जाएगा। सचिव शंभू केरकेट्टा ने कहा कि खेल से रोजगार के अवसर प्राप्त किये जा सकते हैं। बहेरी मुखिया पवन यादव ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि युवाओं के प्रति खेल को लेकर जो जोश और जज्बा इस मैदान में देखने को मिला निश्चित तौर पर इस क्षेत्र में खेल के प्रति लोगों का लगाव काफी रहा है ऐसे में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने की जरूरत है।

# खास ख़बर

### चोरी का मोबाइल बरामद एक गिरफ्तार

**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर।** रेलवे स्टेशन,सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी डीडीयू वह आरपीएफ पोस्ट दिलदारनगर कि संयुक्त टीम द्वारा एक अभियुक्त छटू कुमार बिहार निवासी को गिरफ्तार किया जिसके पास से पुलिस ने चोरी का तीन मोबाइल बरामद किया पकड़ा गया अभियुक्त ट्रेनों वह स्टेशन परिसर में यात्रियों के सम्मान की चोरी करता था।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### स्वच्छता को हमें अपने जीवन में अपनाना होगा,जो घर, आंगन तक ही सीमित न रहकर हमारे मन व कर्म मे भी हो:एसपी

**शुभ भास्कर, चंदौली।** दिन सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154 वीं जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा अनिल कुमार द्वारा पुलिस लाईन चन्दौली में ध्वजारोहण व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण करते हुए सलामी उपरांत सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र तथा उनके द्वारा दिखाये गये सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने,उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि स्वच्छता को हमें अपने जीवन में अपनाना होगा।जो घर, आंगन तक ही सीमित न रहकर हमारे मन व कर्म मे भी हो।गरीब व असहाय लोगों के प्रति उदारता एवं सहानुभूति के साथ उनका आदर सत्कार करें। ईश्वर नें हम सबको यह अवसर दिया है कि हम सब ऐसे सभी लोगों की सेवा कर सकें। यह वर्दी हम सबकी शान है और सदैव इसकी गरिमा को बरकरार रखना हम सबका प्रथम कर्तव्य है।हमें अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखते हुए पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से प्रत्येक व्यक्ति की सहायता व सहयोग करना है। ऐसे महान व्यक्तित्व का सपना तभी पूर्ण होगा जब हम सब शांति,अहिंसा,सत्य, समानता,महिलाओं के प्रति सम्मान जैसे आदर्शों पर चलेंगे।पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने एवं सत्यनिष्ठा के साथ कर्तव्य निर्वहन व सदैव की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अंगवस्त्र वितरित कर सम्मानित किया गया।जनपद के प्रत्येक थाना/कार्यालयों पर भी सम्बन्धित अधिकारी/प्रभारी द्वारा ध्वजारोहण व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण करते हुए हर्षोल्लास के साथ गांधी जयंती मनायी एवं शपथ दिलाई गई।

### सर्प दंश से महिला की मौत, परिजनों में मचा हाहाकार

**चहनियां चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के बलुआ गांव में सर्प दंश से 43 वर्सीय सुलेखा देवी की मौत हो गयी । परिजन उसे सकलडीहा से लेकर बीएचयू ले गये किन्तु डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । मृत की सूचना पर परिजनों में हाहाकार मच गया । बलुआ के रहने वाले राजेश साहनी का परिवार सोमवार की शाम को भोजन कर रात्रि में सो गये । पत्नी सुलेखा देवी बच्चो के साथ सो रही थी । रात्रि करीब 1 बजे सर्प ने काट लिया । रात में काटने के कारण वह उठकर पति को जगायी और कुछ काटने की अंदेशा जताई । काटे का निशान देख पति समझ गया । उसे लेकर तत्काल सकलडीहा स्थित एक निजी चिकित्सालय ले गये । जहां हालत गम्भीर देख डॉक्टर ने वाराणसी ले जाने की सलाह दी । परिजन उसे बीएचयू ले गये । जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । मृत की सूचना पर परिजनों में हाहाकार मच गया । इस संदर्भ में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 रितेश कुमार ने बताया कि यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सांप काटने की एंटीबायोटिक दवा उपलब्ध है । लोगो को सर्प काटने पर पहले यहां आना चाहिए । ताकि सर्प काटे मरीजों की जान बच सके ।

### चंदौली में कोयला लदी ट्रक बनी आग का गोला, अफरातफरी



**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे 19 पर एक चलती ट्रक आग का गोला बन गई. ट्रक से उठता धुंआ देख ड्राइवर वाहन को रोक कूद गया. सदर कोतवाली व पुलिस लाइन के ठीक समीप घटना होने के कारण मौके पर अफरा तफरी मच गई। हालांकि इंस्पेक्टर राजीव सिंह हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके साथ ही तत्काल अग्निशमन की गाड़ी भी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया.दरअसल सोमवार को 2 अक्टूबर के कार्यक्रम को लेकर पुलिस लाइन में सुबह से चहलकदमी शुरू हो गई थी इसी दौरान कोयला से भरा तिरपाल बंधा ट्रेलर वाराणसी से बिहार की तरफ जा रही थी. कोतवाली से चंद कदम पहले पहुंची थी कि अचानक केबिन से धुंआ निकलने लगा. ड्राइवर केबिन में आग लगने की स्थिति को भांप गाड़ी को अचानक रोक दिया. बरसात के कारण पीछे कोई गाड़ी नही थी. घबराहट में ड्राइवर कूद गया. तब तक ट्रेलर से आग की लपटें निकलने लगी थी. हालांकि इसकी जानकारी पुलिस को हो गयी. तत्काल फायर व सदर कोतवाली की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया.

# हाइवे पर जब बहने लगी शराब की धारा, मदिरा प्रेमियों की जीभ लपलपाई

**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली।** खबर जनपद चंदौली से है जहां सैयदराजा थाना द्वारा 56 मुकदमों में जब्त कुल तीस हजार लीटर की अवैध देशी,अंग्रेजी, कच्ची शराब व बीयर का न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट चंदौली के आदेश के अनुक्रम में विनिष्टिकरण देर शाम क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम सैयदराजा द्वारा कराया गया। इस दौरान बुलडोजर से शराब का विनिष्टिकरण कराया गया। बता दें कि विनिष्टिकरण कराई गई तीस हजार लीटर अवैध शराब की कुल अनुमानित कीमत एक करोड़ अस्सी लाख रूपए आंकी गई। विदित हो कि बिहार प्रांत में शराबबंदी के बाद चंदौली जिले के रास्ते अवैध शराब की तस्करी का गोरखधंधा तेजी से बढ़ा है। इस गोरखधंधे पर नकेल कसने को यूपी/बिहार बार्डर पर स्थित सैयदराजा थाना पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया गया। इसी क्रम में वर्ष 2022 से लेकर अभी तक जब्त शराब का न्यायाधीश मजिस्ट्रेट चंदौली के आदेश के अनुक्रम में आबकारी विभाग, अभियोजन अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह की उपस्थिति में विनिष्ट कराया गया। विनिष्टिकरण प्रक्रिया के दौरान हाइवे की सर्विस रोड पर उफनाई नदी की जलधारा की भांति सड़क पर शराब की धारा बह चली। हालांकि पुलिस टीम



की अनुपस्थिति के बाद भी मदिरा प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और उनकी जीभ लपलपाने लगी। इस बाबत अभियोजन अधिकारी मनीष मिश्रा ने बताया कि 56 अभियोगों में जब्त 30 हजार लीटर शराब और बीयर का विनिष्टिकरण न्यायाधीश के आदेश के बाद कराया गया। जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ अस्सी लाख के करीब है। वहीं क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह ने बताया कि एसपी चंदौली के निर्देशानुसार जनपद में माल निस्तारण का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सैयदराजा थाना द्वारा जब्त की गई 56 मामलों बरामद अवैध शराब जिसमें अंग्रेजी, बीयर, कच्ची शराब की कुल 30 हजार लीटर मात्रा का आज विनिष्टिकरण कराया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ से ज्यादा है। विनिष्टिकरण प्रक्रिया के दौरान सैयदराजा थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक शरद कुमार, लिपिक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार, सहायक लिपिक दीपू पटेल एवं हेड मोहर्रीर नितिन कुमार समेत पुलिस टीम उपस्थित रही।

## सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स में मनाया गया गाँधी जी का 154वाँ जन्मोत्सव

**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर, पड़ाव।** आज सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव कैंपस में 'गाँधी जयंती' राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया| उक्त कार्यक्रम का शुरंभ विशिष्ट प्रार्थना सभा के माध्यम से किया गया सर्वप्रथम विद्यालय के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी वृंद द्वारा गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन समर्पित कर किया गया | इसी क्रम में समस्त विद्यालय परिवार गाँधी जी का प्रिय गीत 'रघुपति राघव राजा राम' गायन कर गाँधी जी को स्मरण किया | कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा 3 एवं 4 के बच्चों गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की झाँकी प्रस्तुत की तो इसी क्रम में कक्षा आठवीं के बच्चों ने राष्ट्रयिता मेरे बापू" का नाट्य मंचन किया तो कक्षा तीसरी के बच्चों ने देशभक्ति समूह गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी कक्षा चार के विद्यार्थी ने समूह नृत्य की मनोरम प्रस्तुति देकर सभी को आनंद विभोर कर दिया | कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गाँधी जी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी को भी प्रस्तुत किया |कार्यक्रम के मध्य विद्यालय की निदेशिका श्रीमती मंजु बुधिया जी ने अपने प्रेरणास्पद विचारों से



सभी को अभिसिंचित करते हुए कहा कि गाँधी जी एक विलक्षण व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे वे असाधारण बुद्धि और सिद्धांतो वाले व्यक्ति थे , गाँधी जी का सम्पूर्ण जीवन और शिक्षाएँ हम सभी को और विशेषकर छात्रों के प्रेरित करती हैं | वहीँ कक्षा तीन के छात्र ने भी अपने विचारों को साझा किया और राष्ट्रपिता एवं अपने राष्ट्र के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित किया |इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन दीपक बजाज जी प्रबंध निदेशक मनोज बजाज जी, निदेशक श्याम सुंदर बजाज जी, निदेशिका श्रीमती मंजु बुधिया जी, समस्त शिक्षक वृंद एवं बच्चों की गरिमापूर्ण उपस्थिति थी कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना जी दिया | कार्यक्रम का संचालन कक्षा तीन के छात्र दर्शिका एवं आरुष ने किया |

## स्वस्थ रहने हेतू स्वच्छता है ज़रूरी: अक्षय



**चन्दौली/डीडीयू नगर।** स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान रेलवे के विभिन्न परिसर में कार्यरत मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षको के द्वारा श्रम दान किया गया, सम्पूर्ण भारत में एक ही समय 10 बजे सभी विभागों के द्वारा स्टेशन परिसर, और अन्य जगह सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें स्टेशन परिसर के सर्कुलेटिंग एरिया, हाल, फुट ओवर ब्रिज, पिल ग्रिम एरिया, पौंड एरिया, और सभी प्लेटफॉर्म में विभिन्न एरिया में स्वच्छता पखवाड़ा में श्रम दान किया। श्रम दान में राम कृष्ण महिला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डीडीयू नगर, न्यू ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन डीडीयू नगर, पिता संस्था के पदाधिकारियों ने अपना श्रम दान किया। डीडीयू स्टेशन परिसर में तैनात मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रभारी अभिषेक यादव,अक्षय कुमार, राहुल कुमार,ज्योतिष प्रकाश, कौशल यादव, महेश कुमार, शांतनु आनंद, एवम कार्यालय सहायक शशि भूषण सिंह, शतीष जिंदल, शरद मिश्रा, सुधीर भास्कर राव पाण्डेय, सतनाम सिंह, प्रवीर, राजेश, रीना, मनोज पाठक,सुरेश अकेला, विजय प्रताप,रंजीत के सहित उक्त कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा बल के जवान उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य मेला के लिए पीएचसी का किया निरीक्षण

**चहनियां चंदौली।** चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मंगलवार को होने वाले स्वास्थ्य मेला का निरीक्षण सोमवार को ब्लाक प्रमुख अरुण जायसवाल व न्यायिक मजिस्ट्रेट /खण्ड विकास अधिकारी दिव्या ओझा ने किया । मेले को भव्य करने के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारी से वार्ता किया । परिसर को साफ स्वच्छ करने के लिए सफाई कर्मियों को निर्देश दिया । चन्दौली जनपद के अति पिछड़ा ब्लाक चहनियां में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भव्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है । जिसमे डॉक्टरों द्वारा पैथोलॉजी,सुगर,हार्टअटैक,टीबी,लीप्रोसी,गर्भवती महिलाओं



की जांच,आंखों की जांच,आयुष्मान कार्ड आदि की जांच की जायेगी । शासन द्वारा चिन्हित चहनियां में इसे भव्य करने की तैयारी सोमवार से की जा रही है । पीएचसी पर ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल व न्यायिक मजिस्ट्रेट/खण्ड विकास अधिकारी दिब्या ओझा ने स्वास्थ्य मेला की तैयारियों का जायजा लिया । वही दोनो लोग इस मेले के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 रितेश कुमार से वार्ता किया । ब्लाक प्रमुख ने कहा कि सरकार द्वारा लोगो को लाभ दिलाने के लिए इस तरह का आयोजन लगातार किया जा रहा है । इसमे किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नही होनी चाहिए । खण्ड विकास अधिकारी ने परिसर को और स्वच्छ करने के लिए सफाई कर्मियों को निर्देशित किया । प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 रितेश कुमार ने स्वास्थ्य मेले का लाभ लेने के लिए लोगो से अपील किया । इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी आनन्द यादव,राजन सिंह,वरिष्ठ फार्मासिस्ट मुकेश सिंह,रोशन आरा आदि उपस्थित थे ।

### राष्ट्रपति महात्मा गांधी और लालबहादूर शास्त्री देश के आदर्श

**सकलडीहा।** 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर विभिन्न सरकारी कार्यालय और शिक्षण संस्थानों पर श्रमदान और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांधी विचार सत्य अहिंसा एवं स्वच्छता पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। सकलडीहा तहसील मुख्यालय पर एसडीएम मनोज पाठक और तहसीलदार विकास धर दूबे के नेतृत्व में गोष्ठी का आयोजन हुआ। उनके विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वही सकलडीहा पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर विचार प्रकट किया। इसके पूर्व ब्लॉक मुख्यालय बीडीओ केके सिंह और ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने उनके आदर्श पर चलने का संकल्प दोहराया। वही डायट परिसर में प्राचार्य डा. माया सिंह, सकलडीहा इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य डा. एस के लाल, बीईओ अवधेश राय, सीओ राजेश कुमार राय कार्यालय पर जयंती पर सत्य अहिंसा और स्वचछता पर विचार प्रकट किया। अंत में विभिन्न शिक्षण संस्थान और सरकारी कार्यालय पर श्रमदान किया गया। इस मौके पर तहसीलदार विकासधर दूबे, नायब तहसीलदार अमित सिंह,आरिफ अहमद, सीडीपीओ अवधेश सिंह,डा. यज्ञनाथ पांडेय, डा. अनिल तिवारी, प्रोफेसर उदय शंकर झा, डॉ दयाशंकर सिंह,डा इंद्रदेव सिंह, डॉ संदीप सिंह ,डॉक्टर एमपी सिंह, डॉ राजेश यादव ,डॉक्टर इंद्रजीत सिंह, डॉक्टर जितेंद्र सिंह, डॉ अनिल तिवारी ,डॉ अभय कुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### स्वच्छ और सुंदर भारत बनाने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**सकलडीहा।** गांधी जंयती पर सोमवार को अमर ज्योति सेवा केन्द्र के तत्वाधान में मधुबन और बहोरिकपुर गांव में स्वच्छ एवं सुंदर भारत बनाने का ग्रामीणों ने संकल्प लिया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव के निर्देश में सीएचसी से लेकर स्वास्थ्य केन्द्र सहित गांवों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सीपीएम शाहिद आलम अंसारी ने स्वच्छता कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य के बेहतर होने पर विस्तार से जानकारी दिया। अंत में बनवासी बस्ती में स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनवाने के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक दयाल सिंह यादव, मुकेश प्रसाद,ग्राम प्रधान उर्मिला पांडेय,कोऑर्डिनेटर सुजीत कुमार, राम प्रकाश पांडेय,रीता पांडे ,हीरावती देवी, चंदा देवी ,हंसा देवी,विनीता देवी, रतन आदि मौजूद रहे।

### फौदी इंटर कालेज में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती



**चकिया चंदौली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154 वी जयंती पर फौदी इंटर कॉलेज नरसिंहपुर कला में धूम धाम से मनाई गई 154 वी जयंती । विद्यालय प्रबंधक द्वारा ध्वजारोहण किया गया । एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। छात्र छात्राओं ने लोक संगीत से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। तिमाही परीक्षा में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया । प्रबंधक अवधेश यादव ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर चलते थे । हम सबको भी सत्य की राह पर चलना चाहिए। सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नही होता है। आगे कहा की स्वच्छता को हम सबको अपने जीवन में उतारना होगा। अपने घरों के आस पास कूड़ा करकट इकठ्ठा ना होने दे । अपने घरों के आस पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे। उपस्थित अवधेश यादव, शिक्षकगण मंजू देवी, राजकुमार प्रसाद, दिलीप प्रसाद, जानकी , रुचि , नीतू कुमारी, चदनी इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रोहित तिवारी ने किया।

### विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निकाली गई रैली



**पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, सचिन पटेल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रेलवे स्टेशन कोर्ट जीआरपी के साथ स्वच्छता जागरूकता अभियान रैली निकाल कर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें जीआरपी और जीआरपी कोर्ट के कर्मचारी तथा अन्य लोगों का बहुत सहयोग मिला कार्यक्रम को संपन्न बहुत ही हर्ष से किया गया जिसमें उपस्थित श्रवण कुमार, सोमारू, अनिल , किरन,नेहा, पूजा, दूजा, दीपक ,मनोज ,अरविंद ,राम आशीष व सफाई कर्मियों द्वारा स्वच्छता अभियान को सफल बनाया गया।

पुरस्कृत | चंदौली एसपी ने रक्तदान कर पेश की मिशाल, नई पहल की शुरुआत

## यदि करनी हो जनसेवा, रक्तदान ही है उत्तम सेवा : एसपी

**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली।** चंदौली से है जहां एसपी डा अनिल कुमार ने गांधी जयंती के अवसर पर मानवता की एक नई मिशाल पेश की है, खुद रक्तदान कर एक नई पहल का आगाज भी किया है। कहावत सही है जाके पांव न परे बेवाई वो का जाने पीर पराई इस दोहे का अर्थ खून के महत्व पर सटीक बैठता है। खून की कीमत सिर्फ वही समझ सकता है जो उसकी कमी या जरूरत से गुजरा हो। इसी का महत्व समझाने और आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार के निर्देशन में चन्दौली पुलिस द्वारा जन सेवा के उद्देश्य से स्वैच्छिक रक्तदान की एक नई पहल शुरू की गई है। इसके तहत चन्दौली पुलिस द्वारा प्रत्येक माह में एक दिन जनपद के अलग-अलग सर्किल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। गांधी जयंती के अवसर पर शुरू हुए अभियान का पहला शिविर क्षेत्राधिकारी कार्यालय पीडीडीयू नगर में आयोजित हुआ। जिसमे पुलिस अधीक्षक



चन्दौली डा0 अनिल कुमार, उपजिलाधिकारी पीडीडीयू नगर, क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर, क्षेत्राधिकारी क्राइम/लाइन, प्रभारी निरीक्षक बबुरी, थानाध्यक्ष महिला थाना, उ0नि0 व आरक्षीगण, विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक एवं समाचार पत्रों के पत्रकार बंधु, समाजसेवी, काफी संख्या में नवयुवक/जागरूक व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया/किया जा रहा है। समस्त रक्तदाताओं को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति-पत्र तथा पुलिस कर्मियों को इसके साथ ही एक दिवस का रिवार्ड लिव दिया जा रहा।शिविर का उद्घाटन करते हुए पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कहा कि रक्तदान मानव जीवन की रक्षा में सहायक होता है। यह एक पुण्य का कार्य है। रक्तदान एक ऐसा महादान है, जिससे किसी को नया जीवन मिल सकता है। समाज के एक जागरुक और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को रक्तदान करना चाहिए। नियमित रूप से रक्तदान करने से शरीर में संचित आयरन की मात्रा में कमी आती है। जिससे हार्ट अटैक का जोखिम कम होता है साथ ही शरीर में नई कोशिकाएं बनने में मदद मिलती है। रक्तदान करने के 48 घंटे के भीतर शरीर बोनमैरो के साथ मिलकर नया रक्त पुनः बना लेती है। हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से किसी को नया जीवन मिल सकता है। सड़क दुर्घटना के साथ ही अन्य घटनाओं में घायल मरीज हो या फिर गर्भवती महिलायें और हीमोफीलिया, थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चें। इनको खून की जरूरत होती है। सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है, जब इलाज के दौरान समय पर खून नहीं मिल पाता है।

## प्राथमिक विद्यालय ड्योढ़ा में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती, दिया गया स्वछता सन्देश

**चहनियाँ चंदौली।** विकास खंड चहनियाँ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ड्योढ़ा मे सोमवार कों राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूम धाम से मनाई गई 1 प्रधानाध्यापक फ़ैयाज़ अहमद ने बताया की स्वछता पखवाढ़ा के प्रथम दिन स्वछता जागरूकता रैली निकाल कर लोगो कों जागरूक किया गया ततत्पश्चात झंडा रोहण किया गया उसके उपरांत बच्चों दवारा स्वछता पर कहानी चित्रकारी तथा नाटक प्रस्तुत किया गया उसके उपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गंगी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला गया प्रधानाध्यापक फ़ैयाज़ अहमद ने कहा की गाँधी जी सत्य व अहिंसा के पुजारी के रूप में विश्व विख्यात थे गाँधी जी कों पूरी दुनिया उनके



आदर्शो और विचारों कों जानने और समझने मे लगे हैं और अपने जीवन मे आत्मसात कर रहे है 1 गाँधी जी सादगी के मिसाल थे गाँधी जी के आदर्श नैतिक वाक्य था, सदा जीवन उच्च विचार 1 गोलमेज सम्मलेन के लिए जब गाँधी जी लन्दन गए तो उन्हें अपनी धोती वाले पोशाक से जरा भी झिझक नहीं हुई धोती पहने और वोढ़े ब्रितानी राज सत्ता के सबसे ताकतवरों के सामने प्रवेश कर गए किसी की हिम्मत नहीं पड़ी की कह सके की आप इस तरह के ड्रेस पहनकर मीटिंग मे नहीं आसकते गाँधी जी उस समय गुलाम भारत के होते हुए भी दुनिया के लिए 20वीं सादी के प्रकाश स्तम्भ थे हम सभी कों यह संकल्प लेना होगा की उनके आदर्शो पर चलकर उनकी मीठी जुबान, सद्भाव व सहयोग की भावना, संवेदनशीलता, सहानुभूति, हम सभी अपने जीवन मे आत्मसात करें गाँधी जी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। वहीं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री मंत्री लाल बहौर शास्त्री देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था शास्त्री जी ने भी स्वतंत्रता आंदोलन मे सक्रिय भूमिका निभाई थीउन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था 1

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।